WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 94 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे की सगाई से लेकर शादी तक में जो रौनक रही। उसे लेकर सोशल मीडिया पर तरह -तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। यह स्वाभाविक भी है। ऐसी शादी होती ही कितनी हैं? जो लोग इस शादी पर हुए भारी भरकम खर्च को लेकर नाक -भौं सिकोड़ रहे हैं। वे खुद अपने बेटे -बेटियों की शादी में अपनी औकात से ज्यादा खर्च करते हैं। मजे की बात तो यह है कि अंबानी को पानी पी -पी कर कोसने वाले विपक्षी नेता भी वहां सपरिवार जीमने के लिए पहुंचे। अब किस मुंह से वे अंबानी को गरियाएंगे?

बड़े रिफॉर्म के मूड में सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार आने वाले दिनों में टेलीकॉम सेक्टर में बड़े रिफॉर्म की तैयारी करने जा रही है। इसके लिए सरकार ने एक महत्वपूर्ण कमेटी का भी गठन कर दिया है। इसमें टेलीकॉम सेक्टर के कई अहम दिग्गज शामिल है। अगले कुछ दिनों में इस कमेटी की बैठक होने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यभार संभालने के बाद ही टेलीकॉम सेक्टर में बड़े रिफॉर्म करने की तैयारियों में जुट गए है।

शिव भक्तों के लिए खुशखबरी

भोपाल। बाबा विश्वनाथ से महाकाल के द्वार तक की यात्रा अब और सुगम होने जा रही है। भारतीय रेलवे ने आगामी श्रावण मास को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वाराणसी से उज्जैन के लिए जाने वाली ट्रेन नंबर 20415/20416 वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 20413/20414 काशी महाकाल वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में चार जनरल बोगी की सुविधा बढ़ाई गई है। लंबे समय से यात्री इसकी डिमांड कर रहे थे।

सीआईसी को पीठ गठित करने का अधिकार

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत का कहना है कि केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) को अपनी पीठ गठित करने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अपने कामों के निपटारे के लिए सीआईसी की स्वायत्तता बेहद जरूरी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा था कि प्रशासनिक निकायों की स्वतंत्रता इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभा सकें।

सीबीआई-ईडी को नहीं बनाए हथियार

बैंगलुरू। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय एजेंसियां जैसे सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को राजनीतिक हथियार नहीं बनना चाहिए। बता दें कि कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को धन शोधन मामले में ईडी ने हाल ही में गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय ने 12 जुलाई को महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में जांच और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। बता दें कि ईडी ने मामले में 11 जुलाई को कर्नाटक समेत चार राज्यों में छापेमारी की थी।

भाजपा विधायक कांग्रेस में जाना चाहते हैं

गुवाहटी। असम में भाजपा के कई विधायक कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं, दरअसल कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने ये दावा किया है। उनका कहना है कि राज्य में भाजपा के कई विधायकों ने उनसे और उनके वरिष्ठ नेताओं से संपर्क किया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कुछ भाजपा नेताओं को शामिल करने के खिलाफ है, जो पहले पार्टी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं।

32 करोड़ की नशीली गोली पकड़ाई

आइजोल। मिजोरम पुलिस ने खवजोल शहर से नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप में 32 करोड़ रुपये की कीमत की मेथमफेटामाइन की दस लाख से ज्यादा गोलियां बरामद कीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मेथमफेटामाइन की गोलियों की भारी खेप की आवाजाही के बारे में सूचना मिली थी।

संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लौटाई सप्ताहभर में बच्ची की खुशी

बच्चों के साथ खेलते-खेलते पांच साल की नूतन की आंख हो गई थी डैमेज

छत्तीसगढ़ की सरकार के प्रथम जनदर्शन में मिला बड़ा सहारा

नीरज उपाध्याय

रायपुर/नवप्रदेश। शरीर का हर अंग प्रकृति से निर्मित है। मां के पेट में पंच तत्वों से नौ महीने में तैयार होने वाले इस शरीर का हर अंग प्रकृति द्वारा निर्धारित समय पर ही विकसित होता है और फिर दिन-दुनिया के लायक यह शरीर सोचता, समझता और देखता है।
...मगर दुर्घटनावश इस शरीर को चोट लगती रहती है और प्रकृति के पंच तत्वों से निर्मित यह शरीर स्वयं से उसकी मरम्मत करते रहता है, ..पर कभी ऐसा भी होता है कि शरीर को बड़ा और घातक आघार लग जाए, चोटिल हो जाए तब कभी ऐसा भी समय आता है कि चिकित्सकीय प्रयास भी फेल साबित हो जाते हैं। ऐसे में सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि आगे क्या होगा.. जीवन कैसे गुजारा जाए...
अगर आंख जैसी संवेदनशील अंग हो.. जो डैमेज हो जाए.. तो इंसान की पूरी दुनिया ही अंधकारमय हो जाती है.. ऐसे मामले में उपर वाले की कृपा हुई और बड़ा चमत्कार हो जाए... कि पीड़ित को कोई बड़ा सहारा मिल जाए और उनका जीवन संवर जाए...
जी.. हां ऐसे ही एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दूसरे जनदर्शन में बच्ची नूतन को देख खुश हो गए सीएम साय

केवल सप्ताहभर के अंदर इलाज के बाद बच्ची की दोनों आंखें पहले जैसी दिखने लगीं। खुशी के साथ जब पिता काशीराम ठाकुर बेटी नूतन को लेकर दूसरे जनर्शन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे तो सीएम विष्णुदेव साय बच्ची को देखकर खुश हो गए। मुख्यमंत्री ने पास बुलाकर बच्ची नूतन को दुलार करते हुए पहले नाम पूछा और नूतन से कहा अच्छे से पढ़ाई करना। इस दौरान नूतन ने मुख्यमंत्री साय को बाल सुलभ सहजता से गुलाब का फूल भेंट किया, तो वे भावुक हो गए। इस दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डैमेज की जगह फिट हो जाती है यह आंख : रंजना बिस्वाल

बच्ची नूतन की कृत्रिम आंख तैयार करने वाली, उसमें आत्मविश्वास भरने वाली रायपुर की अक्यूलॉरिस्ट रंजना बिस्वाल ने इस बारे में जानकारी दी। रंजना ने बताया कि हम आर्ट आईस में कस्टम मेड के तहत मरीज की आंख की माप लेकर कृत्रिम आंख तैयार करते हैं, जिससे यह पूरी तरह डैमेज आंख की जगह फिट हो जाती है और दूसरी आंख से हूबहू मिलती है। इसे कोई भी कृत्रिम नहीं कह सकता। यह जिस तत्व से तैयार होता है वह नुकसान नहीं करता। आंख में फिट होने के बाद आरामदायक होती है। अक्यूलॉरिस्ट बिस्वाल ने बताया कि रेडिमेड बनी आंख आरामदायक नहीं होती। इसे बार-बार सफाई करनी पड़ती है।
..तो फिर जीवन में भर जाता है आत्मविश्वास, उत्साह.. उमंग..
आंख शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उपचुनाव में गठबंधन का बेहतर प्रदर्शन

उपचुनाव में एनडीए पर भारी पड़ा इंडी गठबंधन, 13 में से 10 सीटें जीतीं, दो पर भाजपा

नई दिल्ली। सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर एनडीए बनाम इंडी गठबंधन की लड़ाई देखने को मिली, लेकिन इस बार इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा और विपक्षी गठबंधन ने 10 सीटों पर कब्जा जमाया। भाजपा को उपचुनाव में सिर्फ दो सीटों पर जीत से संतोष करना पड़ा। बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। उपचुनाव के नतीजों में इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा है। अभी तक के नतीजों में इंडी गठबंधन ने उपचुनाव वाली 13 सीटों में से आठ पर जीत दर्ज कर ली है और दो सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार आगे हैं। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट और मध्य प्रदेश की अमरगढ़ सीट पर ही भाजपा को जीत मिली है। वहीं बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है।

उत्तराखंड में भाजपा को झटका

उत्तराखंड की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत बुटोला ने जीत दर्ज की हैं। वहीं मंगलौर सीट पर भी कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन आगे हैं। हालांकि मंगलौर सीट पर कड़ा मुकाबला है और भाजपा उम्मीदवार करतार सिंह भड़ाना भी कांग्रेस उम्मीदवार से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि बदरीनाथ सीट पर विधानसभा चुनाव में राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन बाद में वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इन उपचुनाव में राजेंद्र भंडारी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में थे, लेकिन जनता ने उन्हें इस बार नकार दिया।

तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर डीएमके आगे

तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर हुए उपचुनाव में पर डीएमके उम्मीदवार अन्नीयूर शिवा आगे चल रहे हैं। डीएमके उम्मीदवार ने निर्णायक बढ़त बनाई हुई है और वह करीब 40 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये तो बस शुरुआत है : पवन खेड़ा

7 प्रदेशों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की लड़ाई देखने को मिली। इस बीच कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया कि यह एक ऐसा ट्रेंड है जो लोकसभा चुनाव से शुरू हुआ और आगे बढ़ रहा है. ऐसे में बीजेपी आने वाले सभी चुनाव हारती रहेगी। हमारे लिए यह ट्रेंड 2014 में शुरू हुआ था। न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि इसके बाद से हम कई चुनाव हारे और अब बीजेपी भी उसी दौर से गुजरेगी। दरअसल, इस हफ्ते की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं।

अयोध्या में गूंजा, छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय श्री राम, जय श्री राम

शुभ घड़ी आई, साय कैबिनेट ने अयोध्या धाम में किए श्रीरामलला के दर्शन

रायपुर//नवप्रदेश। अयोध्या धाम में पवित्र राम जन्मभूमि में श्री रामलला के दर्शन के लिए जैसे ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके कैबिनेट के सहयोगी पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर में नारा गूंज उठा। छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय श्री राम, जय श्री राम। इस तरह पूरा परिसर राम भक्ति के माहौल में, ननिहाल से आए भक्तों की स्नेह सिक्त वाणी से गुंजायमान हो गया। जिस तरह माता शबरी की शिवरीनारायण में भगवान श्री राम के पुण्य दर्शन की इच्छा पूरी हुई थी। वही साध ननिहाल के हर राम भक्त को होती है। उसी तरह मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनकी कैबिनेट की भी रामलला के दर्शन की इच्छा आज पूरी हो गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित उनके कैबिनेट के सदस्यों ने आज अयोध्या धाम पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भाँचा राम के ननिहाल का उपहार भी प्रभु के चरणों में अर्पित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से शबरी माता की भूमि शिवरीनारायण से बेर तथा पवित्र जल, विष्णु भोग का चावल, अनारसा, करी लड्डू तथा कोसे के वस्त्र प्रभु को अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर प्रभु श्री राम से छत्तीसगढ़ के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग पूरी कैबिनेट के साथ श्री रामलला के दर्शन के लिए आज अयोध्या धाम आए। भगवान श्रीराम हमारे छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। भांचा राम के दर्शन के लिए हम लोग बहुत उत्सुक थे। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से वो शुभ घड़ी आ गई है जब हम लोगों को अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने अयोध्या धाम जाने का निर्णय लिया तो सोचा कि जब अपने भांजे के दर्शन के लिए जाएंगे तो उनके लिए ननिहाल की तरफ से क्या उपहार लेकर जाएं। फिर विचार आया कि इससे अच्छा उपहार भगवान श्रीराम के लिए क्या हो सकता है कि हम उस पवित्र भूमि शिवरीनारायण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कारोबारी के दफ्तर में दिनदहाड़े की फायरिंग

बाइक छोड़ ऑटो में कपडे बदलते हुए कैमरे में कैद हुई तस्वीर पुलिस तलाश में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां कारोबारी प्रशांत अग्रवाल के ऑफिस के बाहर गोली चल गई। बताया जा रहा है कि अमन साहू गैंग के शूटरों ने गोली चलाई है। घटना शनिवार सुबह लगभग ११ बजे की है। हालांकि गोलीकांड में कोई हताहत नहीं हुआ है। कोयला कारोबारी सुरक्षित है। इस घटना के बाद रायपुर पुलिस अलर्ट हो गई और पूरे शहर में नाकेबंदी कर शूटरों की तलाश शुरू कर दी । पुलिस के हाथ कुछ सीसीटीवी फुटेज भी लगे हैं जिसके आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

बाइक सवार शूटरों ने की हवाई फायरिंग

रायपुर में एक बार फिर अमन साहू गैंग सक्रिय

इस घटना के बारे में रायपुर एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि रायपुर के थाना तेलीबांधा अंतर्गत पचपेड़ीनाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड में एक कारोबारी के ऑफिस के सामने दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति हवाई फायर करते हुए दिखाई दिए। रायपुर एएसपी पटले ने कहा, इससे पहले रायपुर पुलिस ने इसी प्रकार के झारखंड के एक गैंग को रायपुर में घटना को अंजाम देने से पूर्व पकड़ा था। इस घटना में भी इसी गैंग पर शक है। फिलहाल शहर में नाकेबंदी कर शूटरों की तलाश की जा रही है।

अमन साहू गैंग के चार शूटर हुए थे गिरफ्तार

बतादें कि इससे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने प्रदेश के दो कारोबारियों की हत्या करने आए अमन साहू गैंग के चार शूटरों को गिरफ्तार किया था। ये शूटर कोयला कारोबारियों से वसूली करते थे। किसी कोयला कारोबारी द्वारा वसूली राशि देने से मना करने पर ये सभी शूटर उसकी हत्या करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दोनों तरफ से चली गोलियां

कारोबारी को डराने आए शूटरों ने उसकी मर्सिडीज़ कार में तीन गोलियां दागीं लेकिन उनकी गन ने अचानक धोका दे दिया। वहीँ दूसरी ओर से कारोबारी के सुरक्षा कर्मियों ने भी हवाई फायरिंग करते हुए दोनों हमलावरों को कुछ दूर तक दौड़ाया। जिस वक्त हमलावर कारोबारी की गाडी इ गोलियां दाग रहे थे उस दौरान कारोबारी तो गाडी में मौजूद नहीं था लेकिन उनका ड्राइवर कार में बैठा हुआ था।

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सोनिया गांधी से की मुलाकात

बोले- न्यायपालिका को अपमानित कर रही भाजपा

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने शनिवार को दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की। मनी लॉड्रिंग मामले में जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद सोरेन पहली बार सोनिया से मिलने पहुंचे। सोरेन ने कहा कि भाजपा न्यायपालिका को अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि जेल से आने के बाद सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। इसलिए मिलने आया हूं। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा चल रही है। भाजपा के संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के सवाल पर सोरेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत सहनशील और सहयोगी होते हैं। वह बहुत सहते हैं और जब वे बर्दाश्त नहीं कर पाते तो वोट के जरिये अपनी बात रखते हैं। अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि केजरीवाल को जल्द जमानत मिल जाएगी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री व झामुमो नेता हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हाईकोर्ट ने 28 जून को सोरेन को जमानत दी थी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सोरेन ने 4 जुलाई को फिर से सीएम पद की शपथ ली। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दलील दी थी कि अगर सोरेन को जमानत पर रिहा किया गया तो वह इसी तरह का अपराध कर सकते हैं और उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

साक्षात्कार

छत्तीसगढ़ से रणजी में पहला शतक लगाने का रिकॉर्ड आशुतोष के नाम दर्ज

क्रिकेट में कोई शार्टकट नहीं, मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से टीम में बना सकते हैं जगह

मेहनत-त्याग-तपस्या और समर्पण क्रिकेट का मूल मंत्र : आशुतोष

नितेश छाबड़ा
संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के टॉप स्कोरर एवं सरगुजा टाइगर्स की टीम के कप्तान रहे आशुतोष सिंह छत्तीसगढ़ की टीम के प्रमुख बल्लेबाज़ों में से एक है 2016 में छत्तीसगढ़ की टीम के पहले रणजी मैच में आशुतोष ने टीम में पदार्पण किया था और उस मैच में छत्तीसगढ़ से पहला रणजी शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज है । वे छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर से आते है और उन्होंने क्रिकेटिंग जगत में अपने शहर का नाम रोशन किया है ।
वर्तमान में सम्पन्न हुई सीसीपीएल में उनकी अच्छी बल्लेबाज़ी एवं कुशल कप्तानी से टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था । नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा ने उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत की। पेश है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश -

सवाल - आपकी क्रिकेट की शुरुआत किस तरह हुई ?

जवाब- मेरी क्रिकेट की शुरुआत मेरे घरेलू शहर अम्बिकापुर से हुई,स्कूल में मैंने क्रिकेट की बारीकियों को सिखा, फिर मेरा चयन पहले स्कूल की टीम में हुआ उसके बाद स्कूल स्तर पर सरगुजा जिले की टीम फिर राज्य की टीम में भी मेरा चयन हुआ । इस दौरान मैंने राज्य की टीम की कप्तानी भी की । 14 वर्ष की उम्र में मध्यप्रदेश की अंडर 16 टीम में मेरा चयन हुआ । शुरुआती दिनों में स्कूल में आनंद तिलवार कोच थे जिनसे मैंने क्रिकेट का बेसिक एवं अनुशासन सीखा और स्कूल के दिनों में हमारे शिक्षक मेरे भैया का योगदान रहा।

सवाल - 2016 में छत्तीसगढ़ की रणजी की शुरुआत होती है मोहम्मद कैफ की कप्तानी में और आपने पहले ही मैच में शतक बनाया उस पर आपका अनुभव बताएं।

जवाब - सन 2015 में मैं मध्यप्रदेश की रणजी टीम में था पर मुझे प्लेइंग 11 में खेलने नहीं मिला था । 2016 में छत्तीसगढ़ को जब पूर्ण मान्यता मिली तो मैंने अपने राज्य को चुना। टीम में मोहम्मद कैफ को कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था, जो हमारे लिए बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सवाल :- आप शुरुआत से ही बल्लेबाज़ बनना चाहते थे या गेंदबाजी भी करते थे?

जवाबः- शुरुआत से ही मुझे बैटिंग का ही शौंक था पापा ने मुझे प्लास्टिक बॉल और बैट लाकर दिया था तो मैं खुद से बॉल फेंककर बल्लेबाज़ी की प्रैक्टिस करता था, गेंदबाजी में पार्ट टाइम ऑफ स्पिन करता था पर बल्लेबाजी करना मुझे बहुत पसंद था और शुरुआत से ही मैं बल्लेबाज ही बनना चाहता था।

भूस्खलन में बही दो बसों के 6 भारतीय समेत 50 लापता

■ एक का शव बरामद, बचाव में लगे 500 सुरक्षाकर्मी

काठमांडू। नेपाल में भूस्खलन में दो यात्री बसों के बहने के बाद से नेपाल के सुरक्षा बलों खोजखोज बचावकार्य में लग गए हैं। शनिवार को 50 से अधिक लोगों की तलाश शुरू की गई है। इनमें 7 भारतीय भी शामिल हैं। हालांकि एक भारतीय का शव बरामद किया जा चुका है। चितवन जिले में नारायण घाट- मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल क्षेत्र में भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में दो बस बह गई थीं। 50 लोगों के लिए बचाव कार्य में लगभग 500 सुरक्षाकर्मी लगे हैं।

भारी बारिश के कारण नेपाल में भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण दो बसें नदी में बह गईं। बीरगंज से काठमांडू की ओर जा रही एक बस में सात भारतीय नागरिकों सहित 24 लोग सवार थे और काठमांडू से गौर जा रही एक अन्य बस में 30 स्थानीय लोग सवार थे। नेपाल पुलिस ने बताया कि बस में सवार तीन लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। नेपाल पुलिस के अनुसार अभी भी लगभग 51 लोग लापता हैं। उनकी अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। नेपाल के सुरक्षा बलों के गोताखोरों की मदद से बचावकर्मियों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। नेपाल पुलिस के अनुसार, तलाशी अभियान को फिर से शुरू करने के लिए नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस कर्मियों के साथ-साथ गोताखोरों को भी लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी के अनुसार तलाशी अभियान में 500 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल हैं।

नेपाल में बचावकर्मियों ने शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक का शव बरामद किया। पहला शव दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारत के ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत से आधा ढका हुआ मिला, उसके पास एक भारतीय पहचान पत्र था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को तलाशी अभियान रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि रात में पानी का बहाव तेज था साथ ही वहां बहुत कीचड़ था, ऐसे में बचाव कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। शनिवार सुबह 8 बजे तलाशी अभियान फिर से शुरू हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सभी संभावित स्थानों की तलाशी होगी, हम तलाशी और बचाव की हरसंभव कोशिश करेंगे।'

इन भारतीयों की तलाश जारी

अन्य लापता भारतीय नागरिकों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेन्द्र साह, आदित मियां, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। नेपाल के सुरक्षा बलों के गोताखोरों की सहायता से बचाव दल ने शनिवार को लापता व्यक्तियों की तलाश फिर स ` शुरू की।

बढ़ रही हैं मौसम की घटनाएं

बता दें कि नेपाल जलवायु संकट के प्रति दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में से एक है। पिछले डेढ़ दशक में यहां मौसम की घटनाएं हुई हैं। नेपाल में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम की घटनाएं जैसे कम समय में अत्यधिक वर्षा, मानसून के बाद कई दिनों तक लगातार बारिश, शुष्क अवधि, सूखा, औसत से कम वर्षा और सामान्य से अधिक सर्दियों का तापमान आदि नेपाल में हो रही हैं। वहीं राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून से 1.81 मिलियन लोग और 412,000 परिवार प्रभावित होंगे। उनमें से, 83,000 परिवार सीधे प्रभावित होंगे, और मानसून से संबंधित आपदाओं के कारण 18,000 परिवारों को बचाव की आवश्यकता होगी।

बाढ़ ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, मरीज को खाट पर लेटा कर दो किलोमीटर चलने को हुए मजबूर

बरेली। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आई बाढ़ के कारण हालात खराब होते जा रहे हैं, जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल बरेली जिले का भी है। बरेली के नवाबगंज तहसील में बाढ़ के चलते आम लोगों के साथ-साथ मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरेली के क्योलड़िया थाना क्षेत्र में इलाज के बाद अपने घर लौट रहे ग्रामीण को बाढ़ के चलते परेशानी उठानी पड़ी। परिवार वाले मरीज को चारपाई पर लेटा कर घर की ओर रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक, जारपा मोहनपुर गांव के रहने वाले हरीलाल का बेटा बृजेश तीन माह पहले मजदूरी करने के लिए आंध्र प्रदेश गया था। काम के दौरान वह खौलते पानी में गिर गया और बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, इलाज के बाद उसे डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। जब बृजेश अपने गृह जिले में वापस आया तो उसे बाढ़ की चुनौती का सामना करना पड़ा। रास्ता सही न होने और क्षेत्र में आई बाढ़ के कारण एंबुलेंस चालक ने बृजेश को नौगवा भगवंतपुर में ही छोड़ दिया। इसके बाद मरीज के परिजन उसे चारपाई पर लेटा कर दो किलोमीटर दूर घर तक लाए।

जम्मू-कश्मीर के एलजी हुए और ज्यादा शक्तिशाली

■ गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल अब और ज्यादा शक्तिशाली होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है।

अब उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद ही किसी भी फैसले को जमीन पर उतारा जाएगा। पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा से जुड़े विषयों पर फैसला लेने से पूर्व उपराज्यपाल की मंजूरी अनिवार्य है। केंद्र के इस फैसले के बाद अब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल भी दिल्ली के उपराज्यपाल की तरह अधिकारियों के तबादले से संबंधित फैसले ले सकेंगे। महाधिवक्ता और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित फैसला लेने से पूर्व अब उपराज्यपाल की अनुमति अनिवार्य होगी, लेकिन पहले ऐसा नहीं था।

वहीं, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित कर नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। ऐसा कर उपराज्यपाल की शक्तियों में इजाफा किया गया है। इस संशोधन के बाद अब उपराज्यपाल पुलिस, कानून-व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस से जुड़े मामलों पर निर्णय ले सकेंगे। सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले, केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल की शक्तियों को बढ़ाकर बड़े संकेत दे दिए हैं कि सरकार किसी की भी बने, लेकिन अंतिम निर्णय लेने की शक्ति उपराज्यपाल के पास ही होगी। वहीं केंद्र सरकार के इस कदम पर उमर अब्दुल्ला ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'एक और संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नजदीक हैं।

कानून पढ़ाने की प्रक्रिया में क्षेत्रीय भाषाओं का भी रखा जाए ध्यान : डीवाई चंद्रचूड़

लखनऊ। भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि कानूनी पढ़ाई में क्षेत्रीय भाषाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। जस्टिस चंद्रचूड़ शनिवार को लखनऊ में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर उन्होंने कानून की पढ़ाई को क्षेत्रीय भाषा में कराने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अक्सर देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार विमर्श करता हूं कि कैसे कानून की पढ़ाई को सरल भाषा में पढ़ाया जा सके। अगर हम कानून के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे है तो इसमें कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा की कमी नजर आ रही है। कानून को पढ़ाने की प्रक्रिया में हमें क्षेत्रीय भाषाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए और सोचता हूं कि आरएमएनएलयू को जरूर हिंदी में एलएलबी कोर्स शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़े कानूनों को भी पढ़ाना जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मान लीजिए अगर कोई व्यक्ति आपके विश्वविद्यालय के पड़ोस के गांव में, गांव से विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय की विधिक सहायता केंद्र में आता है और अपनी जमीन से जुड़ी समस्या को बताता है, लेकिन यदि छात्र को खसरा और खतौनी का मतलब ही नहीं पता है तो छात्र उस व्यक्ति को कैसे मदद कर पाएगा। इसलिए जमीन संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में भी छात्र को अवगत कराना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ऐसे कई निर्देश दिए हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके।

चंद्रचूड़ ने कहा, उदाहरण के तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दिए गए निर्णयों का भारत के संविधान में प्रचलित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे आम जनता भी समझ सके कि निर्णय में आखिर लिखा क्या गया है। आज 1950 से लेकर 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 37000 निर्णय हैं, जिनका हिंदी में अनुवाद हो गया है और यह सेवा सब नागरिकों के लिए मुफ्त है।

मायावती ने अग्निवीर योजना पर उठाए सवाल

कहा- अल्पकालीन भर्ती को लेकर चिंता बरकरार

लखनऊ। अग्निवीर योजना पर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं। अब इस पर उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि सेना में अल्पकालीन भर्ती को लेकर लोगों में चिंता बरकरार है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'सेना में अग्निवीर के रूप में अल्पकालीन व अस्थाई भर्ती का मामला जन व देशहित से जुड़ा ऐसा मुद्दा है जिस पर लोगों की चिंताएं बरकरार हैं। किन्तु सरकार महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि जैसी राष्ट्रीय समस्याओं की तरह इस मामले में भी केवल इधर-उधर की बात कर रही है, जो क्या उचित?' उन्होंने एक और पोस्ट में कहा, पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की तैयारी में केंद्रीय सुरक्षा बल; यह मीडिया में नया सरकारी बयान है, किन्तु यह ऐसी नई बात नहीं है जो पहले नहीं कही गयी जिसे लोगों ने स्वीकार कर लिया हो। सेना में भर्ती सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि जज्बा/सम्मान से जुड़ा है जिसपर सरकार जरूर ध्यान दे।

ज्ञात हो कि संसद में उठे अग्निवीर मुद्दे के बाद यह मसला लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसी बीच अग्निवीरों के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

भारत सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बलों की भर्ती में 10 फीसदी सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया है।

तीर्थयात्रियों से भरी बस ने ट्रक को मारी टक्कर, तीन की गई जान

ओडिशा। ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हैदराबाद से बिहार जा रही तीर्थयात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस भयंकर हादसे में तीन लोगों की दुखद मौत हो गई, जबकि 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल सभी पीड़ितों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, बस 23 तीर्थयात्रियों को हैदराबाद से लेकर बिहार के गया के लिए रवाना हुई थी। शनिवार को तड़के सुबह बस ओडिशा जिले के बारीपदा एनएच-18 हाईवे पर पहुंची। बेतनोटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बूढ़ीखमार चौक के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे तेज रफ्तार से आ रही टूरिस्ट बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि बस ट्रक के अंदर घुस गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 2 पुरुष और एक महिला है। वहीं हादसा होते ही ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार बताया जा रहा है कि यह हादसा बस ड्राइवर को नींद आने के कारण हुआ है।

आजादी की लड़ाई पर कॉपीराइट का दावा करने वाले आपातकाल को याद करने पर सवाल उठा रहे हैं : सुधांशु

नई दिल्ली। मोदी सरकार द्वारा संविधान हत्या दिवस मनाने के फैसले की विपक्ष द्वारा आलोचना करने पर पलटवार करते हुए भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि आजादी की लड़ाई पर कॉपीराइट का दावा करने वाले आपातकाल को याद करने पर सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) सांसद संजय राउत के आपातकाल को जायज ठहराने के बयान की भी कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान जिन पर जुल्म किया गया था, वे लोग आज सत्ता के लिए कांग्रेस के साथ खड़े हो गए हैं। संजय राउत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के अन्य नेता बताएं कि क्या आपातकाल के दौरान जेपी के नेतृत्व में चला पवित्र आंदोलन अराजकता पूर्ण था? अखिलेश यादव बताएं क्या उनके पिता मुलायम सिंह यादव अराजकता का हिस्सा थे? लालू यादव बताएं कि संजय राउत के बयान पर उनका क्या कहना है? भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब से उनकी सरकार (मोदी सरकार) ने संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय लिया है, तब से संविधान की रक्षा का स्वांग रचने वाले बहरूपियों के हृदय में बड़ी वेदना शुरू हो गई है।

चीन की चेतावनी के बावजूद बाइडन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

■ विवाद के शांतिपूर्ण हल पर जोर

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत विवाद का शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालने के लिए रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। चीन ने इस कानून को लेकर अमेरिका को चेतावनी दी थी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से इस कानून पर हस्ताक्षर न करने को कहा था। हालांकि बाइडन ने चीन के विरोध को दरकिनार कर रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया।

क्या है रिजॉल्व तिब्बत कानून

'रिजॉल्व तिब्बत कानून' में कहा गया है कि अमेरिका की नीति है कि तिब्बत मुद्दे को बिना किसी पूर्व शर्त के, बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। यह कानून तिब्बत के बारे में चीन के झूठ से निपटने की कोशिश की गई है और चीन से तिब्बत के इतिहास के बारे में गलत और भ्रामक प्रचार बंद करने की भी मांग करता है। साथ ही यह कानून चीन के भ्रामक दावों से निपटने के लिए अमेरिका के विदेश विभाग को भी ताकत देता है। कानून में तिब्बती लोगों के अलग धार्मिक, भाषाई और ऐतिहासिक पहचान को परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन की नीतियां तिब्बती लोगों को अपनी जीवन शैली को संरक्षित करने की क्षमता को दबाने की कोशिश कर रही हैं। तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा ने बार-बार चीन से तिब्बती लोगों को स्वायत्तता देने की अपील की है और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत लोगों को आत्मनिर्णय लेने का अधिकार है।

अमेरिका की संसद से जब यह कानून पारित हुआ था तो अमेरिकी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत आकर दलाई लामा से मुलाकात भी की थी। अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के प्रमुख माइकल मैकॉल ने कहा कि यह कानून तिब्बत के लोगों को अपने भविष्य का प्रभारी बनाने में मदद करेगा।

चीन ने दी थी धमकी

चीन रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध कर रहा है। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा था कि वह इस विधेयक पर हस्ताक्षर न करें। चीन के विदेश विभाग के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा था कि 'कोई भी ताकत जो शिजांग को अस्थिर करने या फिर चीन के दबाने की कोशिश करेगी, वह सफल नहीं होगी। अमेरिका को विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहिए। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और अपने हितों के लिए सख्त कदम उठाएगा।' चीन तिब्बत को शिजांग कहकर संबोधित करता है। चीन ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वह सिर्फ दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेगा न कि निर्वासन में चल रही तिब्बत सरकार से।

न्यूज गैलरी

बिहार के मुंगेर में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

मुंगेर। बिहार के मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को अपराधियों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस के मुताबिक, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काली स्थान के समीप बदमाशों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान कासिम बाजार थाना निवासी मंजीत मंडल और चंदन कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मंजीत और चंदन एक कार पर सवार थे। उन्होंने एक होटल के पास रुककर होटल के कर्मचारी को कुछ लाने को कहा। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने उन दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में मंजीत मंडल और चंदन कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ (सदर) राजेश कुमार ने बताया कि दोनों मृतक की पहचान हो चुकी है। मृतकों में शामिल मंजीत मंडल प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था और इसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसे पुलिस खंगाल रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है।

केरल राज्यपाल का राज्य सरकार पर आरोप, बोले- ऐसे काम करते हैं जो कानून के मुताबिक नहीं

तिरुवनंतपुरम। केरल के राज्यपाल और केरल सरकार के बीच मनमुटाव बना हुआ है। अब हाल ही में राज्यपाल ने केरल सरकार के फैसलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वे ऐसे कई काम करती है जो कि कानून के मुताबिक नहीं होते हैं। दरअसल केटीयू के कुलपति के चयन के लिए कुलाधिपति के नामित व्यक्ति के बिना ही समिति गठित कर दी थी। कुछ समय से राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों सहित नियुक्तियों के मुद्दे पर राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान और वामपंथी प्रशासन पिछले कुछ समय से आमने-सामने हैं। जहां एक ओर राज्यपाल ने सरकार पर विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है, वहीं वाम मोर्चे ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान राज्य में उच्च शिक्षा का भगवाकरण करने के लिए आरएसएस और संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। केरल के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान ने शनिवार को कहा कि केरल सरकार कई ऐसे काम करती है जो कानून के मुताबिक नहीं होते। दरअसल एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (केटीयू) के कुलपति का चयन करने के लिए कुलाधिपति के नामित व्यक्ति के बिना खोज समिति बनाने को लेकर राज्यपाल नाराज हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार पर निर्भर करता है कि वे क्या करना चाहते हैं। वे कई ऐसे काम कर रहे हैं जो कि कानून के मुताबिक नहीं हैं। बता दें कि राज्य सरकार ने शुक्रवार को कथित तौर पर केटीयू के कुलपति का चयन करने के लिए पांच सदस्यीय खोज-सह-चयन समिति का गठन किया था। इस पूर्व मामले पर केरल के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति आरिफमोहम्मद खान ने कहा, आखिरकार, इस मामले का निपटारा तो अब अदालत ही करेगी।

मुंबई होर्डिंग हादसे के मामले में आरोपपत्र दाखिल

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर इलाके में हुए होर्डिंग हादसे आज दो महीने पूरे हो चुके हैं। अपराध शाखा के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को अदालत में 3,299 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। आरोपपत्र में चार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। आरोपपत्र के मुताबिक, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों की भूमिका का पता लगाने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 173 (8) के तहत जांच जारी रहेगी। आरोपपत्र में बीएमसी के दो अधिकारियों और छह अधिकारियों के भी बयान शामिल हैं। इस साल 13 मई को घाटकोपर पूर्व में तूफान की वजह से एक विज्ञापन होर्डिंग गिर गया था।

गृह मंत्री ने गांवों से पलायन रोकने पर दिया जोर

■ कहा- सेना और सीएपीएफ को दी बड़ी जिम्मेदारी

दिल्ली। वाइब्रेंट विलेज योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक नई दिल्ली में हुई, जिसकी अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। वाइब्रेंट विलेज योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक नई दिल्ली में हुई, जिसकी अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस बैठक के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमावर्ती गांवों के आसपास तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सेना को सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आस-पास के गांवों के निवासियों को सेना और सीएपीएफ के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। गृह मंत्रालय के अनुसार गृह मंत्री ने जीवंत गांवों में सौर ऊर्जा और पवन चक्कियों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया।

क्या है वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम ?

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत व्यापक विकास के लिए अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उत्तरी सीमा से सटे 19 जिलों के 46 ब्लॉकों में 2967 गांवों की पहचान की गई है। पहले चरण में, प्राथमिकता के आधार पर 662 गांवों की पहचान की गई है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश के 455 गांव, हिमाचल प्रदेश के 75, लद्दाख के 35, सिक्किम के 46 और उत्तराखंड के 51 सीमावर्ती गांव को शामिल किया गया है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सरकार सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाकर सीमावर्ती गांवों में पलायन को रोकना चाहती है। ताकि इन गांवों से पलायन रुक सके और सीमा सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिल सके।

न्यूज गैलरी

निगम जोन 5 ने प्रतिबंधित पॉलीथिन जप्त कर 1200 रुपये जुर्माना वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन 5 जोन स्वास्थ अधिकारी श्री संदीप वर्मा की उपस्थिति में लाखेनगर चैक और रायपुरा चैक के पास दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 4 दुकानों से लगभग 4 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया और सम्बंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 1200 रूपये जुर्माना वसूला. प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती और जुर्माना की कार्यवाही आगे निरन्तर जारी रहेगी।

ईमेल पर धमकी देने के बाद गिरोह ने खुलेआम की गोलीबारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने तेलीबांधा में कोयला कारोबारी के दफ्तर और उनकी कार में हुई फायरिंग को प्रदेश सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि पूर्व में गिरोह के सदस्य जब पकड़े गए थे तब ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी की कोयला कारोबारी और बिल्डरों को शिकार बनाया जाएगा । उसके बावजूद शासन प्रशासन के खुफिया तंत्र की नाकामी के कारण आज दिनदहाड़े सरेआम शूटर आए और कारोबारी के दफ्तर और उसकी कार में गोलीबारी करके भाग गए ।

उन्होंने कहा कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे और सुशासन का दावा करके आई सरकार पूरे प्रदेश में कुशासन की प्रतीक बन गई है । राजधानी ही नहीं पूरा प्रदेश असुरक्षित हो गया है । कोई दिन ऐसा नहीं है जब हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, लूट, डकैती नहीं हो रही हो । सरकार केवल भ्रमित करने का काम कर रही है मूल मुद्दों से भाग रही है । कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर कल ही कांग्रेस ने विधानसभा घेराव की घोषणा की है । आज की यह वारदात व्यापार उद्योग जगत के साथ पूरे नागरिकों के दहला गई है । प्रदेश की जनता, शहर की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है । प्रदेश के गृहमंत्री को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए । जिस तरह पूरी सरकार प्रदेश को राम भरोंसे छोड़कर चल रही है उससे प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश है ।

वार्ड परिसीमन का प्रकाशन 17 जुलाई को

रायपुर/नवप्रदेश। वार्ड परिसीमन का प्रकाशन 17 जुलाई को होगा और परिसीमन पर आपत्ति पेश करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई तक हैं। बता दें कि विधानसभा, लोकसभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव की कवायद शुरू हो चुकी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नवंबर-दिसम्बर में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर निकायों में वार्डों के नए सिरे से परिसीमन के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डा. बसवराजु एस. ने इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों से की चर्चा

- **आईजी और कलेक्टर ने बस्तर संभाग की परिस्थितियां, चुनौतियां, संभावना और अपेक्षाओं से आयोग को कराया अवगत**

रायपुर/नवप्रदेश । कलेक्टोरेट परिसर में किया वृक्षारोपण16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया और आयोग के सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए पंचायतों के तेजी से समग्र विकास का खांका खींचा। बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बस्तर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पंचायत प्रतिनिधियों के सुझावों पर वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया ने कहा कि 16 वें वित्त आयोग का कार्यकाल 2026-27 से 2030-31 तक प्रभावी रहेगा द्य इस अवधि को ध्यान में रख कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप हमें विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने बस्तर के पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां जो सुझाव दिए गए हैं, वे सभी वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र से संबंधित हैं तथा इन पर निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनसरोकार से जुड़े ऐसे मुद्दों पर बात की गई, जिनका यथासंभव समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत 90 प्रतिशत जनसंख्या एवं 10 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आवंटन जारी किया जाता है। बस्तर जिला अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में आश्रित ग्राम एवं पारा दूर-दूर तक फैले हुए हैं, इस कारण क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए 16 वें वित्त आयोग अन्तर्गत 70 प्रतिशत जनसंख्या एवं 30 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आबंटन प्रदाय किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा हमारा बस्तर संस्कृति से भरपूर है,चाहे देवगुड़ी हो. मेला, मंडई हो. बस्तर में इसकी अत्यधिक मान्यता है। इसे ध्यान में रखते हुए देवगुड़ी, मेला, मंडई एवं खेलकूद क्षेत्र के लिए भी आबंटन का प्रावधान किया जाना चाहिए। बस्तर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप ने कहा बस्तर में पेसा एक्ट लागू होने के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। 16 वें वित्त आयोग अन्तर्गत जनसंख्या, क्षेत्रफल के साथ-साथ नक्सल एवं पेसा जिले को अतिरिक्त आबंटन प्रदान करने की बात कही। साथ ही बस्तर की अधिकांश आबादी इन वन क्षेत्र में रहती है तथा अधिकांश आदिवासियों के आय का मुख्य स्त्रोत लघु वनोपज होता है। लघु वनोपज की सामग्री को वैल्यू एडिशन कर सह उत्पाद की श्रेणी में लाने की व्यवस्था करने हेतु अतिरिक्त आबंटन की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इसके साथ ही अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बस्तर जिले में पथरीली एवं पहाड़ी जमीन को देखते हुए कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र में कार्य करने के लिए, पेयजल एवं स्वच्छता के सेक्टर की बाध्यता को समाप्त कर अन्य 09 थीम से सेक्टर चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करने, ऑनलाईन भुगतान प्रणाली के सरलीकरण, किसानों को सामूहिक फेंसिंग एवं नलकूप की स्थापना हेतु सहायता प्रदान करने, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता देने, ग्राम पंचायतों में अधोसंरचनाओं के विकास हेतु आश्रित ग्रामों के आधार पर आबंटन प्रदान करने के संबंध में सुझाव दिए गए।

डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

रायपुर/नवप्रदेश । कवर्धा जिले में डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी गठित की है. डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है. यह कमेटी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत करेंगे और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे.जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनकध्रुव, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम, नेता महेश चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी शामिल हैं. बता दें कि सोनवाही और बोड़ला में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है. डायरिया से 5 बैगाओं की मौत हुई है।

अब कुलसचिव ने भी सौंपा इस्तीफा

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विवि मे कुलपति को हटाए जाने के बाद अब कुलसचिव पद पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को प्रभार दिया गया है । माह भर पहले ही कुलपति रही ममता चंद्राकर को हटाकर राज्यशासन ने दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर को संगीत विवि के कुलपति का प्रभार सौंपा था। कुलसचिव नियुक्त की गई प्रो नीता गहरवार ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद नए कुलसचिव की नियुक्ति होने तक अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को प्रभारी कुलसचिव नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारी की हो सकती है नियुक्तिः इंदिरा कला संगीत विवि मे पिछले पांच साल से जारी अघोषित अव्यवस्था के बाद प्रदेश में सत्ता सरकार बदलते ही सुधारात्मक गुंजाइश शुरू हो गई है।

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने 21 जिलों के लिए जारी किया अलर्ट

प्रदेश में अब तक औसत से 31 फीसदी कम हुई बारिश

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश कोरबा जिले में 95 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है. वहीं सरगुजा जिले में 75.7 मिमी, बलरामपुर जिले में 70, दंतेवाड़ा में 63.1, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 47.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक औसत से 31 फीसदी बारिश कम हुई है.

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के 21 जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

अगले 24 घंटे उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा, बलरामपुर और जशपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट एवं 19 जिलों में 48 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जशपुर, सूरजपुर, गौरेला पेंड्रा मारवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़, बिलाईगढ़, सक्ती, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के कुछ स्थान के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में अब तक औसत से 31 फीसदी कम हुई बारिश

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश कोरबा जिले में 95 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है. वहीं सरगुजा जिले में 75.7 मिमी, बलरामपुर जिले में 70, दंतेवाड़ा में 63.1, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 47.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक औसत से 31 फीसदी बारिश कम हुई है।

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया तथा वित्तआयोग के सदस्यों को स्वामी विवेकानंद विमानतल पर स्मृति चिन्ह भेंट कर दी गई बिदाई

18 वीं बटालियन में कंपनी कमांडर सहित 80 जवानों ने लगाए 400 पौधे

एमसीबी/नवप्रदेश। विगत दिवस 18 वीं वाहिनी छसबल, मनेन्द्रगढ़ में सेनानी श्री रवि कुमार कुर्रे (भा.पु.से.) सहायक सेनानी श्री सुरेश कुमार गोड, कंपनी कमांडर श्री विकास प्रताप सिंह, अविनाश अग्निहोत्री एवं अन्य 70-80 जवानों की उपस्थिति में एक पेंड माँ के नाम केन्द्र सरकार द्वारा चलाए गये अभियान के तहत् बटालियन मुख्यालय में 400 पौधे लगाये गये, जिसमें कर्मचारियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी माताओं के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। सेनानी श्री रवि कुमार कुर्रे द्वारा सभी जवानों को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हर संभव उपाय के बारे में बताया गया एवं पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पौधारोपण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

नगर निगम आवारा मवेशियों की कर रही लगातार धरपकड़

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में आवारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान चलाकर निरन्तर जारी है। इस क्रम में आज अभियान चलाकर नगर निगम जोन 6 की काउकेचर टीम द्वारा जोन के क्षेत्र के तहत नरैय्या तालाब के पास पुलिस लाईन मार्ग में 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई। इसी प्रकार जोन 4 की काउकेचर टीम द्वारा जयस्तंभ चैक वार्ड क्रमांक 46 क्षेत्र से 2 और 2 पीडब्ल्यूडी चैक वार्ड क्रमांक 57 के एक तथा बूढापारा वार्ड क्रमांक 45 से 1 इस प्रकार कुल 4 आवारा मवेषियों की धरपकड़ काउकेचर वाहन और विषेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई।

नाले में गंदगी डालने पर निगम ने लगाया 31000 का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा के आदेषानुसार एवं अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देषानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के प्रतिदिन दैनिक स्वच्छता निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 1 के तहत खमतराई क्षेत्र में ब्रिज के नीचे के नाले में जबरदस्त गंदगी खमतराई शराब भट्ठी के समीप देखी । शराब भट्ठी के लोगो द्वारा नाले में जबरदस्त गंदगी फैलाया जाना पाया गया । जिस कारण नाले की निकास व्यवस्था पूरी तरह अवरूद्ध पायी गयी । आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय विक्रय होना स्थल पर पाया गया और इससे संबंधित प्राप्त जनषिकायत सही पायी गयी ।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया एवं सार्वजनिक नाला में जबरदस्त गंदगी डालकर उसकी निकास व्यवस्था अवरूद्ध करने एवं खमतराई शराब भट्ठी परिसर में भारी गंदगी और साफ सफाई का पूर्ण अभाव मिलने पर स्वास्थ्य अधिकारी ने नगर निगम जोन 1 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री खेमलाल देवांगन को संबंधित खमतराई क्षेत्र शराब भट्ठी के संचालक पर तत्काल 31000 रू. का जुर्माना करने के निर्देष दिये। साथ ही शराब भट्ठी संचालक को भविष्य के लिये कडी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए उन्हें अपने स्वयं के व्यय से भारी गंदगी डालकर अवरूद्ध किये गये सार्वजनिक नाले की सफाई करवाने का निर्देष दिया गया एवं भविष्य में शराब भट्ठी परिसर में एवं आस पास साफ सफाई का विषेष ध्यान रखने की कडी हिदायत दी गई। अभियान नगर निगम जोन 1 स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता द्वारा संयुक्त रूप से नगर निगम में सफाई संबंधी जनषिकायत मिलने पर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने चलाया गया एवं स्थल पर नाले में भारी गंदगी डाला जाना एवं उसके कारण निकास अवरूद्ध होना पाकर और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय विक्रय स्थल पर किया जाना पाकर इस संबंध में नगर निगम को प्राप्त जनषिकायत सही मिलने पर संबंधित शराब दुकान संचालक पर 31000 रू. का जुर्माना करने की कार्यवाही कर जनषिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

जियोलॉजी और वॉटर रिसोर्सेज में बनाना चाहते हैं तो एनआइटी से कर सकते हैं कोर्स

- **ऑनलाइन कोर्स के पंजीयन की अंतिम तिथि पांच अगस्त**

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में 17 अगस्त से संस्थान का कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल (सीईसी) जियोलॉजी और वॉटर रिसोर्सेज में एआइ एंड मशीन लर्निंग इनोवेशंस इन जियोलाजी एंड वाटर रिसोर्सेज - फ्राम थ्योरी टू प्रैक्टिस (एआइ एम आइएल जीडबल्यू आर-2024) पर ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स आयोजित करने जा रहा है। इस कोर्स को जियोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीक, वॉटर रिसोर्स डेवलपमेंट और मैनेजमेंट के एप्लीकेशन की गहन समझ प्रदान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कोर्स के पाठ्यक्रम में जियोलाजी, हाइड्रोजियोलाजी, एनवायरनमेंटल जियोलाजी, रिमोट सेंसिंग और वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट पर जीआइएस के एप्लीकेशन में व्यावहारिक प्रयोगों और वास्तविक अध्ययन शामिल हैं।

जियोसाइंस में एआइ और मशीन लर्निंग के मूलभुत सिद्धांत बताया जाएगा, जिसमें मुख्य सेशन और लाइव प्रयोग भी शामिल हैं।

विषय विशेषज्ञ देंगे जानकारी

इस कोर्स में हर छात्र समूह को प्रोजेक्ट दिया जाएगा, जिसकी निगरानी मेंटर द्वारा की जाएगी। इसके स्पीकर्स एनआइटी रायपुर और अन्य संस्थानों व उद्योगों के विषय विशेषज्ञ रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) एनवी रमना राव होंगे। साथ ही संयोजक डीन (आर एंड सी) प्रो. (डा.) प्रभात दीवान और अध्यक्षता सीईसी के चेयरमैन डा. शुभोजीत घोष करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, औद्योगिक गलियारा, होलसेल कारीडोर और स्मार्ट टूरिज्म से आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ : चेम्बर

- **भारत सरकार वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगड़िया को चेम्बर ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के लिए कई सुझाव सौंपे**
- **चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष के सुझावों को वित्त आयोग के अध्यक्ष ने बेहतर बताया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भारत सरकार वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया को छत्तीसगढ़ की आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के लिए कई सुझाव सौंपे। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 16 वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सुझाव को वित्त आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। चेंबर के सुझाव पर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने हामी भरते हुए चेम्बर के पदाधिकारियों से जानकारी ली व सुझावों को बेहतर बताया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने बताया कि वित्त आयोग के अध्यक्ष को होलसेल कारीडोर से आर्थिक गलियारा के महत्व पर हमने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदेश में सर्विस सेक्टर के बढ़ावे के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में सर्विस सेक्टर अभी भी 10-12 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इसमें इजाफा होने से आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ सकती है।

श्री पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने खनिज सम्पदा, संस्कृति, प्राकृतिक सुन्दरता तथा आर्थिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में अनेक संभावनाएं है जिन्हें सहायता प्रदान करने से प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा साथ ही देश की आर्थिक प्रगति में वृद्धि होगी एवं सरकार को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

अवैध कियोस्क सेंटर बना ठगी का गढ़

पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजूर के मथुरा क्षेत्र में एक बिन नाम का कियोस्क सेंटर अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। फिनो माइक्रो फाइनेंस की डीलरशीप ली गई है मगर वह स. बी.आई की कियोस्क सेंटर अवैध रूप से संचालित है जिसकी बैंक को कोई जानकारी नहीं है फिनो माइक्रो फाइनेंस के अकाउंट से कई सालो से वो केवल निकासी का कार्य कर रहे है और जमा करने के लिए स्वयं का (स. बी.आई) करेंट अकाउंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि 116 के कियोस्क सेंटर द्वारा भी साल भर पहले करोड़ो की ठगी दंपत्ति द्वारा किए जाने का मामला सामने आया था जो अंगूठा लगाकर हितग्राहियों का शेष राशि का पता कर उनके खाते से लिंक और सर्वर की समस्या बतलाकर कई बार अंगूठा लगाया जाता था और उनके जाने बगैर उनके खाते से राशि निकासी कर ली जाती थी।

पीएम आवास योजना से जयसिंह के वर्षों का घर बनाने का सपना हुआ साकार

- **पक्के मकान में एकल बत्ती कनेक्शन की दी गई सुविधा**

रायपुर/नवप्रदेश।अपने खुद के घर का सपना सभी देखते हैं। स्वयं का एक पक्का मकान हो, जिसमें वह परिवार के साथ सुख से जीवन यापन करें। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार में इस दिशा में बेहतर कार्य करते हुए सुकमा जिले में जरुरतमंदों के लिए पीएम आवास योजना के तहत पहली प्राथमिकता के साथ आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। इसके परिणामस्वरुप पूरे सुकमा जिले में तेजी से पीएम आवास योजना के तहत निर्माण कार्य जारी है। पीएम आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के तहत हजारों लाभार्थियों को बकाया किश्त जारी होने के बाद अब अधिकांश लोगों का मकान पूर्ण हो गया है।

सुकमा जिले के जनपद पंचायत छिन्दगढ़ के ग्राम पंचायत किन्दरवाड़ा निवासी लाभान्वित हितग्राही श्री जयसिंह उर्फ राजूराम ने बताया कि पहले अपने परिवार में पत्नी श्रीमती श्यामबती नाग और पुत्र अमित नाग के साथ पुराने कच्ची छत और मिट्टी की दीवार वाले झोपड़ी में रहते थे। जिसमें रहने के लिए परिवार के साथ काफी कठिनाई का सामना करना पडता था, कच्ची छत होने के कारण हमेशा बारिश के समय छत से पानी टपकने के कारण हम पूरे परिवार कई रात ठीक से सो भी नहीं पाते थे। उन्होंने बताया कि हमारी आय खेती एवं गांव में ही मजदूरी पर निर्भर है। सीमित आय होने के कारण आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि हम पक्का बना पाये। उन्होंने बताया कि गांव में ही ब्लॉक कोर्डिनेटर सुश्री नेहा मंडावी ने पीएम आवास के बारे में जानकारी दी।

सुनो भाई उधो

अरे तोला का भइगे..?

परमानंद वर्मा

देखत हौं, एकर चाल ला? अभी हकन के देहूं, ठठा देहूं तब जउन ए इतरावत हे ना तउन सब घुसड़ जाही। जान दौ... जान दौ काहत हौं तब एकर मतलब ए तो नइ होवय के मुड़ी चढ़के मूतय, छानही मं होरा भुंजय?

गुड़ी चंवरा मं बइठ के भकाडू पइरा डोरी बरत रहिथे तब नंदू ढेरा चलावत पटवा डोरी बनावत रहिथे ततके बेर महावीर भइया बजार कोती आवत रिहिसे तउन हा दूनो झन ल साहेब बंदगी, सत कबीर काहत जय जोहार करथे।

भकाडू पूछथे- कते डहर ले आवत हस साहेब, गजब दिन मं दीखत हस? तब ओहर बताथे- काला बताबे भइया, अरे अमलेसर मं गुरु साहेब के सत्संग चलत रिहिसे उहिचे गे रेहेंव। परन दिन आय हौं, चलव धान बोनी, खेती किसानी के दिन आगे हे, अब भिड़े जाय।

अब देख न साहेब, ये बादर हा तो आंखी-कान ल निच्चट मूंद दे हे गा, एको बूंद तो भला टपकतिस? भकाडू के बात ल सुनके महावीर कहिथे- टपकही कहां ले, रुख-राई, नदिया-नरवां, जंगल, पहाड़ के तो सतियानास करत हौ। प्रकृति दाई के आंसू ल जाके तो भला देखव, रो-रो के बारा हाल होगे हे। ओकर लोग लइका, शेर-भालू, चीता, हिरण, हाथी, कोलिहा, हुड़रा, बेंदरा अउ चिरई-चिरगुन के बसेरा उजारत हौ, उजार दे हौ। ओमन कहां रइही, कहां जांही, का खाही, का पिही, हे कहूं कोनो मेर ओकर मन के ठिकाना।

साहेब तोर बात हे तो सोला आना सही, फेर सरकार ला विकास करे खातिर काम तो कुछ करे ले परही ना। भकाडू बताथे- जंगल मं ही तो सबो खनिज संसाधन भरे परे हे, खदान के तो दोहन करे ले परही ना?

ककरो घर ल उजार के, बरबाद करके देस-परदेस के विकास करई कोनो विकास नोहे भकाडू। तोर संग कहूं अइसने भला हो जही तब तोला कइसे लगही?

भयरा ठेठरा घला अतके बेर आ जथे अउ ओकर मन के बीच मं जउन गोठ-बात चलत रिहिस तउन ल कान टेढ़ के सुने ले धर लिस। मुड़ी मं बड़ेक जनिक पागा बांधे राहत तउन ल खोल देथे अउ पूछथे- का गोठियावत हौ जी तुमन।

नंदू के ढेरा घला घूमना बंद होगे रिहिसे। भैरा ठेठवार उही ल पूछथे- कस रे नंदू, का-का गोठियावत हौ?

भैरा के बात ल सुनके भकाडू थोकन तमके असन कहिथे- ये निपोर भैरा गतर के हा, कांही ल सुन पाही न समझ पाही अउ काहत हे का-का गोठियावत हौ?

नंदू हा ओला महावीर साहेब जउन रुख-राई, नदिया-नरवा, तरिया, कुआं, जंगल, पहाड़ के विनाश के बात सुनाथे तब ओहर कहिथे- बने बात तो काहत हे महावीर साहेब हा। अरे जब पेड़-पौधा नइ रइही, जंगल-पहाड़, नदिया नइ रइही, कुंआ बवली नइ रइही तब जंगली जानवरों, पशु-पक्षी ल छोड़ मनखे के बार हाल हो जही। भाड़ मं जाय तुंहर सरकार के विकास के काम, जनता के जीवन ल पहिली देखव।

महावीर साहेब कहिथे- देख, एको अक्षर नइ पढ़े-गुने हे, गाय-भइस चराथे तेन अतेक सब बात ल समझथे अउ तुंहर सब झन के आंखी मुंदागे हे, पथरा परगे हे, गोबर भरगे हे दिमाग मं। कहां ठेंगवा ल बरसही पानी हा?

ओहर कहिथे- चाहे कतको पूजा-पाठ, हवन, जग, गीता-भागवत, सत्संग करा लौ, दाई, बेटी, बहिनी अउ गोसइन के आंखी डहर ले कहूं आंसू झरत रइही तब ओकर परिवार, समाज अउ देश मं सुख-शांति कभू नइ आ सकय। ये प्रकृति कोन हे, इही दाई, बहिनी, बेटी मन तो आय। रुख-राई, जंगल, पहाड़, नदी-नरवा खुलेआम नीलाम होवत हे, ओकर मन के छाती मं बुलडोजर चलत हे। ओकर मन के दुख ल उही मन जानही?

भैरा ठेठवार पूछथे- का काहत हे साहेब हा गा? तब भकाडू कंझावत कहिथे- अरे काला का सुनाबे गा, कहिबे आन तब सुनही आन। तभो ले नंदू हा सबो बात ल ओला सुनाथे, समझाथे।

ठेठवार कहिथे- बने काहत हे साहब हा, धरती मं पाप बढ़गे हे, पेड़ के जुने डारा मं बइठे हौ अउ ओकरे ऊपर टंगिया चलाहौ तब मरिहौ ते बाचिहौ? जा उही पाके पानी नइ गिरत हे तुंहर परदेस मं। आन कोती देख कइसन बरसत हे चारों मुड़ा पानी-पानी। बांधा फूटत हे, पुल-पुलिया टूटत हे, घर-दुआर बोहावत हे अउ छत्तीसगढ़ ल देख बादल हा मुंह अइठ ले हे। जइसन करनी तइसन भरनी। कतको चिल्लावौ, गोहार पारौ, अरे तोला का भइगे... फेर ओकर खेल ल उही जानही।

जाती-बिराती
आगे असाड़ गिरगे पानी
धर ले नांगर धर ले तुतारी
चल रे बइला अरर, त-त-त
चल रे बइला अरर, त-त-त।

आ गया माहे मोहर्रम... बिछ गई फर्श-ए-अजा

इस्लामिक कैलेंडर का नया साल यानी 1446 हिजरी का पहला महीना मुहर्रम 8 जुलाई 2024 से शुरू हो गया है. मुहर्रम के महीने की 10 तारीख को भारतीय उपमहाद्वीप यानी बांग्लादेश और पाकिस्तान में ताजियादारी की जाती है. इस मौके पर जहां सुन्नी मुसलमान इमाम हुसैन के इराक के कर्बला स्थित मकबरे की आकृति की बांस की खिम्चियों और चमकीले पेपर से बनी ताजिया निकालते हैं. वहीं, शिया मुसलमान अलम निकालते हैं और इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातमी जुलूस निकालने के साथ गम मनाते हैं। दरअसल, मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने का नाम है। इस महीने की दस तारीख को इस्लाम धर्म में आशूरा के नाम से जाना जाता है. इस महीने की 9 और 10 या 10 और 11 तारीख को दुनियाभर के मुसलमान रोजा रखते हैं।

ये है पूरी कहानी

गुलाम रज़ा ने कहा कि यजीद शासक के रूप में बेहद ही क्रूर व्यक्ति था। इमाम हुसैन को अपने अनुसार चलने के लिए यजीद ने कई प्रकार से दबाव डाले, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। यजीद को हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों के कर्बला में होने की सूचना मिल गई थी। उसने उन पर दबाव बनाने के लिए उनका पानी बंद करवा दिया. इमाम हुसैन भी उसके आगे झुकने वाले नहीं थे. इस बीच मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशूरा को यजीद ने इमाम हुसैन और उनके साथियों पर हमला करा दिया। मौलाना गुलाम रज़ा ने आगे बताया कि इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने हिम्मत के साथ यजीद की सेना का मुकाबला किया. इस्लाम की रक्षा के लिए इमाम हुसैन अपने परिवार और 72 साथियों के साथ कुर्बान हो गए। इसके घटना के बाद से हर साल यौम-ए-आशूरा को मुस्लिम समुदाय मातम मनाता है।

10 मुहर्रम को हुई थी इमाम हुसैन की शहादत

हालांकि, इस्लामी इतिहास में बाद में इस दिन यानी 10 मुहर्रम 61 हि. (10 अक्टूबर 680 ईसवी) को इलाके के स्थान कर्बला के मैदान में एक बड़ा हादसा हुआ, जो दुनियाभर के मुसलमानों के सीने पर खंजर की तरह है। इस दिन तत्काली मुस्लिम शासक यजीद की सेना ने पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन इब्न अली और उनके परिवार के सदस्यों और साथियों को शहीद कर दिया। इसके बाद ये दिन आशूरा के बजाय इमाम हुसैन की शहादत के लिए याद किया जाने लगा। इमाम हुसैन की शहादत की याद में ही भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में मुसलमान ताजिया निकालते हैं। हालांकि, ये परंपरा सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप के तीन देशों में ही है।

व्यंग्य : आजकल की मोहब्बत

डॉ किशोर अग्रवाल
मो.9425212340

जो कोई भी थोड़ा बहुत संसार की वास्तविकता से परिचित है और कल्पना सागर में नारद बने फिरते हैं उन्हें निश्चित ही सामान्य ज्ञान की कमी के कारण कभी न कभी प्यार के कीड़े काट ही लेते हैं । आज के आख्यान का सरोकार ऐसे ही अज्ञानी प्रेमियों के लिए है। किसी जमाने में प्यार बड़ी गोपनीय और फुसफुसा कर बात करने लायक चीज हुआ करती थी। कोई ज्ञात प्रेमी जब किसी ख्यातनाम हसीना की चिलमन के नीचे से गुजरता तो पड़ोस की अधेड़ औरतों की आंखों में एक तंज सा उग जाता और दूसरी अधेड़ की मुस्कान इस अकथ्य को पूरा कर देती थी । दोनों प्रेमी बिना जानकारी ही अच्छी खासी टीआरपी बटोर लेते थे ।

उन दिनों गुलशन नंदा की सुबक सुबक टाइप कहानियां पढ़ कर या गिटार बजाने के हुनर और बढ़े हुए बालों का हेयर स्टाइल बनाकर लोग इस प्रेम सागर में कूद पड़ते और जब इस तालाब से बाहर निकलते तो उनके कांटे में कोई ना कोई मछली फड़फड़ा रही होती । फिर वे म्युनिस्पलटी की नौकरी करते या बिजली के उपकरण और ट्रांजिस्टर सुधारने जैसे हकीर से कामों के सहारे अपनी उस प्रेम हसीना को महिला चिकित्सक को दिखाते हुए तीसरे प्रसव की तैयारी करने लगते। भाग कर शादी कर लेने वाली बेटी पर दया करके उसके मायके वाले उन्हें दूध व फल भिजवा दिया करते। कुछ जो ज्यादा सुंदर जोड़े होते थे वे लड़के लड़कियां मुंबई भाग जाते और लौटने पर कुछ साल गणेश एवं दुर्गा उत्सव के कार्यक्रमों के समय स्टेज शो किया करते । लड़कियां बैंजो बजाने वाले साथी से शादी कर लेती और एक दो बच्चे पैदा कर लेते । आठ दस साल बाद उनके ये बच्चे बाल कलाकार बनकर स्टेज पकड़ लेते तथा इस क्रम को ही दोहराते। कस्बे के शोहदे उनके बड़े हो जाने का सब्र से इंतजार करते । यह प्रेम की पराकाष्ठा के दिन थे।

लड़कियां आमतौर पर भोली होती और प्यार को सचमुच प्यार ही समझती थी । यह कहानी अब थोड़ा बदल गई है चालीस पचास सालों में सिर्फ प्यार के सहारे शकरकंदी भूनकर खाने वालों की संख्या में कमी आई है । पहले के दृष्टांत बताते हैं कि चालू टाइप के पुरुष प्रेमी प्रायः मालदार धनी लड़कियों की तलाश में रहते , वे तथा कुछ सच्चे प्रेमी भी अपने गाना गाने , उपन्यास लिख लेने या हरमुनिया बजा लेने को ही जीवन का अचीवमेंट मानकर इसी के सहारे पॉश कॉलोनी की हरी-भरी कन्या का दिल जीत लेते और फिर दूसरे क्रम में ससुर का भी दिल जीतकर घर जमाई बनने की पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री ले लिया करते थे । परंतु अब स्थितियां परिवर्तित हो गई हैं ।

गिटार बजाना, उपन्यास लिखना ,बालों में आड़ी टेढ़ी कंघी काढकर ,पतलून के पांयचे पतले चौड़े करने पर आजकल की लड़कियों का ध्यान नहीं जाता। अगर जाता भी होगा तो सिर्फ आठवीं पास नीम पागल लड़कियों का जो सिर्फ ऐसे ही चाल में रहकर सिनेमा का फर्स्ट शो देखने और हर साल बच्चे पैदा करने को बनी है । जो थोड़ी भी तमीज व सलीका रखती हैं वे स्टेबलिस्ट प्रेमी की तलाश में रहती हैं । वे मुलाकात का अवसर मिलने पर कंपनी बाग की झाड़ियों के पीछे एक परदेसी मेरा दिल ले गया नहीं गाने लगती , सीधे काम धंधे और आमदनी पर प्रश्न करती हैं । मुफ्तुल्ले और नल्ले की आज के जमाने में शादी कर पाने की कोई गुंजाइश नहीं है। अभी की लड़कियां इन आशंकाओं का भी समाधान करती है कि प्रेमी के कहीं घर जमाई बनने के आसार तो नहीं हैं । वे अब सोच समझकर सावधानी से पूरी तहकीकात कर ही मोहब्बत करती हैं ,कोई कोई तो पहले वापरें फिर विश्वास करें जैसे अचूक प्रयोग भी कर लेती हैं और यदि आगे चलकर अपनी किसी भी भूल का एहसास हो जाता है तो हस्तरेखा विशेषज्ञ के पास अपना भविष्य नहीं बंचवाती बल्कि खुद बांचती हैं और पटरी बदल लेती हैं । अब यह कालका एक्सप्रेस किसी अन्य स्टेशन पर रुकेगी।

प्यार में साथ जीने मरने की कसमें पूरी करने का जमाना अब नहीं रहा। जिन लोगों ने तीस चालीस साल पहले ये कसमें खाई थी वे पछतावों से भरे हुए हैं । सही मायनों में कुछ ने तो अपनी भूल सुधार की दिशा में कुछ काम भी किया पर आरटीओ से फिटनेस का नवीनीकरण ना होने के कारण अभी भी पुराना मॉडल ही चला रहे हैं । मुझे तरस आता है उन लोगों के लिए जिन्होंने अपने प्रेमी या प्रेमिका का साथ न मिलने पर ,या एक दूसरे को अच्छी तरह समझ जाने पर ,या साथ-साथ खाए वादों के पूरा ना होने पर शरीर त्याग दिए और आत्महत्या कर ली। वे अगर आज जिंदा होते तो सरकारी पेंशन का लाभ ले रहे होते । गरीब होते तो भी उनके खातों में सरकारी पैसे आ रहे होते । वे आठ दस बार सरकार बनाने में अपनी उंगली पर निशान लगवा चुके होते ,पर नासमझी ने उन्हें प्रेमियों की उस काली सूची में शामिल कर दिया।

पहले ज्यादातर औरतें प्रेम के पौधे के फल पहलू में थामे रेल की पटरियों, कुंए, रस्सी या चूहे मारने की दवाई इस्तेमाल कर लेती थी । प्रेम में कतई उम्मीद खो देने वाले लड़के भी संखिया या कनेर के बीजों का गुणकारी उपयोग कर लेते थे ।अब परिस्थितियां सुधर गई है ,अब यह अवसर नहीं के बराबर आते हैं ,लोग विकसित हो गए हैं ,व्यवहारिक हो गए हैं, व्यवसायिक हो गए हैं । सिनेमा और सीरियल्स में प्रेम गीत व कविताएं जो आ रही हैं वह पुराने किस्सों पर आधारित हैं । ऐसी आत्मघाती कथाएं पिछले बीस बरस से तो घटी नहीं है। क्योंकि अब जमाना यह समझा चुका है

"तुम जिसके नाम से जहर खा रहे थे,
वह किसी और के नाम का अचार खा रही है।"

फिट रहने के लिए क्या वीगन डाइट सुरक्षित विकल्प है ?

डॉ. सोनल कालरा
डाइटीशियन

कुछ सालों से बड़े शहरों, युवा वर्ग, बॉलीवुड मे एक शब्द वीगन डाइट का प्रचलन बढ़ा है। आखिर यह वीगन डाइट क्या है और क्यों लोग उसके लिए इतने दीवाने हैं ? आइए जानने की कोशिश करते हैं।

हालांकि कुछ वर्षों से ही इस शब्द का प्रचलन में आया है, मगर यह शब्द नया नही है। वीगन डाइट का मतलब ऐसे आहार का त्याग, जो पशु या उसके उत्पाद से प्राप्त होता है। जैसे दूध, दही, पनीर, आदि। वीगन डाइट का एक सीधा सा अर्थ है--केवल पौध आधारित भोजन। लोगो के बीच इसके प्रचलन का मुख्य कारण यह है कि ऐसा आहार वजन घटाने का एक अच्छा विकल्प है। पश्चिमी देशों से भारत आया यह डाइट प्लान कितना लाभदायक अथवा हानिकारक है, आइए समझने की कोशिश करते हैं--

एक रिसर्च के मुताबिक वीगन डाइट में स्वास्थ्य के लिए लाभदायक फल, सब्जियों और फलियों को शामिल किया जाता है, जिनमें सेहत के लिए फायदेमंद सभी तत्व अन्य डाइट प्लान के मुकाबले अच्छी मात्रा में होते हैं। यदि हम वीगन डाइट प्लान के फायदों की चर्चा करे तो, वे इस प्रकार हैं--

1. वजन घटाने मे मददगार--2015 मे हुए एक शोध के मुताबिक वीगन डाइट अन्य डाइट प्लान के मुकाबले तेजी से वजन कम करने मे सहायक है।

2. हृदय रोग के जोखिम को कम करता है--वीगन डाइट के सेवन से हृदय रोग की संभावना 40 से 50 प्रतिशत कम की जा सकती है।

3. टाइप--2 मधुमेह के खतरे में कमी--वीगन डाइट लेने से मधमेह का खतरा 34 प्रतिशत कम हो जाता है।

4. कैंसर के खतरे कम करता है--वीगन डाइट एंटी ऑक्साइडेंट से भरपूर होती है, जो कैंसर जैसे असाध्य रोगों के खतरे को कम करती है।

ये तो हुए वीगन डाइट के लाभ, पर क्या यह डाइट सिर्फ लाभदायक ही है? आइए इससे होने वाले हानिकारक प्रभाव पर नजर डालते हैं--

1. विटामिन बी 12 की कमी--विटामिन बी 12 लाल रक्त कणिकाओं की रक्षा के लिए आवश्यक तत्व है और यह केवल पशु उत्पादों में ही होता है। वीगन डाइट लेने वालों में इसकी कमी देखी जाती है।

2. कैल्शियम--पशु उत्पादों मे कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है। हमेशा वीगन डाइट ही लेने से कैल्शियम डिफीशियन्सी की संभावना बढ़ जाती है।

3. अवसाद का खतरा--वीगन डाइट के लगातार सेवन से अवसाद का खतरा बढ़ जाता है, क्योकि शरीर में ओमेगा--3 फैटी एसिड की कमी हो जाती है।

4.ईटिंग डिसॉर्डर--वीगन डाइट पर निर्भर लोगों मे अर्थोरेक्सिया, जो एक प्रकार का खान-पान से संबंधित विकार है, पाया जाता है। इसमें खाने की इच्छा प्रबल होती है, जिससे जरूरत से ज्यादा मात्रा में खाना खा लिया जाता है।

5. हार्मोनल डिस बैलेंस--वीगन डाइट पर निर्भर लोग सोया प्रोटीन का अधिक उपयोग करते हैं।सोया मे फाईटो एस्ट्रोजन होता है, जिससे हार्मोन्स पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यही निकलता है कि वीगन डाइट के प्रति ज़्यादा दीवानगी भी ठीक नहीं है। इसके सकारात्मक एवम नकारात्मक दोनों प्रभाव जान लेने के बाद यदि हम वजन कम करने के लिए वीगन डाइट के अलावा किसी अन्य विकल्प पर विचार करें तो भविष्य में आने वाली बहुत सी बीमारियों से अपने आप को बचा सकते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1789 में आज ही के दिन फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत हुई थी। 1798 में 14 जुलाई को ही अमेरिकी कांग्रेस ने राजद्रोह एक्ट को मंजूरी दी थी। 1850 में आज ही के दिन मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन किया था। 1853 में 14 जुलाई को ही न्यूजीलैंड में पहले आम चुनाव हुए थे। 1861 में आज ही के दिन कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने मशीनगन बनाई थी। 1927 में 14 जुलाई को ही हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू हुई थी।1933 में आज ही के दिन जर्मनी में नाजी पार्टी को छोड़ शेष सभी को गैरकानूनी घोषित किया गया और दमनकारी नीति की शुरुआत हुई थी। 1965 में 14 जुलाई को ही मंगल के पास से गुजरने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ने किसी दूसरे ग्रह की तस्वीरें लीं थीं। 1969 में आज ही के दिन जयपुर में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी की टक्कर होने से 85 लोगों की जान चली गई थी। 1976 में 14 जुलाई को ही अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी ने जिमी कार्टर को राष्ट्रपति का उम्मीदवार घोषित किया था। 1979 में आज ही के दन अमेरिका ने अपना न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्तः 19:54, चन्द्रोदयः 12:01, चन्द्रास्त : 23:56, अयन : दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : चित्रा, योग : शिव (पूर्ण रात्रि), प्रथम करण : वणिज (15:05 तक), द्वितीय करण : विष्टि (28:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : कन्या, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त :12:06 से 12:59, राहुकाल : 16:30 से 18:00, यमगण्ड : 14:13 से 15:54, दुर्मुहूर्त : 07:38 से 08:32, अमृत काल : 12:28 से 14:17, विजय मुहूर्त :14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त : 19:19 से 19:39, सायाह्न सन्ध्या : 19:20 से 20:21, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:43, राहुवास : पूर्व, होमाहुति : शुक्र, दिशा शूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : पाताल (15:05 से 28:18 तक)।

Ramaquiz

1) कहाँ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का 14 वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है?

2) किस राज्य सरकार द्वारा कुंजप्प मोबाइल ऐप लॉन्च की गई है?

3) द ग्रेट ओशन ट्रेड मार्ग किस महासागर से होकर गुजरता है?

4) रात्रि में लाल दिखाई देने वाला ग्रह का नाम क्या है?

5) माउंट एवरेस्ट के पास 21500 फीट से स्काईडाइव करने वाली पहली महिला कौन बनी है?

उत्तरमाला- (1) कोपनहेगन (2) केरल (3) उत्तरी अटलांटिक (4) मंगल (5) शीतल महाजन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आप प्रातः काल से ही यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंतिम समय में किसी कार्य के आने से विघ्न आ सकते है।

वृष : आज के दिन लाभ की संभावनाएं बनते बनते बिगड़ सकती है आलस्य की प्रवृति इसका कारण बनेगी।

मिथुन : आज भी दिन का अधिकांश समय आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। घर बाहर विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क : आज के दिन व्यवस्थाओं में सुधार आने से आय की संभावनाएं बढ़ेंगी। व्यवहार में भी शालीनता रहने से सभी लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

सिंहः आज प्रातः काल में किसी आवश्यक कार्य में विलम्ब होने अथवा बिगड़ने के कारण दिन भर क्रोध से भरे रहेंगे फिर भी व्यवहार में नरमी रखें अन्यथा अन्य लाभों से भी हाथ धो बैठेंगे।

कन्या : आज आपके सोचे कार्य प्रारंभिक गतिरोध के बाद सफल बंनेगे। व्यवसायी लोग उचित निर्णय क्षमता का लाभ अवश्य पाएंगे।

तुलाः आपकी आज की दिनचर्या भी संघर्ष वाली रहेगी। परिश्रम अधिक करने पर भी अल्प लाभ होने से मन दुःख होगा।

वृश्चिकः आज भी दिन आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा परन्तु आकस्मिक खर्च आज अधिक रहने से परेशानी भी होगी।

धनुः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसायिक एवं पारिवारिक उलझने कम होने से आज आपकी योजना सफल बनेगी।

मकरः आज भी परिस्थितियों में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इसलिए प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें।

कुंभ : आपका आज का दिन अत्यन्त थकान वाला रहेगा। कार्य की भरमार रहने से शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रह सकते है।

मीनः आज आपका पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा व्यवसाय में भी आकस्मिक लाभ होने से उत्साहित रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	री
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

मानसूनी द्रोणिका सक्रिय, अच्छी बारिश की संभावना

गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज शाम को मौसम बदला, आसमान में काले बादल छाए और झमाझम बारिश हुई। बारिश से गर्मी-उमस से लोगों को राहत मिली है। किसानों के भी चेहरे खिल गए। अब खेती की काम में तेजी आएगी। मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर, हिस्सार, दिल्ली, बाराबंकी, डेहरी, आसनसोल और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवात झारखंड और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल14 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने, अंधड़ चलने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। कल मानसून ब्रेक की स्थिति के कारण अच्छी वर्षा होगी। एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवात पूर्वी बिहार और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 14 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है।

भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले संभावित है। बिलासपुर में मानसून सक्रिय होने के बाद अब तक 11.18 इंच बारिश हो चुकी है, जिसमें जुलाई के पहले सप्ताह में 5 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं पिछले चार दिनों से बारिश नहीं होने के कारण धूप के साथ गर्मी और उमस ने बेहाल कर दिया है। आज सुबह भी आसमान में बदली छाई रही, जिसके चलते दोपहर में बारिश हुई।

खेती-किसानी में आई तेजी

जिले में इस समय खरीफ फसल की बोनी करीब 80 प्रतिशत हो गई है। पिछले कुछ दिनों से बारिश थमने के कारण खेती का काम रुक गया था, लेकिन अभी हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं और बची-खुची बोनी भी अंतिम चरण में है। पिछले दो दिनों से हुई बारिश जिले के लगभग सभी जगहों में है। अब आने वाले दो-चार दिनों तक बारिश की यही संभावना रहेगी। धान के अलावा हरी सब्जियों के लिए भी अभी हुई बारिश काफी लाभदायक है। सबसे अधिक लौकी, तरोई, खीरा, करेला, भिण्डी और मूली के लिए यह बारिश काफी लाभदायक है।

न्यूज गैलरी

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ बिलासपुर (इस्कॉन) द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रा का आयोजन कल दोपहर 3 बजे किया जाएगा, जिसमे जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे तथा भव्य नगर संकीर्तन, नृत्य व प्रसाद वितरण करते हुए सभी भक्तजन शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता केंद्र(बृहस्पति बजार) से होकर गोल बाजार होते हुए सदर बाजार से अग्रसेन चौक का भ्रमण कर अंत में वापस बृहस्पति बजार में पहुंचेंगे जहां भगवान जगन्नाथ जी की महाआरती व प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। इस बार फूलों से सुसज्जित भव्य रथ, 56भोग तथा महाआरती मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे इसके साथ ही जगह-जगह पर भक्तजनों तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा रथ यात्रा का स्वागत तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

शिक्षा जीवन की नींव: दुबे

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सीपत में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। अतिथियों ने मां शारदे की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने कहा कि शिक्षा जीवन बनाने की नींव है इसके बिना सर्वांगीण विकास संभव नही है। शिक्षा से समाज सशक्त एवं खुशहाल बन सकता है। आप सभी लक्ष्य प्राप्त करने पूरी मेहनत के साथ अध्ययन करें। शैक्षिक संकुल समन्वयक प्रमोद पांडेय ने कहा कि आप सभी जीवन मे अपने गुरुओं का सम्मान करें , सफलता निश्चित ही मिलेगी। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच प्रमिला देवी सिदार ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने में कोई भी कोताही न बरतें। जीवन मे शिक्षित व्यक्ति की ही पूछ परख होती है। अध्यक्षता कर रही प्राचार्या एबी कुजूर ने कहा कि बच्चे अनुशासित रहकर नियमित शाला आएं व शिक्षा के साथ संस्कारों को भी अपनाएं। इसके बाद नवप्रदेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण कर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्ववल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिए। अतिथियों ने सरस्वती सायकिल योजना के तहत छात्राओ को साइकिल भी वितरित किया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला प्रांगण में पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया गया। इस दौरान शाला के समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

पद्मश्री से सम्मानित जागेश्वर यादव का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध पदमश्री जागेश्वर यादव का कार्यालय उपसंचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, क्षेत्रीय इकाई, बिलासपुर में आगमन हुआ। संस्थान द्वारा इस अवसर पर उनका शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख डॉ. रूपेन्द्र कवि (उपसंचालक), सूरजदास मानिकपुरी (सहायक संचालक), चन्द्रभुषण मिश्रा (विधी सहायक), रूपेश्वर सिंह (अनुसंधान सहायक), शेख हासिम शरीफ (सहा. ग्रेड-02), एस. तिर्की (सहा.ग्रेड-02) उपस्थित रहे। ध्यातव्य है कि राज्य में बिरहोर आदिवासियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति रंक्षण, सामाजिक जागरूपता, जीवन की गुणवत्ता में सुधार जैसे क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। बिरहोर आदिवासी और संस्थान के बीच विभिन्न सर्वेक्षण वस्तुस्थिति का आकलन के लिए समन्वय का कार्य किया। उनके इन उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए इन्हे पदमश्री अलंकरण से अंलकृत

बिजली कटौती व लो वोल्टेज से लोग परेशान

हर आधे घंटे में बिना सूचना गुल होती है बिजली

विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा- धरना प्रदर्शन के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

बिलासपुर/करगीरोड (कोटा)/ नवप्रदेश। कोटा ब्लाक में बिजली की आंख मिचौली से आम जनता परेशान हैं। गौरतलब है की कोटा नगर में हर आधे घंटे में बिजली बिना कोई सूचना के बंद कर दी जाती है। वहीं बिजली विभाग ने मेंटेनेंस के नाम तय समय सीमा दिन तय कर बिजली बंद की जाती है, लेकिन कोटा में बिजली विभाग की उदासीन रवैया से बिजली दिन हो या रात, कभी तो हल्की बारिश होने से बंद कर दी जाती है, बिजली बंद होने बरसात के समय में रात्रि को काफी परेशानी होती है। वहीं बरसात के मौसम में मौसमी जीव जंतु, पहाड़ी इलाकों में सांप निकलने से चारों तरफ़ अंधेरा और बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं समय पर बारिश नहीं होने उमस भरी गर्मी से परेशान हैं, बिजली विभाग द्वारा मनमर्ज़ी से बिजली आपूर्ति बंद होने से नगर सहित आस पास ग्रामीण जन परेशानी उठाना पड़ रहा है, नगर पंचायत हो या ग्राम पंचायत सबसे बड़ी समस्या है तो पेयजल आपूर्ति बिजली विभाग की मनमानी रवैया से पेयजल नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों में पानी टंकी में पानी भरने से ही सप्लाई हो पायेगा वहीं समय में टंकी में पानी बिजली कटौती से नहीं भरने से समय पर टंकी से पानी सप्लाई होना संभव नहीं है, आखिर बिजली विभाग को हर आधे घंटे में बिजली बंद होने से क्या लाभ या क्या हानि होता है इसका जवाब बिजली विभाग के अधिकारियों के बाद नहीं है, कोटा ब्लाक मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन हर आधे घंटे में बिजली कटौती की समस्याओं को देखते हुए कोटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने 8 जुलाई को कोटा एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करके कोटा एसडीएम

उद्योगों को सप्लाई

छत्तीसगढ़ की बिजली को उद्योगपतियों को दिया जा रहा है, इसी कारण पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश भर में बिजली कटौती की समस्या है।

अटल श्रीवास्तव, विधायक, कोटा विस

विभाग की मनमानी

कोटा ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी आदित्य दीक्षित ने कहा की कोटा नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग के मनमाने तरीके बिजली कटौती सभी परेशान हैं।

आदित्य दीक्षित, ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस

सुधार कार्य में कटौती

बिजली बंद जरूरत होने पर ही बंद किया जाता है। या कर्मचारी के कार्य करने पर बिजली बंद किया जाता है।

राजेन्द्र जगत, प्रभारी जेई, रतनपुर

सफाईकर्मियों से मिले, जानी समस्याएं

सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने ली अधिकारियों की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष एम वेंकटेशन (केन्द्रीय राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त) ने आज बैठक लेकर सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से उनकी समस्याएं विस्तार से जानी। बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, सहायक कलेक्टर श्री तन्मय खन्ना सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

प्रार्थना सभा भवन में आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने एजेंसियों को निर्देश दिए की सफाई कर्मचारियों का वेतन हर हाल में 10 तारीख तक देना ही है। राष्ट्रीय अवकाश दिवस में कर्मचारी यदि काम करते हैं तो उन्हें उस दिन का दोगुना वेतन भी दिया जाना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सफाई कर्मचारियों को एजेंसियों द्वारा एग्रीमेन्ट के तहत सभी सुविधाएं प्रदान की जानी है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से वेतन, यूनिफॉर्म, पीएफ, बीमा आदि की जानकारी ली। उन्होंने वेतन भुगतान की तिथि भी सफाई कर्मचारियों से जानी। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाए। इस समिति के संबंध में कर्मचारियों को जानकारी भी दी जाए।

रेलवे अधिकारियों की ली बैठक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में आज पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन द्वारा रेलवे में सफाई कर्मचारियों के वर्किंग कंडीशन तथा कल्याणकारी गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित मीटिंग के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक, नीनु इटियेरा, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक/बिलासपुर, एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति रेलवे एसोशियेशन तथा अन्य पिछड़ा वर्ग रेलवे कर्मचारी एसोशियेशन के द्वारा सफाई कर्मचारियों के अधिकार एवं कल्याण बाबत् अध्यक्ष के समक्ष विभिन्न मुद्दे प्रस्तुत किये गये।

खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई हैं। योजना में धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर/तुअर, रागी एवं सोयाबीन फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान शुरू किया गया हैं। उप संचालक कृषि पी डी हथेस्वर ने किसानों से अनुरोध किया है कि वो अपना आधार कार्ड खरीफ वर्ष के लिए 31 जुलाई से पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणिकरण के बीमा मान्य नहीं होगा। अऋणी किसान को निम्न दस्तावेज देने होंगे।

निगम की आवंटित भूमि से हटेगा अवैध कब्जा

कलेक्टर ने प्रस्तावित अमेरी-तिफरा वैकल्पिक मार्ग का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने शहर में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। प्रमुख रूप से बृहस्पति बाजार में सब्जी मार्केट, जूना बिलासपुर में पशु चिकित्सा अस्पताल के एक हिस्से में लाइब्रेरी, अमेरी से तिफरा तक शहर प्रवेश के लिए वैकल्पिक सड़क चौड़ीकरण और गोकुल नगर जायज़ा लिया। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना भी साथ थे।

कलेक्टर अवनीश ने जूना बिलासपुर स्थित जिला पशु चिकित्सालय के एक हिस्से में लाइब्रेरी निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकित किया। स्मार्ट सिटी और डीएमएफ मिलाकर लगभग 6 करोड़ में इसका निर्माण किया जायेगा। मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लाइब्रेरी सह वाचनालय का विकास किया जाएगा। लगभग 80 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता होगी। कलेक्टर ने बृहस्पति बाजार में प्रस्तावित सब्जी मार्केट का भी अवलोकन किया। नक्शा और स्थल का मिलान कर परियोजना को समझी। डीएमएफ और नगर निगम की संयुक्त राशि से इसे बनाया जा रहा है। 218 चबूतरा और 37 दुकान इसमें शामिल होंगे। पार्किंग, इमरजेंसी एक्जिट और वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था इसमें रखी गई है। कलेक्टर ने तेज़ी से काम आगे बढ़ाने को कहा है। कलेक्टर इसके बाद शहर आने के लिए वैकल्पिक प्रवेश मार्ग के रूप में चिन्हांकित तिफरा से अमेरी मार्ग का निरीक्षण किया। लगभग 16 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। इसमें सड़क निर्माण के साथ मुआवजा भी शामिल हैं। सड़क की लंबाई 3.50 किलोमीटर और चौड़ाई 10 मीटर की होगी। कलेक्टर ने सड़क के अलाइनमेंट को देखा और पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर इसके बाद घुरू में गोकुल नगर की व्यवस्था देखी। उन्होंने नगर में सड़क रिनोवेट करने के प्रस्ताव देने को कहा। कुछ लोग गोकुल नगर में स्थल आबंटन के बाद भी शहर के भीतर डेयरी संचालित कर रहे हैं, उन्हें गोकुल नगर में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। यहां स्थित वेटेरिनरी हॉस्पिटल में नियमित रूप से पशु चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। गोकुल नगर के विस्तार सहित अन्य शासकीय योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए नगर निगम को घुरू में ही लगभग 66 एकड़ जमीन शासन द्वारा आबंटित की गई है। इस जमीन के हिस्से में कुछ लोग संघटित रूप से कब्जा कर लिए हैं। कलेक्टर ने इस पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए पूरी जमीन को कब्जा मुक्त करने के निर्देश निगम को दिए।

दो दुकानें सील, ट्रैफिक में बाधा बने 12 दुकानों के शेड हटाए

55 दुकानदारों को नोटिस सड़क से ठेले हटाए गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। अव्यवस्थित और ट्रैफिक में बाधा बन चुके बाजारों को व्यवस्थित करने की मुहिम के तहत नगर निगम ने आज शनिचरी बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सड़क तक अवैध रूप से शेड बनाकर ट्रैफिक को जाम करने वाले 12 दुकानों के बांस- तालपत्री वाले शेड को हटाया गया। दुकान के बाहर अवैध रूप से शेड लगाने से आवागमन अवरूद्ध हो रहा था और सड़क पर हमेशा जाम लगता था। इसके दो अवैध दुकानों को अतिक्रमण की टीम ने सील कर दिया,दोनों दुकानों का निर्माण बिना अनुमति के किया गया है,इन दुकानों का निर्माण नियम विरुद्ध था,जिस पर कार्रवाई करते हुए इसे सील किया गया है। नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखने वाले लगभग 40 दुकानदारों को निगम की टीम ने अंदर रखवाया है साथ में चेतावनी दी गई है की बाहर रखने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा 55 दुकानदारों को निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया गया है,दुकानदार दुकान के बाहर अपना सामान रखते है इसके अलावा बांस-लकड़ी समेत अन्य सामानों से शेड बनाए हुए है जिसकी वजह से ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है,साथ में नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है।

ठेलों के लिए नदी के दोनों ओर स्थान का चिन्हांकन

नगर निगम ने आज शनिचरी बाजार में कार्रवाई करते हुए सड़क पर ठेले लगाकर ट्रैफिक जाम करने वाले सभी ठेले को हटाया और दोबारा सड़क पर ठेले नहीं लगाने की चेतावनी दी गई है। नगर निगम द्वारा इन ठेले व्यापारियों के लिए रपटा के उस पार चांटीडीह में स्थान चिन्हांकित किया है और वाल्मिकी चौक की तरफ पानी टंकी के पास स्थान चिन्हांकित किया है। जहां पर इन ठेला संचालकों को ठेला लगाने को कहा गया है ताकि ट्रैफिक समेत अन्य परेशानियां ना हो। इन स्थानों पर निगम ने लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है।

रेल | बिलासपुर रेलवे जोन की 2 ट्रेनें 16-17 को कैंसिल

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनें रहेंगी प्रभावित, गोंडवाना में अतिरिक्त जनरल कोच

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग काम की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित दो गाड़ियों को कैंसिल कर दिया गया है। वहीं हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 1 एक्स्ट्रा जनरल कोच और 3 स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं। रद्द होने वाली गाड़ियां इस प्रकार हैं- जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल के रगौल-भरवां सुमेरपुर-यमुना साउथ बैंक लाइन दोहरीकरण काम के लिए खरियार-भीमसेन रेलखंड में 17 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का काम किया जाएगा।

रेल प्रशासन ने इस दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है। रेल प्रशासन ने दावा किया नान इंटरलाकिंग के कार्य से रेलवे के विकास को बढ़ावा मिलेगा वहीं रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। दूसरी ओर गाड़ी संख्या 12410/12409 निजामुद्दीन-रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस के कोच में बढ़ोतरी किए जाने से यात्रियों को और ज्यादा बर्थ की सुविधा मिलेगी। इन कोचों के जुड़ने से इस गाड़ी में अब 4 जनरल कोच और 5 स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। रेलवे प्रशासन ने एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की होने वाली भीड़ के मद्देनजर उनकी बेहतर यात्रा सुविधा के लिए ट्रेनों के कोच स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। इससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जनरल और स्लीपर कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। वहीं सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव भी कम होगा।

46 गाड़ियों में सामान्य श्रेणी के 92 कोच, 22 दूसरी गाड़ियों के भी विस्तार की योजना

सामान्य श्रेणी की के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे ने लंबी दूरी की 46 विभिन्न महत्वपूर्ण गाड़ियों में कोचों की संख्या में विस्तार करते हुए इन गाड़ियों में 92 नए कोच लगाए गए हैं जो सामान्य श्रेणी के हैं। कोचों की संख्या में वृद्धि के लिए 22 दूसरी गाड़ियों को भी चिन्हित किया गया है और उनमें सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाने की योजना बनाई गई है। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। जिन गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया गया है उनमें 15634/15633 गुवाहाटी बीकानेर एक्सप्रेस, 15631/15632 गुवाहाटी बाड़मेर एक्सप्रेस, 15630/15629 सिलघाट टाउन ताम्बरम नागौन एक्सप्रेस, 15647/15648 गुवाहाटी लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 15651/15652 गुवाहाटी जम्मू तवी एक्सप्रेस , 15653/15654 गुवाहाटी जम्मू तवी एक्सप्रेस, 15636/15635 गुवाहाटी ओखा एक्सप्रेस, 12510/12509 गुवाहाटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15909/15910 डिब्रूगढ़ लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस, 20415/20416 वाराणसी इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 20413/20414 काशी महाकाल वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस , 13351/13352 धनबाद अलप्पुषा एक्सप्रेस, 14119/14120 काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस, 12976/12975 जयपुर मैसूर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17421/17422 तिरुपति कोल्लम एक्सप्रेस, 12703/12704 हावड़ा सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस,12253/12254 बेंगलुरु भागलपुर एक्सप्रेस, 16527/16528 यशवंतपुर कन्नूर एक्सप्रेस, 16209/16210 अजमेर मैसूर एक्सप्रेस, 12703/12704 हावड़ा सिकंदराबाद एक्सप्रेस,16236/16235 मैसूर तूतीकोरिन एक्सप्रेस, 16507/16508 जोधपुर बेंगलुरु एक्सप्रेस, 20653/20654 केसर बेंगलुरु सिटी बेलगामी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17311/17312 चेन्नई सेंट्रल हुबली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12253/12254 बेंगलुरु भागलपुर अंग एक्सप्रेस,16559/16590 बैंगलोर सिटी सांगली रानी चेन्नम्मा एक्सप्रेस, 09817/09818 कोटा जंक्शन दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 19813/19814 कोटा सिरसा एक्सप्रेस, 12972/12971 भावनगर बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 19217/19218 वेरावल जंक्शन मुंबई बांद्रा वेरावल जंक्शन सौराष्ट्र जनता एक्सप्रेस, 22956/22955 मुंबई बांद्रा- भुज कच्छ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 20908/20907 भुज दादर सायाजी नगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 11301/11302 मुंबई बेंगलुरु उदयन एक्सप्रेस, 12111/12112 मुंबई अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12139/12140 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल नागपुर सेवाग्राम एक्सप्रेस गाड़ियां शामिल हैं।

■ न्यूज गैलरी

किसानों को बताई खेती की नई तकनीक

कांकेर/नवप्रदेश। चारामा ब्लॉक के ग्राम बड़ेगौरी में कृषि उपसंचालक के निर्देश अनुसार कृषक विशेश्वर सिन्हा के यहां आत्मा योजनांतर्गत खरीफ फसल प्रदर्शन 1एकड़ के लिए 8 चद्द.अरहर किस्म सीजी अरहर किसान को बीज निःशुल्क दिया गया है। बीजोपचार कर बीज को लाइन से लगवाया गया। जिसमें लाइन से लाइन की दूरी 1 मीटर तथा पौधों से पौधों की दूरी 30 cm रखी गई है। लिलेझर क्षेत्र के(ग्रा0 कृ0 वि0अधि0)कवल सिंह कश्यप असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर)गोपाल कृष्ण किसान मित्र गेश्वर घरत उपाथित थे।

डढ़िया तालाब सफ़ाई अभियान

विधायक, कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान

कांकेर/नवप्रदेश। नगर की प्राचीन धरोहर डढ़िया तालाब का कायाकल्प करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस सफाई अभियान में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन और गैर सरकारी संगठनों के द्वारा एकजुट होकर सहयोग दे रहे हैं। इसी क्रम में आज विधायक आशाराम नेताम और कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने ऊपर नीचे रोड किनारे स्थित डढ़िया तालाब पहुंचकर श्रमदान किया और सफ़ाई अभियान में शामिल सभी लोगों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, पार्षद जयंत अटभैया, अरुण कौशिक, अविनाश नेगी, अजय मोटवानी, विजय लक्ष्मी कौशिक, उगेश्वरी उइके, टेश्वर जैन, अशोक राठी, संजय सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों, होमगार्ड, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया। उल्लेखनीय है कि शहर की ऐतिहासिक डढ़िया तालाब को जलकुंभी से मुक्त करने और स्वच्छ बनाने के लिए पिछले तीन सप्ताह से सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, नागरिकगण सक्रियता के साथ परस्पर सहयोग दे रहे हैं।

बड़ेपारा स्कूल में बच्चों को डेंगू के प्रति किया जागरूक

बचेली/नवप्रदेश। प्रदेश में मानसून की एंट्री हो चुकी है. मानसून की दस्तक के साथ ही मौसमी बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ने लगता है. मानसून में सबसे अधिक खतरा डेंगू का होता हैं। शिक्षकों द्वारा साफ सफाई के महत्व को बताते हुए मच्छर की रोकथाम कैसे की जाए बताया गया। डेंगू नियंत्रण के लिए कूलर, टोकना, गमला, खाली बर्तनों, टायरों में भरे पानी की जांच कर पानी नहीं रुकने, या जमा होने ना देने की . साथ ही मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव भी कराया जा रहा है. इसके साथ ही सावधानी बरतने के लिए नियमित तौर पर 7 दिनों तक सफाई करने, पानी जमा न होने देनें के साथ ही मच्छरदानी के इस्तेमाल की हिदायत दी गई है. इसके साथ ही लोगों को सोते समय हाथ-पाव को पूरी तरह ढंक सर सोने की सलाह दी गई . बुखार या डेंगू के लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाने की सलाह भी दी गई।

सौंदर्यीकरण के लिए मुक्तिधाम तोड़ा, अब तक नहीं बना

■ बारिश में अंतिम संस्कार में हो रही दिक्कतें

■ जिला मुख्यालय में शव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था नहीं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में बारिश के मौसम में अगर किसी कि मृत्यु हो जाए तो उसे उसके शव का अंतिम संस्कार करने में पसीने छूट रहे हैं। यहां न तो मुक्तिधाम ही है न ही बारिश में शव जलाने के लिए टीन का शेड, शव जलाने के लिए लकड़ी तक कि व्यवस्था जिला मुख्यालय के वन काष्ठागार में नहीं है। इस संवेदनशील समस्या के प्रति न तो जिले के अधिकारी गंभीर हैं न ही चुनकर आए वे तमाम जनप्रतिनिध जो अपने को जनता का सेवक कहते हैं और जिनकी जवाबदारी जनता के प्रति सबसे ज्यादा है।

गौरतलब है कि नगर के डंकनी पुल के उस पार स्थित नगर के पुराने मुक्तिधाम स्थल को करीब 10 माह पूर्व सौंदर्यीकरण (पार्क, बाउण्ड्रीवाल एवं काम्पलेक्स निर्माण) के नाम पर ढहा दिया गया था । उक्त स्थल पर डीएमएफ फंड से करोड़ों का कंस्ट्रक्शन कार्य वर्तमान में चल रहा है। इस कार्य की एजेंसी ट्रायवल विभाग है। शव जलाने वाले शेड, एवं वहां गड़े लोहे इत्यादि को भी उखाड़ दिया गया। नया मुक्तिधाम अभी बना नहीं है। मुक्तिधाम हटाने के बाद प्रशासन ने आज तक किसी दूसरे स्थल पर अब तक शव जलाने के लिए शेड इत्यादि की टेंप्रेरी व्यवस्था तक नहीं की गई है जिसके चलते बारिश के मौसम में शव जलाने में नगर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग नदी किनारे ले जाकर अपने शवों को जला तो रहे हैं मगर इस बीच बारिश से लकड़ी गीली होने से शव के अधजले होने की आशंका से भी लोग खौफजदा हैं। बारिश के वजह से अंतिम संस्कार में हो रहे व्यवधान हो रहा है जिसको लेकर नगर के लोगों में प्रशासन की लचर व्यवस्था के प्रति भारी रोष है।

नगर के प्रबुद्धजनों का कहना है कि प्रशासन को इस संवदेनशील मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यक है। मृत्यु जैसे अंतिम अति अनिवार्य क्रिया में इस तरह की प्रशासनिक लापरवाही कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है। जनप्रतिनिधियों को इससे कोई लेना देना नहीं है। । परेशान तो उन्हें हो रही है जो अपनों को खोने के बाद उनका सही ढंग से अंतिम संस्कार तक नहीं कर पा रहे हैं। एक ओर अपनों को खोने का दुख तो दूसरी ओर अंतिम संस्कार में आ रही परेशानी। दुखी परिवार को दोहरी पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

हाल ही में 10 दिनों के भीतर नगर में दो गणमान्य वरिष्ठ लोगों की मृत्यु हुई है और इन दोनों परिवारों को भरी बारिश में बगैर शेड के खुले में नदी किनारे शवों का अंतिम संस्कार भारी अव्यवस्था के बीच करना पड़ा है। एक पीड़ित परिवार ने कहा कि न तो शेड की व्यवस्था है और न ही मुख्यालय में शव जलाने के लिए लकड़ी ही मिल रही है। दंतेवाड़ा वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा लकड़ी नहीं होने की बात कही गई जिसके बाद दुख वेदना झेल रहा परिवार गीदम वन क्षेत्र से जाकर लकड़ी खरीद कर लाया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार वो कर पाए। यह हाल किसी दूरस्थ गांवों का नहीं बल्कि विकास की राह पर सरपट दौड़ता जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा का है। नगर में शव जलाने के लिए शेड की व्यवस्था तक नहीं है ना ही मृतक परिवार को एक चटटा लकडी ही नसीब हो पा रहा है।

यादव समाज की बैठक में प्रतिभाशाली बच्चों को किया पुरस्कृत

कांकेर/नवप्रदेश। यादव समाज कांकेर की संयुक्त बैठक टिकरापारा वार्ड यादव समाज के साथ कांकेर के टिकरापारा पारा मेलाभाठा भवन कृष्ण सदन में रखी गई। जहां टिकरापारा यादव समाज के व्दारा मासिक बैठक के विषय चर्चा की गई व उत्तीर्ण बच्चों को कापी पेन वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही कांकेर यादव समाज में भवन जो कि बारिश में सीपेज होने लगा है उसे लेकर रख रखाव व शासन प्रशासन से मांग पर चर्चा कि गई गिरधर यादव ने कहा कि हम सरकार से यादव भवन के ऊपर छात्रावास कि मांग करेंगे क्योंकि शहर के बीचोबीच भवन है दूर दराज से आने वाले और गांव से जो शिक्षा ग्रहण करने आते है उन्हें रूकने के लिए कोई उचित स्थान बिना किराये पर नहीं मिलता अगर यादव भवन के ऊपर छात्रावास का निर्माण कर दिया जाये तो भवन भी सुरक्षित हो जायेगा और पढ़ने वाले बच्चों को एक साधन भी उपलब्ध हो जाएगा। बैठक में और अन्य सामाजिक चर्चा कि गई और मांग तथा आने वाले जन्माष्टमी पर्व के चर्चा के लिए 14 जुलाई रविवार को शाम 7 बजे बैठक रखी गई है जिसमें सभी कांकेर में निवासरत यादव बन्धुओं व मातृ-शक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

बैठक में टिकरापारा यादव समाज से तीजु यादव, रोहित यादव, चिन्टू यादव, बल्लू यादव, शिवचरण यादव, संजय यादव, रुपेश यादव, लक्ष्मीकांत, रमाकांत यादव, सतीश यादव, राजु यादव, शैलेन्द्र यादव, इन्दु यादव, जयंती यादव, लक्ष्मी बाई यादव, रूखमणी यादव, रूपोतिन यादव, परनीया यादव, सुशीला, मालती, नंदा, मोना यादव, हेमंत यादव, उत्तम यादव, सोनऊ यादव, राजेश यादव, मधु यादव, कमल यादव, धनेश यादव मोहन यादव गजेन्द्र यादव व सामाजिक जन उपस्थित थे।

अब मितानिनों के खाते में आएगी प्रोत्साहन राशि

सरकार की महती योजना से हमारी मितानिन बहनें और भी ज्यादा होगी लाभान्वित: आशा

कांकेर/नवप्रदेश। नवा सौगात योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी मितानिनों सहित कांकेर जिले के 03 हजार 310 मितानिनों को हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि राज्य से अब सीधे उनके खाते में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में मितानिनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा भी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया।

जिले में यह वर्चुअल कार्यक्रम मातृ एवं शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कांकेरआशाराम नेताम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य के साथ ही नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण से मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन चेतना के जागरण का कार्य करती हैं। स्थानीय पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य के संबंध में समुदाय की भागीदारी के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। शासन के समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को जन-जन तक प्रचारित करने एवं उनका लाभ लेने के लिए मितानिन अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना से अब हमारी बहनें अधिक सफल एवं समर्थ होकर कार्य करेंगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख कड़ी हैं, जो स्वयंसेवक की भूमिका अदा करते हुए जन-जन को अच्छे स्वास्थ्य का संदेशा पहुंचाते हैं। इस योजना से अब मितानिनों को हर माह प्रोत्साहन राशि राज्य से सीधे उनके खाते में आने से उन्हें काफी मदद मिलेगी। विशिष्ट अतिथिअनिरुद्ध साहू ने भी मितानिनों के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे बेहतर कार्य की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत नाग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला एनसीडी सलाहकार, आईडीएसपी सेल के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जिले के मितानिन उपस्थित थे।

दिल्ली में महिलाओं का नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सहकारी संघ मर्या. कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा सहकारिताओं के महिला पदाधिकारियों हेतु नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (21 अगस्त से 23 अगस्त 2021) तीन दिवसीय एनसी.सी.ई. नई दिल्ली में प्रायोजित है। महिलाओं को सशक्त बनाना और आत्मविश्वास जगाना, आवश्यक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त सहकारी क्षेत्र के महिला पदाधिकारी भाग ले सकेंगे। उक्त प्रशिक्षण निःशुल्क होगा इसमें ST/SC/OBC वर्ग की प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा।

अतः कांकेर जिले में कार्यरत सहकारी संस्थाओं के महिला बहनें इस प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठा सकेगें।

नेरली का आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण शीघ्र होगा पूर्ण

दंतेवाड़ा/किरंदुल/नवप्रदेश। पटेलपारा-बेहनार ग्राम पंचायत के अंतर्गत नेरली गांव में लंबे समय से लंबित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण आखिरकार इस साल जुलाई तक पूरा हो जाएगा। यह आश्वासन ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ने जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित जवाब में दिया है। यह मामला किरंदुल निवासी प्रवेश कुमार जोशी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत के माध्यम से प्रकाश में आया था। शिकायत में आंगनबाड़ी केंद्र की दयनीय स्थिति को उजागर किया गया था, जिसका निर्माण एक दशक से अधिक समय से लंबित था।

शिवसेना ने मरदेल से सालेह सड़क मरम्मत की मांग की

कांकेर/भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर कार्यालय पहुंचकर मरदेल से सालेह तक के सड़क मरम्मत की मांग की गई। गौरतलब है कि विगत कई दशकों से मरदेल से सालेह तक का मार्ग क्षतिग्रस्त है।जिसके कारण उस क्षेत्र के नागरिकों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है।

प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती है।जिसकी मरम्मत की मांग को लेकर विगत कई बार शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च अधिकारियों, शासन प्रशासन से मांग की गई। किंतु शासन प्रशासन द्वारा इसकी उपेक्षा की गई। आज शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर पहुंचकर अविलब मरदेल से सालेह मार्ग का मरम्मत करने का मांग की किया गया।

टॉपर छात्रों को प्रदान किया साइकिल, बढ़ाया उत्साह

एएम/एनएस इंडिया की ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवार्ड

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एएम/एनएस इंडिया के सीएसआर पहल ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवॉर्ड के तहत, किरंदुल में हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल और डिग्री कॉलेजों के 39 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को साइकिल का वितरण किया गया। इन छात्रों को किरंदुल नगर परिषद के अध्यक्ष, महाप्रबंधक (एएम/एनएस इंडिया, किरंदुल) सहित बीआरसी, सीएससी अधिकारियों, प्राचार्यों, छात्रों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में साइकिलें प्रदान की गई।

इसके अलावा एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा 31 पाइपलाइन गांवों के 31 टॉपर छात्रों को संबंधित प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साइकिल एवं लेडी साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बिनती खिल्लो (जिला परिषद्, चित्रकोंडा), जीएम (एएम/एनएस इंडिया किरंदुल) सहित प्रत्येक स्कूल के प्रधानाध्यापकों, छात्रों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही।

एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की पहल ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवॉर्ड का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है, जिससे उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। कम्पनी अपने निरन्तर प्रयासों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ...

मामले की (दैनिक नवप्रदेश) की टीम आपको जानकारी दे रही है, जहां छत्तीसगढ़ की साय सरकार नन्हीं सी बच्ची के लिए बड़ा सहारा बनी है। चोटिल बच्ची की आंख चली गई थी.. जीवन अंधकारमय हो गया था, पर पहले ही जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीड़ित को लेकर संवेदनशीलता के साथ बच्ची की आंख पहले जैसे दिखे इसके लिए तत्काल आदेशित किया। स्वास्थ्य विभाग ने भी तत्परता दिखाई और केवल सप्ताहभर के अंदर बच्ची की दोनों आंखें पहले जैसी दिखने लगीं।

बच्ची के साथ 27 जून को सीएम से मिले पिता

बता दें कि नूतन की आंख में खेल-खेल में चोट लग गई थी, जिससे उसका रेटिना खराब हो गया। उसके पिता काशी राम ठाकुर मुख्यमंत्री निवास में 27 जून को आयोजित प्रथम जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए नूतन की आंख का इलाज करने सहायता का आग्रह किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को नूतन का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए थे।

.. पर आंख से चली गई रोशनी

इलाज के बाद पता चला कि बच्ची की आंख की रोशनी पूरी तरह से जा चुकी है। तब मां मंटोरा और पिता काशीराम को धक्का लगा। वे बच्ची के भविष्य को लेकर चिंतित रहने लगे। नींद गायब हो गई, आंखों में आंसू थे कि नूतन का जीवन कैसे चलेगा। लोग उससे पता नहीं कैसा व्यवहार करेंगे। काशीराम ने बताया इसी चिंता के बीच रोजगार भी देखना था, ड्यूटी पर रायपुर आता, पर चिंता बच्ची की ओर लगी रहती थी। हम सोच नहीं सकते थे कि महंगा इलाज कराकर बच्ची की आंख को पूरी तरह ठीक किया जा सके।

..और फिर लौट आई खुशियां

काशीराम ने बताया इसी बीच किसी ने मुख्यमंत्री से सहायता लेने की सलाह दी और मैंने आवेदन तैयार कर बच्ची के साथ प्रथम जनदर्शन में सीएम साहब के पास आवेदन प्रस्तुत किया। केवल सप्ताहभर के अंदर संवेदनशील सरकार ने हमारी खुशियां लौटा दी। हम सरकार को दिल से धन्यवाद करते हैं।

बेहद संजीदगी से संभालना पड़ता है। इसके बगैर पूरी दुनियां अंधकारमय हो जाता है। अगर एक आंख किसी कारण से खराब हो जाती है, चोट या जन्मजात विकृति या फिर बीमारी के कारण खराब हो जाए, तो दूसरी आंख के सहारे पूरी जिंदगी बीता सकते हैं, पर यहां दूसरा पहलु ये है कि उसका आत्मविश्वास डगमगा जाता है.. जीवन अधूरा लगता है.. सभी की नजर उस इंसान के शरीर में अंग की कमी की ओर हो जाती है। रंजना ने कहा आत्मविश्वास के साथ सामान्य जीवन जीने के लिए डैमेज की जगह अगर कृत्रिम आंख लगा दी जाए तो उसके तन, मन में उत्साह.. उमंग .. स्थान ले लेता है और जीवन खुशियों से भर जाता है।

उपचुनाव में गठबंधन --

बंगाल की राजगंज सीट टीएमसी ने जीती

बंगाल की रायगंज सीट से टीएमसी ने जीत हासिल की है। टीएमसी के कृष्णा कल्याणी रायगंज से चुनाव जीत गए हैं।

देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी और अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर की जीत पर हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा हिमाचल की जनता ने हमें 2022 में 40 सीटें दी थी, हमें फिर से जिताना जनता ने तय किया है। जिस प्रकार की खरीद-फरोक्त हिमाचल में हुई है उसका जवाब जनता ने दिया है... देहरा उपचुनाव में मैंने अपनी सरकार की साख दांव पर लगाई थी, 25 साल से कांग्रेस पार्टी वहां जीत नहीं पा रही थी।

अयोध्या में गूंजा, छत्तीसगढ़ के ..

से बेर ले जाकर भगवान को भेंट करें, जहां के बेर खुद माता शबरी ने प्रभु श्रीराम को अपने हाथों से खिलाये थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन जूठे बेरों का स्मरण हमेशा के लिए लोक स्मृति में दर्ज हो गया है। माता शबरी की इस धरती से भगवान श्रीराम के लिए यह उपहार ले जाने का हमें सौभाग्य मिला इससे बढ़कर हमें क्या चाहिए।

रामलला के दर्शनों से अभिभूत मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम ने हमें रामराज्य का आदर्श दिया है। छत्तीसगढ़ में रामराज्य के आदर्श को लेकर हम चल रहे हैं। श्रीरामलला का दर्शन कर हमने प्रभु से अपने प्रदेश के सुख-समृद्धि की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम श्रीरामलला दर्शन योजना के माध्यम से हमारे प्रदेश के बहुत से श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन का पुण्य लाभ ले चुके हैं। उन सबसे श्रीरामलला के भव्य मंदिर और उनकी मंजुल मूर्ति की प्रशंसा सुनकर मन बहुत प्रसन्न होता था। आज हमें भी रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिल गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के कैबिनेट के सहयोगी उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा भी मौजूद रहे। इसके साथ ही श्री किरण देव, श्री अजय जामवाल एवं श्री पवन साय भी मौजूद रहे।

कारोबारी के दफ्तर में ...

रायपुर पहुंचे थे। शूटरों की तलाश में छत?तीसगढ़ एसआईबी की टीम भी जुटी हुई थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि चारों को अमन साहू गैंग से जुड़ा मयंक सिंह मलेशिया में बैठकर निर्देश दे रहा था।

बाइक छोड़ ऑटो से हुए फरार

दोनों हमलावर फायरिंग करने के बाद घटना स्थल से कुछ दूर तेलीबांधा गुरूद्वारे के पास वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक को वहीं रास्ते में छोड़ दिया और एक काले पिले रंग की ऑटो में बैठ कर रेलवे स्टेशन की तरफ जाते हुए दिखे। दोनों शूटरों ने ऑटो में ही अपनी पहचान छुपाने के लिए कपडे बदले लेकिन चेहरे से नकाब नहीं हटाया।

डॉग स्क्वाड ने बताया हमलावरों के भागने का रास्ता

वहीं इस घटना की जाँच कर रही रायपुर पुलिस ने डॉग स्क्वाड को मदद के लिए बुलाया तब कहीं जाकर हमलावरों इ भागने के रास्ते का पता चल पाया ओर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिलने शुरू हुए। वहीं दोनों शूटरों की पहली तस्वीर सरोना से टाटीबंध मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसके आधार पर पुलिस आशंका जता रही है की हमलावर दुर्ग के रास्ते होते हुए रायपुर दाखिल हुए थे। फिलहाल दोनों शूटर फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं जिनकी मुस्तैद से तलाश जारी है।

झारखंड के सीएम हेमंत ...

एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी अधिकारियों के खिलाफदर्ज मामलों का हवाला दिया था। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद पहली बार सीएम हेमंत सोरेन ने दिल्ली पहुंचकर सोनिया गांधी से मुलाकात की। बताया जाता है कि दोनों में इस वर्ष झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विपक्षी गठबंधन (इंडिया) विस चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता और सीएम हेमंत सोरेन के चेहरे पर लड़ेगा।

क्रिकेट में कोई शार्टकट नहीं, मैदान में सर्वश्रेष्ठ ..

महत्वपूर्ण बात थी क्योंकि हमारी टीम नई थी और अधिकतर खिलाड़ी पहली बार खेल रहे थे यह छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का बहुत अच्छा निर्णय था। कैफभाई ने हमें बताया कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट कैसे खेलना है उन्होंने हमें बड़ी-बड़ी टीम से लडना सिखाया। यह हमारे लिए बहुत सकारात्मक बात थी ।

रणजी ट्रॉफी खेलना शुरुआत से ही मेरा सपना था और मेरी हमेशा से सोच थी जो पहला मैच खेलना है तो उसमें मुझे शतक बनाना है। कई बार यह होता है कि हम जो दृश्यावलोकन करते है वह होता है और वही हुआ मैंने शतक बनाया और हमारी टीम ने त्रिपुरा को हराकर पहला ही मैच जीता और मुझे मैन ऑफ द मैच मिला यह पल बहुत ही खास था।

सवाल - आपने स्कूल टीम की कप्तानी की है साथ ही अभी सीसीपीएल में भी सरगुजा टाइगर्स की टीम का नेतृत्व किया है बल्लेबाज़ के रूप में कप्तानी का दायित्व भी सम्हालना कैसा रहा अनुभव ?

जवाब - मैंने कप्तानी का हमेशा आनंद लिया है, मेरी सोच हमेशा से यही रही है कि कप्तानी आपके लिए प्रेशर नहीं है यह एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है यह मुझे और अधिक ध्यान केंद्रित होना सिखाती है। मैं हमेशा से साथी खिलाड़ियों को साथ लेकर चलता हूँ, साथ ही मुझे पता होता है कि किस खिलाड़ी में कितना पोटेंशियल है और उससे किस तरह से अच्छा प्रदर्शन करवाना है ।

सवाल - अभी तक छत्तीसगढ़ की क्रिकेट ने 8 वर्षों का सफर तय किया है और आप शुरुआत से टीम के साथ है कैसे देखते है इसे ?

जवाब - हमने बहुत कम समय मे भारतीय क्रिकेट जगत में अपना मुकाम बनाया है हम शुरुआत से अच्छी टीमों के विरुद्ध प्रतिस्पर्धी रहे है हमने टॉप टीमों को हराया है ।

■ न्यूज गैलरी

हिट एंड रन मामलों में मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 2 लाख

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय हिट एंड रन की मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती निधि शर्मा, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम घनश्याम तंवर, एसडीओपी मनोज तिर्की सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य जिला स्तर पर हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामलों की निगरानी और समाधान पर चर्चा करना था। इस दौरान जिले में हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुये और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए योजनाएं बनाई गई। बैठक में पिछले मामलों की समीक्षा करते हुये जिले में हुई हिट एंड रन घटनाओं की जानकारी ली गई। नए मामलों पर चर्चा कर हाल ही में हुई दुर्घटनाओं की जानकारी और उनके लिए उठाये गए कदम की समीक्षा की गई। निगरानी तंत्र में सुधार और दुर्घटनाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग प्रणाली में सुधार के उपायों पर चर्चा की गई। सार्वजनिक जागरूकता सड़क सुरक्षा और हिट एंड रन घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई।

भाजपा की जीत पर सांसद ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद मतदाताओं का सम्मान करने आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे सांसद संतोष पांडे ने जीत के लिए मतदाताओ काआभार जताया। भाजपा द्वारा विधानसभावार कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के सम्मान का कार्यक्रम राममंदिर परिसर में आयोजित हूआ । कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद पांडे ने कहा कि आज जो भी वे कार्यकर्ताओं के दम पर है । खैरागढ़ से भी लोकसभा चुनाव मे बड़ी जीत मिली उसका कारण केवल कार्यकर्ताओं की मेहनत है । विधानसभा और लोकसभा के बाद अब निकाय और पंचायत चुनाव की बारी है । ताकि अधिक से अधिक सीटे जीतकर केन्द्र सरकार की अंत्योदय योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा सके । जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार बेहतर कार्य कर रही है राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र मे सांसद पांडे ने भी बड़े कार्य किए संसद मे भी वे सक्रिय है । जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सांसद संतोष पांडे के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है जो कांग्रेस के शीर्ष को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से जो परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है उसका श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को जाता है । कांग्रेस प्रत्याशी के घमंड को चकनाचुर करने मे कार्यकर्ताओ का अहम योगदान बताया ।

कलकसा में प्रवेश उत्सव के साथ पालकों की बैठक

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम पंचायत कलकसा प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव एवं पालक बैठक का आयोजन जिपं सभापति विप्लव साहू जनपद उपाध्यक्ष मुरली सिंह वर्मा, की उपस्थिति में हुई। जिपं सभापति विप्लव साहू ने जीवन का मुख्य स्त्रोत शिक्षा और ज्ञान को बताते कहा कि इसकी जड़ें बचपन से ही लगती है जो मजबूत आधार बनती है । स्कूल और शिक्षकों के साथ तालमेल, लगातार मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है पालकों को भी स्कूल आकर व्यवस्था देखनी होगी । ग्रामीणों द्वारा सड़क की मांग पर साहू ने कहा कि इसे जल्द स्वीकृत कराने प्रयास होगा । इस दौरान मंशाराम सिमकर, रविन्द्र सिंह गहरवार सरपंच चतुरपाल, ग्राम पटेल ईश्वर कुर्रे सदालाल कुर्रे शाला समिति अध्यक्ष अंजोर कुर्रे ,मिलेष बघेल सूरज कुर्रे, कोमल कुर्रे, उदय सोनवानी, विकाश कुर्रे, महिलाये, छात्र-छात्रा और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

डायरिया से मौत को लेकर शासन और प्रशासन के बयान में भी भिन्नता

■ **सोनवाही गांव में डायरिया या उल्टी-दस्त से पांच ग्रामीणों की मौत नहीं, अलग-अलग कारणों से हुई घटना: कलेक्टर**

■ **बैगा बाहुल्य गांवों में डायरिया, मलेरिया और मौसमी बीमारियां रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें :उपमुख्यमंत्री**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में फैली रही डायरिया को लेकर शासन और प्रशासन के अलग-अलग बयान सामने आए हैं। कलेक्टर और सीएमएचओ का कहना है कि सोनवाही में हुए अलग-अलग मौतों के कारण भी अलग अलग हो सकते हैं। जिसका खुलासा पीएम के बाद ही हो पाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वहां पीड़ित परिवार से मिले और हुए मौत के संबंध में जानकारी लेकर कलेक्टर और सीएमएचओ को जल जनित बीमारियों से फैल रहे डायरिया को रोकने के लिए तत्काल शिविर लगाने के साथ पीड़ितों की हर संभव इलाज करें। डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे और सोनवाही के बैगा बाहुल्य क्षेत्र पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले तो इसके साथ 5 लोगों के मृत्यु का कारण डायरिया या उल्टी दस्त से नहीं होना बताया जा रहा है । उच्च अधिकारी की माने तो सभी की मृत्यु अलग-अलग जगह होना व कारण भी अलग -अलग बताया जा रहा है। तो वहीं अब मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने बाद पता चल पाएगा ऐसा भी कहा गया है। ग्राम के लोगो की मानें तो उल्टी दस्त से मृत्यु होना बताया जा रहा है । फिलहाल अब मौत का कारण पता नहीं चल पाया है । पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता लग सकेगा ।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम सोनवाही पहुंचकर ग्रामीणों सहित पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को हुई दो ग्रामीणों की आकस्मिक मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।

उन्होंने ग्राम सोनवाही के आदिवासी बालक छात्रावास में बनाएं गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और उपचार कराने आएं मरीजों से चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया, उल्टी दस्त और जलजनित बीमारियों का संक्रमण ना हो इसके लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है। उन्हांने कलेक्टर को वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और और मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को दो ग्रामीणों की मौत हुई है। पांच ग्रामीणों की मृत्यु होने की बात सामने आई थी। इस विषय पर बोड़ला एसडीएम और सीएमएचओ को जांच और घर-घर पहुंच कर सर्वे करने के निर्देश दिए गए थे। सोनवाही में जो पांच ग्रामीणों की मौत की खबर थी, वह अलग-अलग कारणों से और अलग-अलग जगह में हुई है। सभी का मृत्यु का कारण डायरिया या उल्टी-दस्त नहीं हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि 10 जुलाई को गांव में दो ग्रामीणों की मृत्यु होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झलमला के चिकित्सक और स्वास्थ्य अमला 10 जुलाई को पहुंचकर गांव के आदिवासी बालक आश्रम छात्रावास में अस्थायी रूप से अस्पताल बनाया गया और वहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण का काम शुरू किया गया। दूसरे दिन 11 जुलाई को कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तर और चिल्फी के और अतिरिक्त स्वास्थ्य टीम को भेजकर ग्राम सोनवाही में तैनात किया गया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से पूरे घटना की विस्तृत जानकारी भी ली। सीएमएचओ डॉ राज ने बताया कि 10 जुलाई को गांव के सोनसिंह पिता ईतवारी उम्र लगभग 45 वर्ष और एक महिला फूलबाई पति मंगल सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष की मृत्यु की सूचना मिली। ग्रामीणों मुताबिक सोनसिंह अपने खेत से काम कर घर लौटा था, उन्होंने अपने तबीयत खराब होने की जानकारी अपने घर वालों को दी।

डिप्टी सीएम शर्मा ने अस्थाई स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और उपचार कराने आए मरीजों से चर्चा की। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि ग्राम सोनवाही में 194 घर है, जिसकी कुल आबादी 580 है। इस गांव में 12 कुंआ और 02 हैंडपंप है। एक मितानिन भी कार्यरत है। उन्होंने बताया कि बीमारी के लक्षण मिलने पर गांव में लोगों का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। 11 जुलाई को 194 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था, जिसमें 08 लोगों का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया। इनमें 07 लोगों को मौसमी बुखार के लक्षण और 01 को उल्टी हो रही थी। जांच के दौरान 19 मलेरिया पॉजीटिव पाएं गए। इसी प्रकार 12 जुलाई को 144 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 12 को मौसमी, सर्दी बुखार के लक्षण पाए गए है, जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झलमला में भर्ती कराया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के आह्वान में कवर्धा जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौपा । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार मांग पत्र मंत्री एंव विधायक के दे रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसमें 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था लेकिन बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है। इसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त संबंध में मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री अन्य कैबिनेट मंत्री ,सांसद सहित 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं, उसके बाद भी निराकरण नहीं किया गया है। इस अवसर पर हर्ष चंदेल ,सौरभ तिवारी, भास्कर देवांगन, उषा पटेल,बुद्धेश्वर प्रताप ,दुर्गेश गुप्ता , दीपेश निर्मलकर,संजय वर्मा सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने रिमोट से मितानिनों के खाते में डाले रुपए

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया हैं और इसकी शुरुआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान हैं, जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन

राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। जिला मुख्यालय बेमेतरा में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किया गया। इस अवसर पर ज़िला चिकित्सालय में ज़िले के करीब 50 मितानिन सम्मिलित हुए, उनमें से 5 मितानिनों को उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशस्त्री पत्र जनप्रतिनिधियों प्रमुख अतिथियों रामानंद त्रिपाठी जिला संयोजक सांकृतिक प्रकोष्ट, प्रफुल्ल शर्मा जिला संयोजक जन सूचना अधिकार प्रकोष्ठ, नीतू कोठारी पार्षद, नीलू राजपूत पार्षद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर मितानिन दीदियों को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन योजना की तर्ज पर सभी मितानिनों के खाते में एक साथ प्रोत्साहन राशि आने की सुविधा से सभी मितानिनो की खुशी की लहर दिखी साथ ही इससे प्रोत्साहन वितरण में और अधिक पारदर्शिता होगी।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी एक पौधा लगाकर करें उसकी सुरक्षा: गीता साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अपनी भागीदारी के लिए राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम का हिस्सा बनने की भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संरक्षण बहुत आवश्यक है। बरसात के समय पौधरोपण करने से पानी की समस्या नहीं होती है। पौधे को पोषण अच्छे से मिलता है।

इस सीजन में हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। पर्यावरण में पेड़ों की कमी से विकृति आ जाती है। इन सबको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से लगाने का आह्वान किया है। इस अभियान के अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है। प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिएए जिस तरह से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृक्ति की भी देखभाल करें। उन्होंने क्षेत्र की जनता से आह्वान करते हुए कहा है कि आप भी इस अभियान का हिस्सा बने और पौधे लगाएं। इससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा। गत दिनों कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने उपस्थितजनों से भी आह्वान किया कि आप सभी अपने वार्ड, गांव या क्षेत्र में पौधे लगाएं और उसके सरंक्षण की जिम्मेदारी लें। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही जारी

■ **इस सप्ताह दो दिन में 22 सार्वजनिक नल कटा**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमाक्षेत्र निवासरत लोगों को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम राजनांदगांव हमेशा प्रयासरत रहता है। सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये निगम की जल विभाग की टीम वार्डो में लगे सार्वजनिक नल जो अधिकांशतः टोटी विहीन तथा अनावश्यक बहते रहते है उसे काटने की कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर जल विभाग की टीम इस माह जुलाई में अनावश्यक सार्वजनिक नल काटने के लिये अभियान चला रही है, टीम के द्वारा अब तक 74 सार्वजनिक नल काटा गया है। इस सप्ताह दो दिनों में गुडाखू लाईन, ब्राम्हण पारा, सोनार पारा, डबरी पारा क्षेत्र के 22 अनुपयोगी सार्वजनिक नल काटे गये।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने अपने वार्डो में निर्माण कार्यो के अलावा अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जॉच कर जल विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है, रिपोर्ट के आधार पर जल विभाग की टीम द्वारा अनुपयोगी सार्वजनिक नलों को काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वार्डवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने निगम द्वारा मांग अनुसार सार्वजनिक नल लगाया गया था, किन्तु अब लोगों के घर निजी नल कनेक्शन लेने तथा शासन योजनांतर्गत नल लगने से सार्वजनिक नल अनावश्यक बहते रहते है, उपयोगी नही होने के कारण अधिकांश नलों का टोटी भी टूट गया है, जिससे पानी बहते रहता है। बाहर पानी बहने से घरो में पर्याप्त प्रेशर से पानी सप्लाई नहीं हो पाता। इन बातो को ध्यान में रखकर आयुक्त महोदय के निर्देश पर टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही की जा रही है।

12 पंचायतों में होगा जनसमस्या निवारण शिविर

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के लोगों की समस्याओं, शिकायतों मांगों के समाधान के लिए जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे आगामी दिसंबर तक 12 जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा । कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रत्येक माह दो शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरूआत 13 जुलाई को छुईखदान ब्लाक के बकरकटटा से होगी । इसके बाद 27 जुलाई शनिवार को खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरी में अगस्त में 10 अगस्त शनिवार को छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत धोधा और 22 अगस्त गुरुवार को खैरागढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर में सितंबर में 14 सितंबर शनिवार को छुईखदान के ग्राम पंचायत चोभर और 26 सितंबर को होगा।

गुरुवार को खैरागढ़ के गातापार जंगल ,अक्टूबर में 10 अक्टूबर गुरुवार को खैरागढ़ के मडौदा और 24 अक्टूबर गुरुवार को छुईखदान के ठाकुरटोला ,नवंबर माह में 16 नवंबर शनिवार को खैरागढ़ के सलौनी और 28 नवंबर गुरुवार को छुईखदान के आमगांव में तथा दिसंबर में 12 दिसंबर गुरुवार को खैरागढ़ के ग्राम पंचायत विचारपुर और 28 दिसंबर शनिवार को विकासखण्ड छुईखदान के पैलीमेटा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा । कलेक्टर वर्मा ने जनसमस्या निवारण शिविरो के सफल आयोजन के लिए निर्देश में कहा शिविर का प्रारंभ सुबह 10 बजे से होगा।

24 बार भेंट कर ज्ञापन देने के बाद भी नहीं हुआ काम, हताश हो संविदा स्वास्थ्य कमी आंदोलन पर

■ **18 सूत्रीय माँगों के लिए 22 और 23 जुलाई को रहेंगे हड़ताल पर**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव पश्चात प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी माँगों को लेकर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री सहित तमाम सांसदों और विधायकों से मिल कर ज्ञापन दिया गया और जब मांग पूरी नहीं हुई तो अब विवश होकर दो दिन के ध्यान आकर्षण प्रदर्शन के लिए 22 और 23 जुलाई को रायपुर में इकठ्ठा होंगे। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा सकती हैं और आम जनता की तकलीफ बढ़ेगी। लभगभ 15 हज़ार की संख्या वाले इस संगठन में डॉक्टर, नर्स, पैरा

मेडिकल, प्रबंधकीय संवर्ग के लोग हैं। हड़ताल जाने से निम्न स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होने की आशंका हैं कि इससे लोग परीक्षण, जांच, दवाई, जन्म मृत्यु पंजीयन, पोषण पुनर्वास जैसी सुविधा से भी वंचित हो सकते हैं। यह कर्मचारी प्रदेश, जिला, ब्लॉक सहित ग्राम स्तर तक अपनी सेवा देते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी एवं जिला अध्यक्ष पूरन दास ने बताया कि काम कर रहें कर्मचारी मानव संसाधन नीति 2018 से शासित होते हैं। समय के साथ उन नियमों में बदलाव की आवश्यकता हैं। नियमितिकरण सहित कुल 18 बिंदु मांग तथा गत वर्ष जुलाई में घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर सरकार गठन से अब तक मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों से भेंटकर अपनी माँगों से अवगत कराया गया हैं, कुल 24 बार ज्ञापन दिया जा चुका हैं। भेंट के दौरान हर मंत्री ने इसके निराकरण की बात कहीं, परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस कारण शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन 22 और 23 जुलाई को किया जाएगा, इस आशय की सूचना उच्च स्तर पर भी दे दी गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी के अनुसार कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए अनुपूरक बजट सत्र 2023 में 27 प्रतिशत वेतन वृध्दि की घोषणा सदन में की गई थी, जिसके लिए 350 करोड़ का बजट रखा गया था। कई अन्य विभागों में वह प्राप्त भी हो चुका हैं, किंतु आज तक एनएचएम कर्मचारियों को उसका लाभ नहीं मिला है। अल्प वेतन में काम कर रहे कर्मचारियों को घोषित वेतन वृध्दि का लाभ न देना यह सरकार की नीयत पर संदेह पैदा करता हैं।

सफाई व्यवस्था सुधारने सड़कों पर उतरे नपा अधिकारी कर्मचारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर में लगातार गडबड़ाती सफाई व्यवस्था को सुधारने नपा अधिकारी कर्मचारी सड़क पर उतरे । और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया । शहर के लोगों को सफाई अपनाओं बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर पालिका के अधिकारियों ने शहर की सड़कों की सफाई, जीवीपी पॉइंट का निरीक्षण किया । इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों में पहुँच कर दुकानदारों, होटल मालिकों को कचरा प्रबंधन व्यवस्था की समझाइश देते सड़को पर कचरा नही फेंकनें, कचरा एक साथ एकत्रित कर पालिका के सफाई वाहनों को देने कहा ।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE
BILASPUR, CHHATTISGARH

AMENDMENT NOTICE

Amendment are made in N.I.T. No. 25, 26, 27, 28 and 29 dated 26.06.2024:-

Existing Description	To be read
Bid submission due date (Online) **10/07/24 17.30**	Bid submission due date (Online) **16/07/24 17.30**
End date for Physical submission (EMD, and affidavit in Envelope A) (by speed post or Registered post) **12/07/24 17.30**	End date for Physical submission (EMD, and affidavit in Envelope A) (by speed post or Registered post) **19/07/24 17.30**
Bid opening date (Scheduled) **15/07/24 11.00**	Bid opening date (Scheduled) **22/07/24 11.00**

Other conditions will remain same.

G-242501033/3

Superintending Engineer
PWD, Bilaspar Circle
Bilaspur (CG)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मुंगेली, (छ.ग.)

Email-dhmungeli@gmail.com
क्र./ स्टोर/ निविदा/2024-25/821 मुंगेली, दिनांक 11.07.24

निविदा सूचना

निविदा कार्य	जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग. में चिकित्सालय अस्थि रोग विभाग लिए आर्थोपेडिक इम्प्लांट के क्रय हेतु रेट कांट्रेक्ट किये जाने हेतु निर्माता कंपनी/अधिकृत विक्रेताओं से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की अवधि एक वर्ष (निविदा खुलने की दिनांक से एक वर्ष के लिए) रहेगी।
निविदा प्रपत्र मूल्य	रू. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) नगद देय एवं वापसी योग्य नहीं
निविदा फार्म की विक्रय की अवधि	15-07-2024 से दिनांक 25-07-2024 तक कार्यालयीन दिवस में सायंकाल 4 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 29-08-2024 दोपहर 03 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 30-08-2024 शाम 04 बजे
निविदा धरोहर राशि	रूपये 50000/- पचास हजार रुपये मात्र का डिमांड ड्राफ्ट (सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली के नाम से देय)
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान	कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली (छ.ग.)

नोट- निविदा रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे।

जी- 242501051/3

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुंगेली (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

ताइक्वांडो स्पर्धा में 5 गोल्ड, 2 सिल्वर तथा 2 ब्रांज मेडल हासिल किया

लखनपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ में हुई 20वॉ राज्य स्तरीय जूनियर सीनियर 7 कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के लोग ताइक्वांडो क्लब पुलिस लाइन सरगुजा की 54 के टीम में से 42 खिलाड़ी ने भाग लिया , जिसमें कुल 9 मेडल प्राप्त हुए 5 गोल्ड दो सिल्वर दो ब्रांच मेडल, खिलाड़ियों ने बगिया स्थित सी एम कैंप कार्यालय में सीएम के धर्मपत्नी कौशल्या साय से सौजन्य मुलाकात कर राज्य स्तरीय में जीत एवं राष्ट्रीय स्तर में खेलने जाने के संबंध में अवगत कराया गया , जिसमें कौशल्या साय के द्वारा मेडल पहनाकर आशीर्वाद दी एवं हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया एवं ताइक्वांडो संघ लखनपुर के संरक्षक विजय अग्रवाल , उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता कार्यकारिणी अध्यक्ष देवेश वर्मा एवं प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी ताइक्वांडो क्लब पुलिस लाइन सरगुजा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

छेड़छाड़ मामले में युवक गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम लोसगी में 6 जुलाई को एक युवती के साथ जबरन छेड़छाड़ करने के जुर्म में लखनपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। दरअसल कबिलास उर्फ लुल्ला आ0 गोवर्धन हरिजन 19 वर्ष गांव के एक युवती के साथ जबरन छेड़छाड़ किया था।अमूक युवती ने थाना उपस्थित आकर मामले का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लेकर युवक की पता तलाश करने जुटी थी। लखनपुर पुलिस शुक्रवार को आरोपी युवक को भारतीय न्याय संहिता की धारा 74,75,76 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

पर्यावरण जागरूकता अभियान वृक्ष दान रैली का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला लखनपुर में पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं वृक्ष दान रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें शासन के मंशा अनुरूप एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शाला प्रांगण में पौधा रोपण के साथ ही पास के माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में भी पौधा दान कर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकालकर गांव में लगभग 50 पौधे दान कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कस्तूरबा परिवार द्वारा पहले भी वृक्ष दान कर गांव को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता रहा है ।वर्तमान में भी यह प्रयास अनवरत जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कस्तूरबा अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह द्वारा किया गया तथा इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं दीप्ति वर्मा, छवि लता महापात्र, मेरी ममता लकड़ा एवं रूप चक्रधारी के साथ सभी छात्राएं उपस्थित रही। सभी ने उत्साह के साथ भाग लेकर रजपुरी ग्राम को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने का एक सराहनीय प्रयास किया।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा केन्द्रों हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक कुल 09 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु परीक्षा केन्द्रों हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। समस्त पर्यवेक्षकों को गोपनीय सामग्री 14 जुलाई को प्रातः 08:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा परीक्षा समाप्ति के पश्चात समन्वयक राजीव गाँधी पी.जी. कॉलेज अम्बिकापुर में जमा करेंगें।

लाइवलीहुड एवं आईटीआई कॉलेज में प्रशिक्षण संचालन

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिले में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सूरजपुर एवं शा. आईटीआई सूरजपुर में प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सूरजपुर में वर्तमान में टेलर (दर्जी) कोर्स में 270 हितग्राहियों को सफलतापूर्वक प्रमाणीकरण किया जा चुका है एवं 59 हितग्राही प्रशिक्षणरत है तथा मेसन कोर्स में अब तक 34 हितग्राहियों प्रमाणीकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही शासकीय आई.टी.आई सूरजपुर 41 हितग्राहियों को प्रमाणीकरण किया जा चुका है।

निधन ओमपति अग्रवाल

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी

राधेश्याम अग्रवाल के धर्मपत्नी ओमपति अग्रवाल का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय चंदनई नदी स्थित मुक्ति धाम में किया गया। पुत्र सचिन अग्रवाल ने मुखाग्नि दी।

सीएम की घोषणा के बाद भी शुरू नहीं हुई सिटी बस सेवा

सिटी बस संचालन की आस में नागरिकजन

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर को जिला बनने के लगभग 12 वर्ष व्यतीत होने के बाद वर्तमान में शहर का काफी विस्तार हो गया है। शहर की सभी दिशाओं में शैक्षणिक संस्थान, शासन के विभिन्न कार्यालय तथा व्यवसाय के नए-नए आयाम स्थापित हो गए हैं। इन स्थानों तक आम नागरिकों को पहुंचने में बड़ी मशक्कत एवं खर्च का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा जिला मुख्यालय में सिटी बस की सेवा प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी होने के लंबे समय बाद भी आज दिनांक तक सिटी बस सेवा प्रारंभ नहीं होने से लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

मालूम हो कि राज्य शासन से जिले में सिटी बस मार्ग निर्धारण होने की अधिसूचना जारी होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र के लोगों को सिटी बस की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समय पर बस या सवारी आटो नही आएं तो उन्हे मनमाने दर पर आटो रिक्शा आदि करवाना पड़ता है। सिटी बस प्रारंभ होने से आम लोगों का समय एवं धन दोनों बचेगा। जिले में मुख्य रूप से पण्डरिया मार्ग, रायपुर मार्ग, बिलासपुर मार्ग, लोरमी मार्ग, नवागढ़ मार्ग, रामगढ़ मार्ग, कोदवा लालपुर मार्ग पर सिटी बस चलाये जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि लोरमी मार्ग पर कंतेली तक स्कूल कालेज जाने वाले एवं उसी मार्ग पर आईटीआई पॉलटेक्निक कालेज, लाईवलीहूड कालेज सहित रोजगार कार्यालय भी ग्राम जमकोर में है। इसी तरह पण्डरिया रोड में चातरखार, सेतगंगा, फास्टरपुर में शासकीय महाविद्यालय, उसी मार्ग पर एग्रीकल्चर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तुरबा स्कूल छात्रावास आदि अनेक शैक्षणिक संस्थाये है, जिनके छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। साथ ही बाहर से आने वाले अभिभावकों को भी गंतव्य तक पहुंचने के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है। नवागढ़ एवं रायपुर मार्ग पर एसएनजी महाविद्यालय, विज्ञान

महाविद्यालय, सोनकर आईटीआई सहित राज्य आपूर्ति निगम के गोदाम एवं कार्यालय, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम है। जिससे लोगो को प्रतिदिन इस मार्ग पर आना-जाना रहता है।

बिलासपुर मार्ग पर करही में कलेक्टोरेट सहित तमाम विभागों के जिला कार्यालय स्थित है। जिला पंचायत का भवन एवं बीज निगम का कार्यालय एवं गोदाम धरमपुरा में बनाया गया है। इस मार्ग पर यात्रियों की सर्वाधिक भीड़ रहती है। साधनहीन एवं अनियमित समय पर चलने वाली यात्री बसों एवं आटो से ही लोग मजबूरन आना-जाना करते है। अन्य शहरों के तर्ज पर सिटी बस चलाये जाने की मांग क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले के कार्यकाल में स्वीकृत सिटी बस प्रारंभ नहीं होने के बावजूद वर्तमान में उनके अथक प्रयासों के चलते यह स्वीकृति मिली।

शासन द्वारा इसका परिचालन बिलासपुर नगर निगम को सौंपा गया। किन्तु बिलासपुर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान नही देने के कारण यह महत्वपूर्ण योजना आज तक प्रारंभ ही नहीं हो पाई। जिले के लिए सिटी बस चलाये जाने की स्वीकृति मिलने एवं इस संबंध में राज्य शासन से अधिसूचना जारी होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के उदासीनता के चलते आज तक क्षेत्र के लोग एवं जिला मुख्यालय अपने कार्य से आने वाले जिलावासी सिटी बस सुविधा से वंचित है। आम नागरिकों को अनाप-शनाप किराया देना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सिटी बस में यात्रा करने से यात्रियों को टेक्स नहीं देना पड़ता। जिसके चलते किराये में लगभग 50 प्रतिशत से अधिक की कमी हो जाती है। नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र ही सिटी बस सेवा चालू की जाने की मांग की है।

जल्द प्रारंभ किया जायेगा

सिटी बस में आ रही रूकावटों के संबंध में चर्चा कर इसे जल्द प्रारंभ किया जायेगा।

-पुन्नूलाल मोहले, विधायक मुंगेली

बस का संचालन जल्द प्रारंभ किया जाना चाहिए

जिले का विकास के प्रयास किये जा रहे है अधिकतर जिला कार्यालय तीन किलोमीटर के दायरे में है। जिससे आने-जाने में समय एवं आर्थिक हानि उठाना पड़ता है। बड़े शहरों के तर्ज पर किये जा रहे प्रयासों में सिटी बस का संचालन जल्द प्रारंभ किया जाना चाहिए।

-राजेंद्र सिंह, नागरिक मुंगेली

बस प्रारंभ होने पर इन समस्या से निजात मिलेगा

दूसरे ब्लॉक से आकर कार्यालयों के चक्कर काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सिटी बस प्रारंभ होने पर इन समस्या से निजात मिलेगा।

-संतोष, नागरिक लोरमी

स्वास्थ्य विभाग के वर्करों ने ज्ञापन सौंपा

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ. रविशंकर दीक्षित, पूरन दास के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष अमित दुबे के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार माँग पत्र मंत्री एव विधायक को दे रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था लेकिन बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है जिसमें मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन लेकिन राष्ट्रीय

स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण कर्मचारियों में लगातार रोश व्याप्त होते जा रहा है। उक्त माँग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा गया। जिसमें सघ के भुवन साहू, अवि साहू, पवन निर्मलकर, योगेश सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

'जिला स्तरीय लक्ष्य दंपत्ति सम्मेलन' का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''जिला स्तरीय लक्ष्य दम्पत्ति सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने तथा परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में मितानिनों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आप सभी जिले में बेहतर कार्य करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करें। लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक करें। सम्मेलन में नवविवाहित लक्ष्य दंपत्ति को उपहार स्वरूप नयी पहल किट एवं परिवार

कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मितानिनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रवि देवांगन ने परिवार नियोजन संबंधित चर्चा की और लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके रॉय ने कहा कि पुरूष नसबंदी व प्रसव पश्चात महिला नसबंदी कराने पर 03 हजार रूपए एवं अंतराल में महिला नसबंदी कराने पर 02 हजार रूपए तथा की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा से लोगों में निश्चित रूप से जागरूकता आएगी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्वाला प्रसाद कौशिक ने बताया कि महिला नसबंदी की तरह पुरुष नसबंदी भी बिना किसी हिचकिचाहट के करा सकते हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने कार्यक्रम में बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की सुविधाएं प्रदान की जाती है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय, मातृ एवं शिशु अस्पताल लोरमी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में नसबंदी की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में मंच का संचालन आर.एम.एन.सी.एच.ए सलाहकार डॉ. सोनाली मेश्राम ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, लक्ष्य दंपत्ति, मितानिन व महिला आरोग्य समिति के सदस्य उपस्थित थे। मितानिनों ने किया धन्यवाद ज्ञापित- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सीधे ऑनलाईन माध्यम से मितानिनो व मितानिन प्रशिक्षकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। जिससे जिले के मितानिनो व प्रशिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाता में जमा करने के लिए मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

मितानिनों के खातों में आई प्रोत्साहन राशि

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। मितानिन प्रोत्साहन राशि राज्य स्तर से सीधे बैंक खाते में भुकतान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेण्ड्रा में कई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिसे मुख्य पेण्ड्रा नगर परिषद अध्यक्ष राकेश जालान शामिल हुई, अध्यक्षता पार्षद राकेश चतुर्वेदी एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विकाश खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.मिंज थे। मितानिनों के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश जालान ने कहा कि और कोरोना काल में मितानी के द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता, मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी होती है,मितानिनों के चलते कितने लोगों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाता है जिसकी वजह लोगों की जिंदगी बच जाती जिस मेहनत और लगन से आप लोग काम करते हो उसके हिसाब से हम शासन से माँग करेंगे कि आप लोगों को उचित मानदेय दिया जाए। अध्यक्ष ने सभी मितानिनों को को शासन द्वारा सीधे उनके खाते में मानदेय प्राप्त होने की बधाई भी दी।

हर व्यक्ति एक-एक पौधा लगाए तो प्रकृति खुशहाल होगी: जालान

ग्राम लटकोनी विकासखंड पेण्ड्रा में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधों का रोपड़ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा हमारे जिले से अगर एक- एक व्यक्ति एक-एक पौधा लगाएगा तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी. पेड़-पौधे से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता रहेगा और जीवन खुशहाल रहेगा आने वाली पीढ़ी भी को इससे फायदा मिलेगा। इस अवसर मरवाही वनमंडल के मुख्य वनमंडला अधिकारी रौनक गोयल ने अब वक़्त आ गया है कि हम पेड़ पौधों का संरक्षण करें अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर प्रकृति को हरा भरा करें। ताकि आने वाले समय में हमें भीषड गर्मी से राहत मिले साथ ही पर्यावरण संरक्षित रहे। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में लटकोनी सरपंच अजीत सिंह श्याम,जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमकुंवर अजीत श्याम,पेण्ड्रा जनपद अध्यक्ष आशा बबलू मरावी,पूर्व अध्यक्ष इक़बाल सिंह उबबेजा, ज़िला महामंत्री भाजपा पार्षद राकेश चतुर्वेदी सहित वनकर्मी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीएलसीसी/जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व डीएलआरसी/ जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की मार्च एवं जून 2024 तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति, पीएमजेजेबीवाई , पीएमएसबीवाई बीमा योजना की प्रगति, मुद्रा लोन, पेंशन योजना , पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण के प्रस्तुति और स्वीकृति, अस्वीकृति एवं वर्तमान स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, वर्ष 2023-24 हेतु एनआरएलएम द्वारा आबंटित लक्ष्य एवं प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने उपस्थित सभी बैंकर्स को कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों के प्रकरणों का जल्द निराकरण करने को कहा।

एसईसीएल रखे भू-विस्थापितों के हितों का पूरा ख्याल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुर्नस्थापना समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें समिति के सदस्य, एसईसीएल के अधिकारी सहित ग्राम परसोढ़ीकला के ग्रामवासी उपस्थित थे।

बैठक में ग्राम परसोढ़ीकला की अधिग्रहित निजी भूमि से संबंधित भूमिस्वामियों एवं आश्रितों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 के प्रावधानों के तहत रोजगार प्रदान करने हेतु पुनर्विचार नीति के तहत रोजगार हेतु विकल्प के चयन करने चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों के हित का पूरा ध्यान रखें, उनको भूमि के बदले उनका अधिकार अवश्य मिले। मुआवजा वितरण के पश्चात जल्द से जल्द नौकरी देने की कार्यवाही की जाए। इस दौरान ग्रामीणों में रोजगार सम्बन्धी भ्रांतियों एवं सवालों के सम्बन्ध में पूछा गया। जिस पर उन्होंने एसईसीएल के अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अमेरा ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम परसोढ़ीकला के अधिग्रहित भूमि से सम्बंधित जानकारी रखी गई। समिति एवं ग्रामीणों के समक्ष भूमि अधिग्रहण से प्रभावित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं जैसे कुल अधिग्रहित निजी भूमि का रकबा, मुआवजा राशि, भुगतान की गई राशि,रोजगार के प्रावधान, वेतन सुविधा सहित विभिन्न सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

पौधरोपण 'नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत् किया गया आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधरोपण

स्वप्रेरणा से पौधारोपण कर करें उनकी देखभाल

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिला मुख्यालय सूरजपुर के पंच मंदिर वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के तहत् पौधा रोपित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जल शक्ति अभियान के 'नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम के साथ तथा 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2024 '' नारी शक्ति से जल शक्ति'' थीम के साथ लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को बढ़ाना है। जिसमें जल के सभी स्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल के संचयन की दिशा में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम के इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने सर्वप्रथम आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मिलकर आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों में अपने अनुकूल स्थलों का चयन कर स्वप्रेरणा से पेड़ लगाने चाहिए।

ताकि अपने द्वारा लगाए पेड़ का देखभाल अच्छे से किया जा सके । उन्होंने कहा कि इसकी देखभाल अपनी मां की तरह करना चाहिए। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि आंगनबाड़ी में लगाए गए इन पेड़ों का नाम आंगनबाड़ी के बच्चों के नाम पर किया जाना चाहिए एवं इसके देखभाल के लिए उस बच्चे और

उसके माता-पिता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने जलशक्ति अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि आज बोर के अंधाधुध उपयोग से भूजल स्तर घटता जा रहा है परंतु भूजल के पुनर्भरण का कार्य उस गति से नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के कई ऐसे महानगर हैं जहां भूजल स्तर खत्म हो गया है और वहां जल की समस्या विकराल हो गई है। अपने राज्य को ऐसे विकट परिस्थिति से बचाने के लिए उन्होंने सभी लोगों से अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लोग इस बात का ध्यान रखें कि आज सभी जगह कांक्रीट रोड, सड़कें और पक्के मकान बनने से वर्षाजल के भूमि में जाने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है और वर्षा जल का या तो वाष्पीकरण हो जा रहा है या वह बह जा रहा है। इसलिए भूजल बढ़ाने का एकमात्र उपाय रेन वाटर हार्वेस्टिंग है।उन्होंने इसके लिए आग्रह किया है कि जिले के सभी पक्के घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए जिले के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्य करें। साथ ही उन्होंने जिले के अधिकारियों को निर्देशित भी किया है कि सभी शासकीय भवनों में शतप्रतिशत रूप में रेनवाटर हार्वेस्टिंग को स्थापित किया जाए।इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री व्यास ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र एवं प्राथमिक स्कूल के बच्चों को आंगनबाड़ी/स्कूल में अच्छे प्रदर्शन एवं नियमित उपस्थिति देने पर सम्मानित करते हुए उपहार का वितरण किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री के0 के0 अग्रवाल के द्वारा भी पेड़ लगाकर वृक्षारोपण के लाभ पर संदेश दिया गया एवं जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, प्राथमिक शाला के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के तहत् जिले के 2080 आंगनबाड़ी केन्द्रों/हितग्राहियों के बाड़ी/परियोजना कार्यालयों में 5 फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही जल संचय/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना/अन्य योजनाओं के विषय में जनमानस को अवगत कराया गया एवं सभी आगंतुको को जल के उपयोग एवं संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई।

न्यूज गैलरी

टोल कर्मचारियों से विवाद युवक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। कल थाना पुसौर स्थित सूरजगढ़ महानदी टोल का संचालन करने वाले बबलू पांडे पिता रोहिणी प्रसाद पांडे उम्र 40 वर्ष निवासी चंद्रपुर थाना चंद्रपुर जिला सक्ती द्वारा इसके तथा टोल पर कार्य करने वाले युवकों के साथ ग्राम पडिगांव के युवकों द्वारा गाली गलौच, झगड़ा विवाद करने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता बबलू पांडे ने बताया कि महानदी पुल सूरजगढ टोल का मां शारदा फर्म द्वारा ठेका लिया गया है जिसका संचालन इसके द्वारा किया जाता है। 10 जुलाई की रात्रि 8 से सुबह 10 बजे तक इसके साथ टाल पर ड्यूटी में पप्पू यादव, भरत यादव, कमलेश गुप्ता थे। रात्रि करीब 8 बजे किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा ग्राम पडिगांव में में तीन मवेशियों को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया था जिससे सड़क जाम थी, उसी रात्रि करीब 10ञ्00 बजे 4-5 युवक टोल के पास आए जिसमें ग्राम पडिगांव का तोष राम चौहान एक तलवार पकड़े हुए था और उसके साथी डंडा पकड़े थे, सभी लड़के काफी देर तक गाली गलौच कर डराते धमकाते रहे । रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर थाना पुसौर में अपराध क्रमांक 164/2024 धारा 296, 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध आरोपी तोष पटेल व अन्य के विरुद्ध कायम कर तत्काल पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें *आरोपी तोष राम पाईक उर्फ पप्पू पिता कैलाश चंद्र पाईक उम्र 27 साल निवासी पडिगांव थाना पुसौर* को हिरासत में लिया गया जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का तलवार की जप्ती की गई है । शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुसौर पुलिस छापेमारी कर रही है।

प्लंबर के लिए आवेदन कल तक

रायगढ़/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, लैलूंगा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु व्हीटीपी रजिस्टर्ड कोर्स प्लंबर (जनरल) में रिक्त 30 सीट के लिए 15 जुलाई तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय प्रशिक्षण अधीक्षक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, लैलूंगा में आवेदन जमा कर सकते है।

जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैम्प 25 से

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों में नियोजक एस.आई.एस. सिक्योरिटी एण्ड इन्टेलिजेंस सर्विसज प्राइवेड लिमिटेड क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जशपुर के प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से 300 सुरक्षा जवान व 50 सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर भर्ती होनी है। आवेदक की उम्र 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं पास होनी चाहिए। इन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से संध्या 3 बजे तक जनपद पंचायत सूरजपुर में 25 जुलाई, जनपद पंचायत प्रेमनगर 1 अगस्त, जनपद पंचायत रामानुजनगर 2 अगस्त, जनपद पंचायत ओड़गी 5 अगस्त, जनपद पंचायत भैयाथान 6 अगस्त, जनपद पंचायत प्रतापपुर 13 अगस्त को सुनिश्चित की गई है। जिसमें इच्छुक सभी उम्मीदवार वांछित दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते है।

करही में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष चन्द्र कुमार अजगल्ले के मागदर्शन में स्वामी आत्मानंद स्कूल पथरिया और आंगनबाड़ी केन्द्र करही में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के सचिव कंचन लता आचला ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। उन्होंने विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिका और स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

आंबा केन्द्रों में सहायिका के लिए 26 तक दावा-आपत्ति

मुंगेली/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 02 अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर 26 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि सहायिकाओं के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की मूल्यांकन सूची जारी की गई है। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 02 से सम्पर्क किया जा सकता है।

लेखन सामग्री क्रय करने 2 अगस्त तक निविदा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला कार्यालय एवं रायगढ़ जिले में संचालित अन्य शासकीय कार्यालय के उपयोग के लिए लेखन सामग्री (स्टेशनरी) एवं टोनर, कार्ट्रेज इत्यादि क्रय करने हेतु मानक दरों तथा अधिकृत सप्लायर्स का निर्धारण किए जाने हेतु अधिकृत सप्लायरों से निविदा कार्यालयीन समय में मंगाये गये है। अधिकृत सप्लायर निविदा 2 अगस्त 2024 को दोपहर 1 बजे तक कक्ष क्रमांक 32 में प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्यमंत्री साय ने की मितानिनों को ऑनलाइन प्रोत्साहन राशि जारी, विधायक और कलेक्टर ने मितानिनों को दी बधाई

जिले के 33सौ मितानिनों को 4 करोड़ का भुगतान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुक्रवार को प्रदेश में मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि जारी की गई। जिसमें सरगुजा जिले में 3300 मितानिनों को लगभग 4 करोड़ राशि का भुगतान सीधे उनके खातों में किया गया है। सीएमएचओ कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय मितानिन सम्मलेन में विधायक अम्बिकापुर श्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टर श्री विलास भोसकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। साथ ही जिले के समस्त विकासखण्डों में कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी तथा मितानिन दीदीयों की उपस्थिति में किए गए। नवा सौगात कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मितानिन प्रोत्साहन राशि राज्य स्तर से सीधे मितानिन दीदियों के बैंक खाते में भुगतान किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने उपस्थित मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिनों को प्रोत्साहन राशि हेतु पूर्व में इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में राज्य स्तर से माह में निर्धारित समय के भीतर राशि प्रदाय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मितानिन महिला स्वयंसेवक हैं जिनकी भूमिका परिवार स्तर पर आउटरीच सेवाएं, सामुदायिक संगठन निर्माण और स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार करने का प्रयास करना है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस सौगात पर उन्होंने सभी मितानिनों को बधाई दी। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस अवसर पर कहा कि आज गांव के अंतिम छोर में मितानिन अपने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दे रही है।

स्वास्थ्य के साथ ही अन्य शासकीय व सामाजिक गतिविधियां का सुचारू रूप से संचालन करने ने मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, पोषण, डायरिया, उल्टी दस्त, मलेरिया तथा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में ग्रामीण स्तर तक इनकी जानकारी देने और सफल क्रियान्वयन में इनके द्वारा सतत प्रसास किया जाता है। समाज में महिलाओं की स्थिति जितनी सशक्त, प्रभावशाली और सुदृढ़ होती है, समाज उतना अधिक उन्नत सभ्य और प्रगितिशील होता है। गाँव में मितानिनों की सक्रियता से गाँव-घरों में होने वाले प्रसव कम हुए हैं एवं संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी हुई है। कलेक्टर ने समस्त मितानिनों को निर्देश दिये कि कार्य आधार पर प्रोत्साहन राशि का मूल्यांकन तथा सत्यापन निर्धारित समय के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि राज्य स्तर निर्धारित समय पर राशि मितानिनों को मिल सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एन. गुप्ता ने कहा कि मितानिन द्वारा सतत जागरूकता से माताएं बच्चों के पोषण के प्रति सजग रहती हैं। जो कुपोषण जैसे खतरे से बच्चों को बचाता है। मितानिन के इस कार्य से जन्म एवं मृत्यु दर में कमी आयी है। मितानिन कार्यक्रम से ग्रामीण महिलाओ के जीवन स्तर में सूधार आया है। सरगुजा में कुल 3300 मितानिन कार्यरत हैं जिन्हें आज के कार्यक्रम में कार्य आधार पर प्रोत्साहन राशि लगभग 4 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री द्वारा सीधे उनके खाते में हस्तांतरित किया गया। इसी क्रम में अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मितानिन मीना, पार्वती, अनारो, नीभा, अनिता एवं विमला को प्रशस्ति पत्र एवं उपस्थित समस्त मितानिन दीदीयों को प्रोत्साहन स्वरूप शाल प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. जे.के. रेलवानी, डॉ0 वाई.के. किण्डो, डॉ. पुष्पेन्द्र राम, सुश्री सीमा, जिला मितानिन रूबी सोनी, शशि राजवाड़े तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की मितानिन दीदीयों तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मितानिन प्रोत्साहन राशि सीधे खाते में अंतरित

सूरजपुर। जिला चिकित्सालय सभा कक्ष में मितानिन के खाते में सीधे प्रोत्साहन राशि के अंतरण संबंधी राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला सूरजपुर में राशि अंतरण का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रेमनगर के विधायक भूलन सिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल, डॉ. जे एस आर सरूता, डॉ राजेश पैकरा अन्य चिकित्सक अधिकारी, मितानिन प्रशक्षिका एवं भारी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर मितानिनों को सम्बोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मराबी ने मितानिनों के कार्य पर भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं उनके स्वयंसेवकों के रूप में कार्य करने को एक मिसाल आगे भी ऐसे कार्य करने को प्रेरित किया। डॉ. आर.एस. सिंह द्वारा विस्तार पूर्वक मितानिनों द्वारा किये जा रहे कार्यों जिसमें टीकाकरण संस्थागत प्रसव, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन में उनके द्वारा किया जा रहा उल्लेखनीय कार्य को उल्लेखित किया। राजेश अग्रवाल द्वारा कोविड एवं 24गुण7 सेवा में तत्पर रहने की भावना को सराहा एवं आगे निरंतर कार्य को प्रेरित किया। रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा एक बटन दबाकर मितानिनों के प्रोत्साहन राशि को सीधे उनके खाते में अंतरण किया। जिससे समस्त मितानित अत्यंत प्रशन्न नजर आई। कार्यक्रम में संस्थागत प्रसव हेतु मितानिन सुषमा साहू बड़कापारा, मितानित फुलेश्वरी राजवाड़े कुरवा टीकाकरण हेतु, मितानिन बॉबी ग्राम गिरवगंज को सामाजिक सुरक्षा एवं संस्थागत प्रसव हेतु विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हॉस्पिटल कंसलटेंट निलेश गुप्ता, बीपीएम सुरेश वर्मा, बीईईओ डी.आर. पैकरा, बीडीएम अमरेश पैकरा, बीएएम संतु कुमार कर सक्रिय रहें। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता के द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ठ कार्य के लिए 7 मितानिनें सम्मानित

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। रायगढ़ में जिला स्तरीय मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन आज शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर-गांधी नगर रायगढ़ में आयोजित किया गया। मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह में सभी मितानिनों को सम्मानित करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष सहयोग के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 7 मितानिनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि लोगों को प्रोत्साहित कर स्वास्थ्य सेवाओं प्रदान करने एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शासन द्वारा मितानिनों को उनके द्वारा प्रदान किये जा रहे सहयोग हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एक पौधा मॉ के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने हेतु संस्थागत प्रसव कराने, बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण कराने, गैर संचारी/संचारी रोग, सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु समस्त मितानिनों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि नीलम रंजू संजय, डॉ. बी.पी.पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. विरेन्द्र राठिया चिकित्साधिकारी, शहरी क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिन के साथ-साथ चिकित्सकीय एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

तकनीकी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आभार पोर्टल में आनलाईन पेंशन प्रविष्टि हेतु तकनीकी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने विभागवार लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने आभार पोर्टल में संयुक्त संचालक लेखा कोष पेंशन द्वारा की गई आपत्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को प्रकरणों में दर्ज आपत्तियों का निराकरण 15 दिन में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच, न्यायालयीन प्रकरण तथा वसूली के प्रकरण छोडकर शेष सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।अपर कलेक्टर ने विगत 01 वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की प्रारंभिक तैयारी पेंशन नियम 1976 के प्रावधानों के अनुसार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पेंशन प्रकरणों की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी। कार्यशाला में आभार पोर्टल में आनलाईन पेंशन प्रविष्टि हेतु आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मत्स्य बीज का उत्पादन शुरु

रायगढ़/नवप्रदेश। मछली पालन विभाग के महत्वपूर्ण योजना के तहत शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र (हैचरी) चांदमारी, रायगढ़ में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य प्रारंभ हो गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि जिले को मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन करने हेतु 825 लाख एवं स्टेण्डर्ड फ्राई उत्पादन करने हेतु 100 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुए है, जिसके विरूद्ध 303 लाख स्पॉन उत्पादन किया गया है और कार्य निरंतर प्रगति पर है। साथ ही साथ मत्स्य बीज फ्राई एवं फिंगरलिंग का भी उत्पादन किया जा रहा है। जिले के प्रक्षेत्र चांदमारी, केनसरा, बहिरकेला एवं धरमजयगढ़ कालोनी में मत्स्य बीज उत्पादन एवं संवर्धन का कार्य चल रहा है।

मूकबधिर युवती से छेड़छाड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। मूकबधिर युवती से छेड़खानी की रिपोर्ट पर पुसौर पुलिस द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर विधिवत पीड़िता के मूकबधिर होने की पुष्टि के लिए पंचनामा तैयार कर पीड़िता का मूकबधिर विशेषज्ञ से कॉउंसलिग कराया गया और आरोपी को महज चंद घंटों में गिरफ्तार कर रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। घटना के संबंध में 11 जुलाई को थाना पुसौर में स्थानीय महिला द्वारा उसकी मूकबधिर बेटी के साथ आरोपित बसंत यादव (उम्र 36 साल) निवासी थानाक्षेत्र पुसौर द्वारा गंदी नियत से छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता बताई कि कल सुबह करीब 10 बजे गांव के सार्वजनिक बोर के पास बसंत यादव ने लड़की को गंदी नियत से पकड़ा और छेड़खानी किया। लड़की अपने आप को बसंत से छुड़ा कर घर आयी और घटना बताई। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने आई महिला से मिली जानकारी पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर थाना पुसौर में आरोपी बसंत यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 167/2024 धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया । पीड़िता के मूकबधिर होने की पुष्टि के लिए पंचनामा तैयार किया गया तथा पीड़िता का मूकबधिर विशेषज्ञ से काउंसलिंग कराया गया। दूसरी ओर टीआई पुसौर रोहित बंजारे द्वारा हमराह स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की शीघ्र पतासाजी गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे, उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर, महिला प्रधान आरक्षक जेनिपा पन्ना और प्रधान आरक्षक भगत सिदार की अहम भूमिका रही है।

घर में छिपा था जिला बदर का आरोपी, गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा थाना प्रभारियों को नियमित रूप से क्षेत्र के बदमाशों की जांच एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों पर प्रभावी कार्यवाही का निर्देश दिया गया है । इसी क्रम में आज थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर किया गया बदमाश बबलू उर्फ यमराज छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम के पास वाले मकान में छिपकर रहता है । सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ के साथ बदमाश के घर दबिश दिया गया। पुलिस की छापेमारी और कार्यवाही का विरोध कर बबलू उर्फ यमराज साहू पुलिस की उपस्थिति में गवाहों को धमकाने लगा। अनावेदक के कृत्य पर पुलिस धारा 170 बीएनएसएस के तहत बदमाश बबलू उर्फ यमराज को गिरफ्तार कर इस्तगासा धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस की कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया। विदित हो कि जिला दंडाअधिकारी रायगढ़ द्वारा दांडिक प्रकरण क्रमांक 01/2020 में पारित आदेश दिनांक 03.06.2024 के अनुसार अनावेदक *बबलू उर्फ यमराज पिता संत राम साहू उम्र 34 साल निवासी छातामुड़ा एफसीआई गोदाम के पास थाना जूटमिल रायगढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के तहत जिला रायगढ़ तथा सीमावर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़,सक्ती, बलोदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, कोरबा और जशपुर की सीमाओं से एक साल की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

शादी की ग्यारहवीं वर्षगांठ पर प्रेस क्लब के पहुना बने कलेक्टर

पढ़ने लिखने में बेहद कमजोर थे मगर बने कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिवार को बिलासपुर प्रेस क्लब के पहुना बनकर पहुंचे बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने अपने जीवन के कई अनछुये पहलुओं से पत्रकारों को परिचित कराया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर से अपनी आत्मीयता के कारणों का भी खुलासा किया ।

बिलासपुर प्रेस क्लब के अभिनव पहल हमर पहुना के तहत लगातार विशिष्ट जन चौथे स्तंभ से औपचारिक रूप से व्यक्तिगत और कार्य जगत के अनुभव एवं विचार साझा कर रहे हैं। इसी ऋम में शनिवार को बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि बिलासपुर से उनका पुराना और गहरा नाता रहा है ।इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट जगत के पत्रकारों के साथ इन दिनों बेहद प्रभावी वेब पोर्टल के पत्रकारों से भी उनकी घनिष्ठता और निकटता है। कई पत्रकारों को वे प्रत्यक्ष रूप से जानते हैं तो अधिकांश से कामकाज के दौरान प्रायः हर दिन भेंट मुलाकात होती है। उन्होंने बताया कि एन विधानसभा चुनाव के बीच में चुनाव आयोग ने उन पर भरोसा जताते हुए अक्टूबर महीने में बिलासपुर कलेक्टर के रूप में उन्हें भेजा। इसके बाद विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बेहतर क्रियान्वयन को वे अपने और विभाग की उपलब्धि मानते हैं।

वर्तमान कलेक्टर अवनीश शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि साल 2010 में प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में भी उन्होंने प्रोबेशन काल बिलासपुर में ही बिताया था। इसके बाद साल 2012 से 2014 तक वे बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर रहे।

प्रोत्साहन | ओपी जिंदल छात्रवृत्ति व सावित्री देवी जिंदल छात्रवृत्ति वितरण समारोह में कौशल्या देवी साय ने मुख्य अतिथि के तौर पर की शिरकत

जेएसपी फाउंडेशन ने मेधावी विद्यार्थियों को बांटी छात्रवृत्ति, पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी आर्थिक परेशानी

रायगढ़/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसपी फाउंडेशन द्वारा हर साल अंचल के विद्यार्थियों को ओपी जिंदल एवं सावित्री देवी जिंदल स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि 'प्रतिभा हर किसी में छिपी होती है। उसे अपनी मेहनत से तराशकर सामने लाने वाला ही जीवन में सफल होता है।' उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसपी फाउंडेशन द्वारा की जा रही पहल की सराहना की।

जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की सीएसआर इकाई जेएसपी फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष संयंत्र के आसपास के गांवों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इसके तहत छात्रों को श्री ओपी जिंदल छात्रवृत्ति तथा छात्राओं को सावित्री देवी जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के साथ ही इंजीनियरिंग, मेडिकल व व्यावसायिक शिक्षा हासिल कर रहे विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाता है। स्कॉलरशिप के लिए पात्र विद्यार्थियों का चयन परीक्षा के आधार पर किया जाता है। इस वर्ष जेएसपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित परीक्षा में 65 छात्रों और 55 छात्राओं सहित कुल 120 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। समारोह की मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन की शुरुआत श्री गणेश वंदना से की। उन्होंने छात्रवृत्ति हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जेएसपी फाउंडेशन द्वारा की गयी इस पहल से निश्चित रूप से ग्रामीण अंचल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'आधुनिक जीवनशैली में कई बार बच्चे दबाव और तनाव को खुद पर हावी होने देते हैं, जबकि भारतीय संस्कृति हमें हर तरह के तनाव से मुक्त होकर आगे बढ़ना सीखाती है। माता, पिता और शिक्षकों की भी इसमें अहम भूमिका है। उन्हें बच्चों के जीवन में सकारात्मक आदतों को बढ़ावा देना चाहिए।' श्रीमती साय ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनहित की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य के साथ पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। समारोह के विशिष्ट अतिथि जिंदल स्टील एंड पॉवर के कार्यपालन निदेषक पी.के. बीजू नायर ने कहा कि 'जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल एवं जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपी फाउंडेशन समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रमों में लाभार्थियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया समाज के लिए कुछ करने के हमारे जुनून को और भी बल देती है।' उन्होंने विश्वास दिलाया कि जेएसपी फाउंडेशन भविष्य में भी इसी तरह पूरी प्रतिबद्धता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता रहेगा। स्वागत उद्बोधन में सीएसआर विभाग के प्रमुख रोचक भारद्वाज ने बताया कि ओपी जिंदल छात्रवृत्ति एवं सावित्री देवी जिंदल छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष 17 शासकीय विद्यालयों एवं 7 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गयी। वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष यह छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है और अब तक 1750 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान की जा चुकी है। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक परेशानियों से मुक्त होकर अपनी पढ़ाई पूरी करने में मदद मिलती है। उन्होंने जेएसपी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक विकास के लिए चलायी जा रही अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

■ न्यूज गैलरी

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत कासोली में रोपे पौधे

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' को प्रोत्साहित किए जाने हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में आजको ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' अभियान एवं वृक्षारोपण का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम कासोली में विधायक श्री चैतराम अटामी जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को पानी की महत्ता जैसे स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरो में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन की जानकारी दी गई। मौके पर श्री अटामी ने अपने केरल प्रवास के दौरान वहा की महिलाओं के द्वारा की जा रही जल संरक्षण के प्रयास व प्राकृतिक स्त्रोतों से जल का उपयोग तथा जल प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा प्रत्येक घर में सभी महिलाओं को एक-एक पेड़ लगाने का आग्रह कर लगाये गये पौधे के ध्यान अपने बच्चें की भांति करने के लिए सुझाव दिया गया। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने कासोली ग्राम के सभी गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत गरम भोजन एवं अंडा प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र में आकर खाने की सलाह दी और जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सामुदायिक प्रयास को जरूरी बताया।

कांग्रेसियों ने किया बैज का स्वागत

धमतरी/नवप्रदेश। रायपुर से जगदलपुर जाते वक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अल्प प्रवास के दौरान पूर्व विधायक कुरुद के निवास पर रुके जहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। वहीं आगामी नगरी निकाय चुनाव पंचायत चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। पूर्व विधायक लेखराम साहू की भतीजी की शादी के पूर्व उन्हें शुभकामना प्रेषित की। पीसीसी अध्यक्ष का स्वागत करने वालो में पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, आलोक जाधव, लेखराम साहू, गोलू शर्मा, होरीलाल साहू, वसीम कुरैशी, कृष्णा मरकाम, राजेश पाण्डेय, आशुतोष खरे उपस्थित थे।

दो आदतन अपराधी जिला बदर

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के द्वारा गरियाबंद जिले के दो आदतन अपराधी अनावेदक मुन्न कुर्रे पिता स्व. हीराराम कुर्रे साकिन बकली थाना राजिम और अनावेदक नेतराम घृतलहरे पिता गोविंद घृतलहरे साकिन बरोण्डा थाना राजिम को जिला बदर की कार्यवाही हेतु जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रतिवेदन तैयार कर भेजा गया था। मुन्ना कुर्रे एवं नेतराम घृतलहरे दोनो आदतन अपराधी है। जो सम्पत्ती संबंधी अपराध व अन्य गंभीर किस्म के अपराध में सक्रिय रहता था। जो आये दिन थाना राजिम क्षेत्रांतर्गत अपने साथियों के साथ चोरी, गुण्डागर्दी, मारपीट, झगड़ा विवाद करता रहा था। अनावेदकों के विरूद्ध थाना राजिम में चोरी, हत्या के प्रसास, अवैध शस्त्र, मारपीट, जान से मारने की धमकी, महिलाओं के विरूद्ध लज्जा भंग के साथ कई मामले दर्ज किये गये है।

मुन्ना कुर्रे एवं नेतराम घृतलहरे के आचरण में सुधार लाने हेतु अनेक बार अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष इस्तगाशा तैयार कर पेश किये परंतु दोनो के आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी गरियाबंद के आदेश पर दोनों आदतन अपराधियों को दिनांक 15जुलाई 24 से मुन्ना कुर्रे को 3 माह और नेतराम घृतलहरे को 06 माह तक गरियाबंद तथा समीपवर्ती रायपुर, धमतरी, महासमुंद जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने एवं पुनः सीमाओं में बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के प्रवेश न करने हेतु निर्देश दिया गया है।

बोराई अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

■ **सिविल अस्पताल बोराई का निरीक्षण किया भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने**

नगरी/नवप्रदेश। घुटकेल में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में पहुँचे चार ग्राम पंचायत बोराई मैनपुर लिखमा घुटकेल के सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी के नेतृत्व में सिविल अस्पताल बोराई में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर शिविर का बहिष्कार करने नारेबाजी की। शुक्रवार को घुटकेल जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित एसडीएम नगरी, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी जिला धमतरी बीएमओ नगरी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी के समक्ष ग्राम पंचायत बोराई घुटकेल लिखमा मैनपुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में बोराई सिविल अस्पताल में डॉक्टर,102, रात में किसी भी डॉक्टर के अनुपस्थिति की समस्या सहित अनेक समस्याओं को लेकर नाराज ग्रामीणों ने 1 घंटे तक नारेबाजी की।

अस्पताल की समस्याओं को लेकर आवेदन कई बार दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने सिविल अस्पताल की समस्याओं के तत्काल निवारण की मांग की और निवारण नहीं होने पर शिविर के बहिष्कार की चेतावनी दी। शिविर में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और जिलाधीश को धमतरी से दूरभाष पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों की मांग और शिविर बहिष्कार के संबंध में जानकारी दी।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस अपने साथी बेलर गांव मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप महामंत्री मनोहर मानिकपुरी भाजपा कार्यकर्ता सुरेश नेताम गोलू मांडवी लोकेश मरकाम मोहित साहु दीपेश मानिकपुरी जालम पटेल सहित विभिन्न समाचार के प्रतिनिधियों के साथ सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में उपस्थित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीएमओ बोराई अस्पताल के चिकित्सकों से कहा कि आप आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने दे।

गीदम के मातृ शिशु अस्पताल में अब प्रसव और शिशु देखभाल यूनिट

■ **अब दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन से स्वास्थ्य विभाग दंतेवाड़ा द्वारा मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम में सी-सेक्शन प्रसव एवं शिशु देखभाल यूनिट का संचालन हेतु तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसकी सेवाएं जल्दी नागरिकों के लिए उपलब्ध होगी।

वर्तमान में उपरोक्त सुविधा केवल जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा में उपलब्ध है, जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के हितग्राहियों को तत्काल एवं नजदीक में उक्त सेवाएँ प्राप्त हो इसलिए मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम में सी-सेक्शन प्रसव एवं शिशु देखभाल यूनिट संचालन करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया था। अतः इस संबंध में सी-सेक्शन प्रसव एवं शिशु देखभाल यूनिट के संचालन तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि जटिल प्रसव स्थिति से जूझ रही गर्भवती महिलाओं के लिए ''सी-सेक्शन'' प्रक्रिया के तहत सुरक्षित प्रसव कराया जाता है। इस यूनिट के संचालन से निश्चित ही दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को गीदम में ही सुरक्षित प्रसव सुविधा का लाभ मिलेगा।

बच्चों को लुभा रहा आंगनबाड़ी केन्द्र गुदगुदा

धमतरी/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्र में जिस तरह से छोटे-छोटे बच्चे और गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य तथा मातृत्व शिक्षा सेवाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रदान करती है वास्तव में यह बड़ा सराहनीय कदम है। आंगनबाड़ी केंद्र एक सरकारी संगठन है जिसमें तीन से छै साल तक के बच्चों किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं, यही कारण है कि छोटे बच्चों के प्रतिमान से गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करते हैं। इन केंद्रों में बच्चों की आधारशिला को मजबूत बनाने के लिए राजा-रानी, दादा-दादी, नाना-नानी, बंदर मामा, चंदा मामा की कहानी सुनाना, बाल कविता के माध्यम से शिक्षा देना, खेल-खेल में शिक्षा जैसी अनेक मनोरंजन से संबंधित गतिविधियों को बच्चों के व्यवहार में शामिल करते हैं।

जिला मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर की दूरी में ग्राम पंचायत गुदगुदा स्थित है। वित्तीय वर्ष - 2021-22 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत राशि- 6 लाख 45 हजार रुपए एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अभिसरण मद की राशि- 1 लाख 45 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया। रचनात्मक दृष्टिकोण से देखें तो अन्य केंद्रों की अपेक्षा आंगनबाड़ी केंद्र गुदगुदा एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में कहानी को बयां कर रही है । इस आंगनबाड़ी में अब शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। इस आंगनबाड़ी केंद्र की खासियत यह है कि इसके दीवारों पर बने आकर्षक कार्टून बच्चों और पालकों को सम्मोहित करते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती-तारिणी साहू बताती हैं-बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और आकर्षक चित्रों से बने आंगनबाड़ी केंद्र ने नये रूप में बड़ा बदलाव ला दिया है। खेल-खेल में शिक्षा अ आ इ ई उ ऊ तथा बारह खड़ी की गिनती सीखते हैं। अब तो बच्चे के अभिभावक इस केंद्र में निश्चित होकर पढ़ने के लिए भेजते हैं क्योंकि यहां उन्हें उचित शिक्षा के साथ देखभाल किया जाता है।

कु. लालिमा निषाद की मां श्रीमती-सेवती निषाद बताती हैं-अपने साढ़े तीन वर्ष की बेटी लालिमा को हर रोज आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ने आती है। आंगनबाड़ी केंद्र को बच्चे का दूसरा घर कहती हैं। चांवल, दाल, हरी सब्जी, रेडी टू ईट का हलवा, पोहा मीनू अनुसार प्रति दिवस पौष्टिक आहार के रुप में देते हैं।

कु.काव्या यादव की मां श्रीमती-खिलेश्वरी यादव ने बताया कि-आंगनबाड़ी केंद्र में सुविधाएं बेहतर हुई है। इसलिए मेरे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र जाना बहुत पसंद करते हैं। ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम साहू ने बताया कि-आंगनबाड़ी केंद्र महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं महिला बाल विकास विभाग के अभिसरण से बनाया गया

जनसमस्या निवारण शिविर में बारिश से परेशानी

नगरी/नवप्रदेश। शुक्रवार को ग्राम घटुकेल में आयोजित जिला जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान 2 घंटे तक जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते शिविर में उपस्थित ग्रामीणों व कर्मचारी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा बारिश के मौसम में शिविर तो आयोजित की गई लेकिन स्थल पर बारिश से बचने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। ग्रामीणों ने कहा कि शासन प्रशासन जब इस प्रकार से शिविर का आयोजन करती है तो शिविर स्थल पर ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानियां न हो इसकी समुचित व्यवस्था करनी चाहिए क्योंकि बहुत मुश्किल से सिविल आयोजित होते हैं और बड़ी मुश्किलों से जिला स्तर के अधिकारियों से मुलाकात होती है और उसका भी लाभ अवस्थाओं की चलती ग्रामीणों को नहीं मिल पाया।

दंतेवाड़ा बनेगा छत्तीसगढ़ का पहला डिजिटल प्लेनेटोरियम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और पीपीआईए फेलो की अभिनव पहल से छत्तीसगढ़ का पहला डिजिटल प्लेनेटोरियम जिले में बनाया जा रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर-(एनसीएसएम) के द्वारा जिले के ग्राम कारली में स्थापना करने की योजना सफलतापूर्वक प्रारंभ हो चुकी है। गौरतलब है कि जिला दन्तेवाड़ा द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से विज्ञान संस्कृति संवर्धन योजना 2021 के अन्तर्गत तारामंडल हेतु सहायता का अनुरोध किया गया था। जिला दंतेवाड़ा में क्षेत्र श्रेणी (5 लाख से कम जनसंख्या) में पूर्ण वित्तीय सहायता (टाईप) की मांग प्रस्तावित की गई थी जिसे स्वीकृति मिल चुकी है।

इस संबंध में जिले के कई स्थलों का निरीक्षण (एनसीएसएम) टीम के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा डिजिटल प्लेनेटोरियम बनाने का उद्देश्य मुख्य रूप से विज्ञान और खगोल विज्ञान के प्रति जनता, विशेषकर बच्चों और युवाओं में रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। इसके संबंध में कई विषय शामिल है।जिनमें शैक्षिक विकास , वैज्ञानिक जागरूकता , सांस्कृतिक और सामाजिक विकास, ऑडियो-विजुअल और दिलचस्प प्रयोगों जैसे महत्वपूर्ण विषय के मद्देनजर रखा गया है। इस हेतु (एनसीएसएम) की टीम ने मुख्यालय में भ्रमण कर स्थल का चयन करके सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन तथा पीपीआईए फेलो दिव्या कुमारी से चर्चा कर तारामण्डल के संचालन, कार्यान्वयन रणनीति, तथा आवर्ती लागत के साथ-साथ निर्माण कार्य से जुड़ी गुणवत्ता पूर्व कार्य,संवाद,और तकनीकी कार्य से जुड़े मुद्दे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

राशनकार्ड में नाम जुड़वाने ग्रामीण जनपद कार्यालय में भटकने मजबूर

छुरिया/नवप्रदेश। छुरिया जनपद के ग्राम पंचायतों से राशनकार्ड नवीनीकरण व नाम जोड़ना व काटने की प्रक्रिया को गलत तरीक़े से किया जा रहा है,नियम से हितग्राहियों कोआवेदन ग्राम पंचायत में जमा करना है ,वहाँ सचिव का कार्य है वे संपूर्ण दस्तावेज पूरा कर जनपद कार्यालय में लाकर जमा करें। जानकारी के अनुसार बहुत से ग्राम पंचायत से राशनकार्ड हितग्राही नवीनीकरण नाम काटना जोड़ने वालेआवेदन पर सचिव सरपंच से साईन सील लगवा कर स्वयं सीधे जनपद कार्यालय छुरिया में पहुंच कर स्वंम जमा कर रहे हैं बकायदा उनकेआवेदन को संबंधित शाखा के बाबू द्वारा लिया भी जा रहा है, सीईओ के मार्किंग के आवेदन लेना अनेक सवालों को खड़ा करता है। जनपद कार्यालय के मुख्य कार्यपालनअधिकारी से मांग कि है, जनपद कार्यलय में इस तरह की अव्यवस्था ठीक करने का निर्देश दें और जो कर्मचारी दोषी है ,उस पर सक्त कार्यवाही करे ताकि शासकीय कार्य में कसावट आए।

वर्सन

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव छुरिया

- मैं संबंधित अधिकारी से इस विषय पर चर्चा कर हितग्राहियों की जो भी समस्या होगी उसे अतिशीघ्र दूर किया जाएगा।

पशुओं का टीकाकरण

■ **'पशु सखियों' ने पशुधन संरक्षण का उठाया जिम्मा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कृषि और पशुपालन ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का रीढ़ होते हैं पशुधनों का संवर्धन, समुचित रख-रखाव, उपचार प्रबंधन जितना बेहतर होगा। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति उतनी ही सुदृढ़ होगी। एक आम ग्रामीण के जीवन में पशुधन उसकी आर्थिक पृष्ठ भूमि में प्रभाव डालने वाला महत्वपूर्ण कारक है। पशुधन के अंतर्गत मुख्य रूप से गाय, बैल, भैंस पालन के अलावा मुर्गी पालन, बकरी पालन, शूकर पालन, डेयरी, बतख पालन को शामिल किया जाता है। जो पूर्व में भी ग्रामीण अंचल में आजीविका के स्त्रोत थे और आगे भी रहेगें। अतः वर्तमान में इनका वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके संवर्धन एवं संरक्षण जरूरी हो चला है और तो और ग्रामीण महिलाओं की दिनचर्या तो पशुओं की देखभाल और रखरखाव से ही प्रारंभ होती है।

कासोली में महा पौधा रोपण अभियान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में वन महोत्सव के तहत ग्राम देवगुड़ी में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में महा वृक्षा रोपण अभियान के शुरुआत की गयी। इस मौके डीआईजी कमलोचन कश्यप,जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसपी गौरव राय, एसडीएम जयंत नाहटा सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में विधायक एवं अन्य अधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों ने देवगुड़ी परिसर नरियल के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में ''एक पेड़ मॉ के नाम'' थीम पर पौधे लगाए जा रहे है। जिले में भी इसी अभियान के तारतम्य में भी हर एक आंगनबाड़ी केन्द्रों, आश्रम छात्रावासों, स्कूलों, घरों में भी पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित सवंर्धित किया जायेगा। आज ग्राम कासोली के हर घर में 5 पेड़ बांस, आम, कटहल, मुनगा, नारियल के पौधे लगाये जाने का संकल्प किया गया है। पौधे लगाए जाएंगे बल्कि इनकी निगरानी भी की जायेगी।

रेशम कीट पालन को प्रोत्साहित करने कृषि भूमि में लगाए जाएंगे अर्जुना के पौधे

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। रेशम कीट पालन में अर्जुना पौधे अनुकूल होते है इस देखते हुए वन अधिकार पट्टा धारी कृषकों को कोसा उत्पादन के क्षेत्र में प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले के एफआरए क्लस्टर ग्रामों में अर्जुना के पौधे लगाये जा रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत जांवगा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 7.5 एकड (3 हेक्टेयर) क्षेत्रफल में कुल 12300 अर्जुना के पौधे लगाए जाऐंगे। इस मानसून पौधरोपण पश्चात चौथे वर्ष से ही इन पौधों पर रेशम कीट पालन कार्य किया जा सकेगा। इसके अलावा भूमि पर पौधों के मध्य की भूमि के उपयोग हेतु अंतर फसल कार्य भी किया जा रहा है जिसमें हल्दी के कंद मुख्य रूप से लगाए जा रहे हैं।

योजना | जिला प्रशासन ने छात्रों को अतिरिक्त पोषण आहार देने के लिए राशि में की वृद्धि

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की थाली अब होगी पौष्टिकता से परिपूर्ण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। वर्तमान में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत् कक्षा 1ली से 8वीं तक अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के लिए मध्यान्ह भोजन हेतु शासन से मिलने वाली राशि प्राथमिक स्तर प्रति छात्र 5.69 एवं माध्यमिक स्तर प्रति छात्र 8.17 के मान से प्रति शाला दिवस को प्रदाय किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के मध्यान्ह भोजन को और गुणवत्ता पूर्ण, स्वास्थ्य वर्धक बनाने के लिए अतिरिक्त अनुदान राशि प्रदाय की जायेगी। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से इस हेतु अतिरिक्त पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु प्राथमिक स्तर प्रति छात्र 1.81 एवं माध्यमिक स्तर प्रति छात्र 1.82 की वृद्धि डीएमएफ मद से स्वीकृति प्रदाय किया गया है।

अब प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार हेतु स्वीकृति राशि के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली पूरक पोषण आहार का सप्ताह में एक दिन प्रत्येक शनिवार अंकुरित चना के साथ उबला अण्डा या खीर पूड़ी को साप्ताहिक मीनू चार्ट में सम्मिलित किया गया है। जिससे छात्रों को मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ अन्य पौष्टिक आहार प्राप्त होगे और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास बढ़ोतरी होगी।

जंगली सूअर के हमले से घायल व्यक्ति के इलाज में लापरवाही

■ **डाक्टर पर कार्यवाही नहीं**

छुरिया/नवप्रदेश। विगत दिनों छुरिया के ग्राम आटरा भकुर्रा के एक युवक पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया था। उसे घायल अवस्था में छुरिया सामुदायिक केन्द्र लाया गया था। जहाँ समय पर इलाज नहीं होने के कारण युवक की मृत्य हो गई। इसकी जानकारी पर खुज्जी विधानसभा विधायक भोलाराम साहू पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित खुज्जी के चंद्रिका डडसेना, मनीष जैन, संजय सिन्हा, कान्ता साहू ,टीकम साहू, जैसे भाजपा नेता ने भी सूअर कांड पर स्वास्थ अमले की लापरवाही के खिलाफ हल्ला बोला। आज तक मुआवजा राशि की घोषणा नहीं की गई है। जिले से सरकारी अमला छुरिया सामुदायिक केन्द्र पहुंचा। उनको बताया गया सूअर ने जिस व्यक्ति पर हमला किया था वह बुरी तरह घायल था। उसे किसी भी हाल में बचाया नहीं जा सकता था जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि जख्मी व्यक्ति होश में था स्वास्थ अमला समय पर उपचार करता तो उसे बचाया जा सकता था। सरकारी अमला लापरवाह स्वास्थ कर्मी कर कार्यवाही के बजाए उन्हें चलाकी से बचाने का रास्ता साफ कर मामले पर पर्दा डालने में कामयाब हो गए।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.158 अरब डॉलर के नए शिखर पर; सोना 250 रुपये महंगा

दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 5.158 अरब डॉलर बढ़कर 657.155 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे पहले के लगातार दो सप्ताह तक भंडार में गिरावट आई थी। 28 जुलाई?वाले सप्ताह में यह 1.713 अरब डॉलर घटकर 651.997 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 5 जुलाई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 4.228 अरब डॉलर बढ़कर 577.11 अरब डॉलर पहुंच गई।

सोने का भंडार भी 90.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 57.432 अरब डॉलर पहुंच गया। विशेष निकासी अधिकार 2.1 करोड़ बढ़कर 18.036 अरब डॉलर रहा। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का रिजर्व 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.578 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तीसरे सत्र भी तेजी रही। दिल्ली सराफा बाजार में 250 रुपये महंगा होकर 75,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि, चांदी 200 रुपये सस्ती होकर 94,300 रुपये प्रति किलोग्राम रही। कॉमेक्स पर सोना 2,401.8 डॉलर प्रति औंस रहा। नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा, देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना जरूरी है। इन चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। आने वाले कई वर्षों तक वृद्धि की यही रफ्तार बरकरार रहेगी। विरमानी ने कहा, निजी उपभोग खर्च में सुधार हो रहा है। अमेरिका में जैसे ही ब्याज दरें कम होने लगेंगी, भारत सहित उभरते बाजारों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ेगा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 फीसदी बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही की तुलना में शुद्ध मुनाफा 3.1 फीसदी घटा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा, पहली तिमाही में उसने 5,452 लोगों को नौकरी दी है। इससे उसके कर्मचारियों की संख्या 6,06,998 पहुंच गई। कंपनी ने एक रुपये के हर इक्विटी शेयर पर 10 रुपये अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है।

पाम तेल आयात जून में छह महीने के उच्च स्तर

आगामी त्योहारों के लिए रिफाइनरी कंपनियों की मजबूत मांग से जून, 2024 में भारत का पाम तेल आयात छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सूरजमुखी तेल आयात भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, जून में 7,86,134 टन पाम तेल आयात किया गया। यह मई की तुलना में तीन फीसदी ज्यादा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में सर्वाधिक आयात कियाथा। आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य तेल आयात भी 18 फीसदी बढ़कर 15.5 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। 2023-24 के पहले आठ महीने में खाद्य तेल आयात में 2 फीसदी गिरावट आई है।

प्रतिद्वंद्वियों के लिए मोबाइल भुगतान प्रणाली खोलेगा एपल

यूरोपीय संघ (ईयू) के एंटीट्रस्ट नियामकों ने कहा कि एपल अपनी टैप-एंड-गो मोबाइल भुगतान प्रणाली को प्रतिद्वंद्वियों के लिए खोलेगा। इससे 4 वर्ष की लंबी जांच खत्म हो जाएगी। आईफोन निर्माता पर उसके एक फैसले ने ईयू प्रतिस्पर्धा निगरानी संस्था को उसके व्यवसाय प्रथाओं की जांच करने से रोक दिया है।

भारत में डीमैट अकाउंट की संख्या जून में बढ़कर 16.2 करोड़ हुई

नई दिल्ली। देश में डीमैट अकाउंट की संख्या जून में 42 लाख बढ़कर 16.2 करोड़ हो गई है। जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।चालू वित्त वर्ष में औसत 34 लाख डीमैट अकाउंट हर महीने खोले गए हैं।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) की बाजार हिस्सेदारी (कुल डीमैट खातों की संख्या में) लगातार बढ़ती जा रही है।रिपोर्ट में बताया गया कि कुल डीमैट अकाउंट की संख्या के मामले में सालाना आधार पर नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) का मार्केट शेयर 4.3 प्रतिशत गिरा है।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एक्टिव क्लाइंट्स की संख्या में मासिक आधार पर 3.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और जून में यह 4.42 करोड़ हो गई है।मौजूदा समय में देश के पांच टॉप डिस्काउंट ब्रोकर के पास एनएसई के 64.4 प्रतिशत एक्टिव क्लाइंट्स हैं। यह आंकड़ा जून 2022 में 58.2 प्रतिशत था। ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जीरोधा के क्लाइंट बेस मासिक आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 77 लाख हो गया। हालांकि, उसका मार्केट शेयर 0.20 प्रतिशत गिरकर 17.3 प्रतिशत रह गया है। ग्रो के क्लाइंट बेस 5.4 प्रतिशत बढ़कर 1.09 करोड़ हो गया है। इसका मार्केट शेयर 0.55 प्रतिशत बढ़कर 24.7 प्रतिशत हो गया है। एंजेल वन के क्लाइंट बेस में 3.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।भारत में बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह आम जनता का शेयर बाजार की तरफ रुझान बढ़ना है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सूचकांक सेंसेक्स ने इस वर्ष की शुरुआत से अब तक निवेशकों को 10 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है।

औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई 4 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर (सीपीआई-आईडब्ल्यू) मई में गिरकर 4 महीने के निचले स्तर 3.86 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 4.42 प्रतिशत पर था। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई-आईडब्ल्यू) में इस वर्ष फरवरी से लगातार गिरावट आ रही है। अप्रैल में यह आंकड़ा 3.87 प्रतिशत पर था।

ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में 0.5 अंक बढ़कर 139.9 अंक हो गया है। अप्रैल 2024 में यह 139.4 अंक पर था। ईंधन और ऊर्जा सेगमेंट में कमी आई है और मई 2024 में यह गिरकर 149.5 अंक रह गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 152.8 अंक पर था। फूड और बेवरेज ग्रुप में ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में बढ़कर 145.2 अंक हो गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 143.4 अंक पर था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाले श्रम ब्यूरो की ओर से औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े को हर महीने संकलित किया जाता है। इसमें 88 महत्वपूर्ण इंडस्ट्रियल सेंटर्स के 317 मार्केट्स से डेटा एकत्रित किया जाता है। श्रम ब्यूरो की वेबसाइट के मुताबिक, सीपीआई-आईडब्ल्यू का इस्तेमाल केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पब्लिक और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और वेतन तय करने के लिए किया जाता है। यह देश में खुदरा बाजार की स्थिति बताने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे मासिक आधार पर संकलित किया जाता है।

एयर इंडिया विस्तारा मर्जर के 600 कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा

नई दिल्ली। एयर इंडिया विस्तारा मर्जर टाटा समूह अपने विमानन कारोबार को दुरुस्त करने के लिए अपनी एयरलाइंस कंपनियों के मर्जर की योजना पर काम रहा है। एयर इंडिया और विस्तारा के मर्जर की बात काफी समय से चल रही है। अब खबर है कि इस मर्जर इन दोनों एयरलाइंस के करीब 600 कर्मचारियों की नौकरी पर असर पड़ सकता है। हालांकि, उन्हें टाटा समूह और एयर इंडिया समूह के भीतर अन्य इकाइयों में रोजगार देने की कोशिशें की जाएंगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. बता दें कि घाटे में चल रही इन दोनों एयरलाइन कंपनियों का स्वामित्व टाटा समूह के पास है। इनके कर्मचारियों की संख्या कुल मिलाकर 23,000 से अधिक है।नॉन-फ्लाइंग कर्मचारियों की बढ़ सकती है मुसीबतविलय योजना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया और विस्तारा के मर्जर से इनके करीब 600 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। ये कर्मचारी नॉन-फ्लाइंग से संबंधित काम से जुड़े हैं।

स्विगी, जोमैटो, ओला, उबर जैसी कंपनियों के वर्कर्स के लिए झारखंड में बन रहा नया कानून

रांची। फूड डिलीवरी करने वालों से लेकर ऐप बेस्ड कंपनियों के लिए गाड़ियां चलाने वाले और इस नेचर के काम से जुड़े वर्कर्स के लिए झारखंड में कानून का ड्राफ्ट तैयार हो रहा है। ऐसे वर्कर्स को गिग वर्कर्स के रूप में जाना जाता है।

इस कानून का प्रस्ताव जुलाई महीने में ही कैबिनेट में लाने और उसके बाद राज्य विधानसभा के मानसून सेशन में पारित कराए जाने की तैयारी है। राज्य के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने यह जानकारी दी।प्रस्तावित कानून का नाम 'झारखंड प्लेटफार्म बेस्ड गिग वर्कर रजिस्ट्रेशन एंड वेलफेयर एक्ट 2024' रखा गया है। इसका लक्ष्य इंटरनेट और मोबाइल बेस्ड ऐप के जरिए संचालित कंपनियों के लिए काम करने वाले वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं और न्यूनतम मजदूरी से जुड़े प्रावधानों के दायरे में लाना है। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्कप्लेस और ड्यूटी के दौरान कर्मियों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

कानून का जो ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है, उसके अनुसार राज्य के सभी गिग वर्कर्स का सर्वे कराया जाएगा और इसके बाद उनका रजिस्ट्रेशन कराते हुए उन्हें यूनिक आईडी दी जाएगी। इस कानून के लागू होने के बाद इंप्लायर या वर्कर्स से काम लेने वाली थर्ड पार्टी एवं गिग वर्कर्स के बीच होने वाले कॉन्ट्रैक्ट के नियमों में पारदर्शिता होगी।गिग वर्कर्स को यह अधिकार होगा कि वे कभी भी कॉन्ट्रैक्ट को अपनी ओर से खत्म कर सके। कानून का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए अपीलीय प्राधिकरण और वेलफेयर का भी गठन होगा। यह भी प्रावधान किया जा रहा है कि सरकार इन वर्कर्स के लिए वेलफेयर कोष गठित करेगी। गिग वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन श्रम नियोजन विभाग के मंत्री होंगे। श्रम सचिव, आईटी सचिव, कल्याण सचिव, परिवहन सचिव, वित्त सचिव अन्य प्रमुख विभागों के पदाधिकारी सदस्य सचिव होंगे।बोर्ड के मेंबर का कार्यकाल तीन साल का होगा। बोर्ड समय-समय पर बैठक कर गिग वर्करों की समस्याओं व उसके निदान पर विचार करेगा।

खेल, मनोरंजन

एंडरसन ने क्रिकेट को कहा अलविदा

सचिन के बाद सबसे ज्यादा मैच खेले; कहा- इंग्लैंड के लिए खेलना बेस्ट जॉब

स्पोर्ट्स डेस्क। 41 साल की उम्र में इंग्लैंड के मुख्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 2002 में 20 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की। टेस्ट में 704 विकेट लिए, वनडे में 269 और टी-20 में 18...टोटल 991 विकेट। 21 साल तक इंग्लैंड की टीम की पेस गेंदबाजी की अगुआई की। आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में खेल रहे थे। मैच जीतने के बाद बालकनी पर आए, ग्राउंड में जमा सैकड़ों फैंस को खुशी का मौका दिया और इसके बाद कहा- इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलना दुनिया की बेस्ट जॉब है। और फिर अलविदा कह दिया। लॉर्ड्स के ड्रेसिंग रूम में मैच के बाद पूरी टीम मौजूद थी और पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भी। हुसैन ने एंडरसन से कहा कि आपने इंग्लैंड के लिए जो कुछ भी किया, वो शानदार था। हर चीज के लिए आपका शुक्रिया।

एंडरसन ने वनडे करियर की शुरुआत 2002 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की थी और आखिरी मैच अफगानिस्तान के खिलाफ 2015 में खेला था। टेस्ट करियर की शुरुआत 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ की थी और आज वेस्टइंडीज के खिला अपना आखिरी मैच खेला। टी-20 की शुरुआत 2007 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की थी और साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच 2009 में खेला। जेम्स एंडरसन ने 15 दिसंबर 2002 को 20 साल की उम्र में पहली बॉल डाली। ये मैच ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में खेला गया था। एंडरसन ने इस मैच में 6 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट को आउट किया था। वनडे में डेब्यू के एक साल के बाद एंडरसन ने टेस्ट डेब्यू किया। जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए इस मैच में एंडरसन ने 5 विकेट लिए। यह मैच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेला गया था।

एंडरसन ने टी-20 की शुरुआत 2007 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की थी। ये मैच ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खेला गया था। इस मैच में एंडरसन ने 1 विकेट लिया था। उन्होंने मैथ्यू हेडन को आउट किया था। जेम्स एंडरसन को बेन स्टोक्स ने मैच शुरू होने से पहले टीम लीड करने को कहा। यहां वो इमोशनल नजर आए। इस समय जेम्स की उपलब्धियों के बारे में बताया जा रहा था।

जिमी ने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया : सचिन

नईदिल्ली। इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे कॅरियर का समापन किया। इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने 'पुराने प्रतिद्वंद्वी' की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। एंडरसन (41 वर्ष) ने 188 टेस्ट में कुल 704 विकेट झटके हैं और 32 बार पांच विकेट हासिल करने का कारनामा किया। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया।' उन्होंने लिखा, 'आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।' तेंदुलकर ने 2013 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एंडरसन को पेशेवर क्रिकेट की भागदौड़ से दूर अपने परिवार के साथ समय बिताने की शुभकामनाएं दीं। तेंदुलकर ने लिखा, 'आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों के साथ शानदार जीवन की कामना करता हूं क्योंकि आप अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण स्पैल (परिवार के साथ समय बिताने के लिए) के लिए तैयार हो रहे हैं।'

उड़ारियां में शादी के सीक्वेंस की शूटिंग थकान भरी, लेकिन मजेदार: अदिति

टीवी के पॉपुलर शो उड़ारियां में शादी का सीक्वेंस चल रहा है। इसमें हानिया का किरदार निभा रही एक्ट्रेस अदिति भगत ने कहा कि शादी के सीक्वेंस की शूटिंग करना थकान भरा है, लेकिन बहुत मजेदार है। शादियां हमेशा मजेदार होती हैं और उड़ारियां में चल रहा शादी का सीक्वेंस भी इससे अलग नहीं है। अदिति ने कहा, असल जिंदगी में शादियां मजेदार होती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि जब आप शूटिंग कर रहे होते हैं तो यह अलग होता है। यह थोड़ा थकान भरा हो जाता है। इसमें बहुत सारे ड्रामा होते हैं, बहुत सारे लोग होते हैं, सजावट होती है और बाकी सब कुछ.. जिससे आपको निपटना होता है।

उन्होंने कहा, लेकिन यह फिर भी मजेदार है। इसमें डांस परफॉर्मेंस होती है, आपको ड्रेस अप करना होता है और ये सब चीजें होती हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह थकान भरा है, लेकिन मजेदार है।जब उनसे उनकी ड्रीम वेडिंग के बारे में पूछा गया, तो अदिति ने कहा, मैंने अभी तक इसके बारे में नहीं सोचा है, लेकिन मैं एक शो में 5 बार शादी कर चुकी हूं। मुझे लगता है कि मैं अभी जाकर कोर्ट मैरिज कर लूंगी। बस मजाक कर रही हूं।एक्ट्रेस ने कहा कि शादी के सीक्वेंस दर्शकों को बहुत पसंद आते हैं।उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि लोग शादी के सीक्वेंस से बहुत अच्छी तरह जुड़ सकते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि अपनी शादियों में या जिन शादियों में वे शामिल हुए हैं, उन्होंने कुछ देखा होगा, कुछ संबंधित मुद्दे और नाटक हो रहे होंगे। मुझे लगता है कि यह उन्हें एक्साइटेड करता है।उड़ारियां का निर्माण रवि दुबे और सरगुन मेहता ने अपने बैनर ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया है।

जोकोविच के पास फाइनल में अल्काराज़ से बदला चुकाने का मौका

लंदन। नोवाक जोकोविच शुक्रवार को रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले आठवें विंबलडन खिताब पर कब्जा करने से एक जीत के करीब पहुंच गए, जब उन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के सपने को सीधे सेटों में समाप्त कर दिया और फाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज से बदला लेने का मैच तय किया।

दूसरे वरीय सर्बियाई खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 22 वर्षीय इतालवी के खिलाफ 6-4, 7-6(2), 6-4 से जीत हासिल की और अब पिछले साल के फाइनल के ब्लॉकबस्टर रीमैच में अल्काराज से भिड़ेंगे जिसमें स्पैनियार्ड ने पांच सेटों में जीत हासिल की थी। अल्काराज इससे पहले अपने पिछले साल के सेमीफाइनल के रीमैच में रूस के दानिल मेदवेदेव पर 6-7(1), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत के साथ फाइनल में पहुंचे थे।शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले में, जोकोविच ने महत्वपूर्ण क्षणों में बढ़त बनाई और प्रभावशाली रक्षा और निरंतरता के साथ मुसेटी के कोर्ट कौशल को विफल कर दिया।इटालियन ने तीसरे सेट में 0/40, 3-5 से तीन मैच प्वाइंट गंवाए, इससे पहले जोकोविच ने एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और दो घंटे और 48 मिनट के बाद अपने 10वें विंबलडन फाइनल में पहुंच गए।अगर 37 वर्षीय सर्बियाई रविवार को रिकॉर्ड-25वीं बड़ी जीत हासिल करते हैं , तो वह विंबलडन इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बन जाएंगे।

जोकोविच,एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में अल्काराज़ से 3-2 से आगे हैं, उस हार का बदला लेने और रोजर फेडरर के रिकॉर्ड आठ विंबलडन ताज की बराबरी करने के लिए उत्सुक होंगे।

खिताबी मुकाबले से पहले सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि मौजूदा चैंपियन को हराने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने की जरूरत होगी। जोकोविच ने कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में वह एक महान उदाहरण हैं, जिनका जीवन कोर्ट के अंदर और बाहर काफी संतुलित है। उनके परिवार में बहुत अच्छे मूल्य हैं और उनमें काफी करिश्मा है।37 वर्षीय, जो रोजर फेडरर के आठ विंबलडन पुरुष एकल खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं, को लगता है कि अल्काराज अपने करियर में कई और ग्रैंड स्लैम जीतेंगे।वह इस खेल में हमारे द्वारा देखे गए सबसे महान 21-वर्षीय खिलाड़ियों में से एक है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम भविष्य में उससे बहुत कुछ देखेंगे। वह कई और ग्रैंड स्लैम जीतने जा रहा है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में ऐसा नहीं होगा। जोकोविच ने पिछले साल अल्काराज के खिलाफ फाइनल हार को याद किया और रविवार को एक और रोमांचक लड़ाई की उम्मीद की।जोकोविच ने कहा, वह पहले ही मुझे यहां रोमांचक पांच-सेटर में हरा चुका है। मुझे (रविवार को) उससे कम की उम्मीद नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में वह पूर्ण है। उसे हराने के लिए मुझे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता की आवश्यकता होगी।

प्राइम वीडियो पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बना मिर्जापुर-3

मिर्जापुर सीजन 3 पांच जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई। वहीं, अली फजल और पंकज त्रिपाठी अभिनीत इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है। यह अपने लॉन्च सप्ताहांत में स्ट्रीमिंग सेवा के लिए भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया है। तीसरे सीजन में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु जैसे कई कलाकार अपनी भूमिकाओं को दोहरा रहे हैं। सीरीज की लोकप्रियता से साबित होता है कि यह दर्शकों को कितनी पसंद आ रही है। इतना ही नहीं इसके चौथे भाग पर भी मुहर लग गया है। मिर्जापुर सीजन 3 अमेजन प्राइम वीडियो का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया है। इंस्टाग्राम पर, स्ट्रीमर के आधिकारिक अकाउंट ने घोषणा की, रिकॉर्ड तोड़ना तो अपना यूएसपी है। मिर्जापुर सीजन 3 आधिकारिक तौर पर लॉन्च सप्ताहांत पर भारत में प्राइम वीडियो पर अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो है। प्राइम पर इसे अभी देखें। मिर्जापुर के तीसरे सीजन को लॉन्च सप्ताहांत में 180 से अधिक देशों और भारत के 98 प्रतिशत पिन कोड पर दर्शकों ने देखा।

न्यूज गैलरी

तीर्थ यात्रा पर गये फौजी परिवार के सूने मकान से 1 लाख के गहने पार

रायपुर/नवप्रदेश। अब शहरों में नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी चोरों की धमक बढ़ गयी है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में तीर्थ यात्रा पर गये एक फौजी परिवार के सूने मकान का ताला तोड़ पुलिसिया मुल्याकन के अनुसार करीबन एक लाख रुपए कीमत के सोने - चांदी के गहने पार कर दिया गया है। यात्रा से लौटने के बाद चोरी की जानकारी मिलने व पतासाजी के असफल प्रयास के बाद मृत फौजी के पत्नी स्वर्गवासी किशन वर्मा की पत्नी विक्टोरिया द्वारा दर्ज करायी गयी प्रथम सूचना पत्र के अनुसार वह अपने अविवाहित पुत्र के साथ ग्राम टेकारी (कुंडा) में निवास करती है। बीते 2 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे वह परिवार के साथ उज्जैन तीर्थ यात्रा करने निकली व 10 जुलाई को दोपहर जब अपने पुत्र पवन के साथ टेकारी वापस लौटी तब चोरी का पता चला। चारदीवारी के गेट का ताला तो यथावत लगा था पर कोई अज्ञात व्यक्ति दीवार फांद मुख्य द्वार का ताला तोड़ घुस अंदर के कमरों सहित आलमारी का ताला तोड़ आलमारी में रखे सोना - चांदी के विभिन्न गहनों सहित साडिय़ां चोरी कर ले गया था। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सोने के गहनों में 3 तोला का एक जोड़ी कंगन, एक तोला का कान की खुटी, डेढ़ तोले का गले का चैन, एक फुली, 4 गोल दाना व 2 अंगूठी तथा चांदी के 35 तोले का 3 पैरी, साढ़े सत्रह तोले का 20 सिक्का व 2 बिछिया सहित 10 नग साड़ी की चोरी हुयी है। प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

दुकानों से 4 किलो पॉलीथिन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन 5 जोन स्वास्थ अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में लाखेनगर चौक और रायपुरा चौक के पास दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान 4 दुकानों से लगभग 4 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया और सम्बंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 1200 रूपये जुर्माना वसूला. प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती और जुर्माना की कार्यवाही आगे निरन्तर जारी रहेगी।

कबाड़ियों से 7 टन कबाड़ और 3 वाहन जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है, उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र कुमार मीना और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में कबाड़ का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर में चोरी छिपे कबाड़ का अवैध व्यापार किया जा रहा है, उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली थाना अंतर्गत राताखार से एक माजदा से पाँच टन कबाड़ चौकी मानिकपुर क्षेत्रंतार्गत रामनगर बाइपास रोड से एक पिकअप वाहन से कबाड़ तथा थाना कटघोरा से 3 क्विंटल कबाड़ कुल 7 टन कबाड़ कुल मशरूका क़ीमती लगभग 17 लाख रू को जब्त कर अलग-अलग थाना चौकी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही हैं।

ज्वेलर्स दुकान में चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द इलाके में प्रभुचंद ज्वेलर्स में लाखों की चोरी की घटना सीसीटीवी में सामने आई है। चड्डी बनियान गिरोह ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरी की घटना तीन जून की आधी रात को हुई थी. चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़ दिया और 10 लाख रुपये से अधिक के आभूषण लेकर फरार हो गए. घटना के छह माह बाद भी मुख्य चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है। आपको बता दें कि 4 जुलाई को रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान में धावा बोलकर 20 हजार रुपए नकद और 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। चोरी के सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर अर्धनग्न और एक पैंट और शर्ट पहने हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस को संदेह है कि चोर पैंटी वेस्ट गैंग के हो सकते हैं।

बीएससी नर्सिंग परीक्षा 14 जुलाई को

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग परीक्षा 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को सुबह 10 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में 2147 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 05 परीक्षा केंद्र 2201-शासकीय ईवीपीजी कॉलेज कोरबा, 2202-आईटी कॉलेज झगरहा, शासकीय 2203-मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, 2204-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा टी. पी. नगर, तथा 2202-श्री अग्रसेन महाविद्यालय दर्री रोड निर्मित हैं। परीक्षा में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है।

सीएम विष्णु देव साय ने दिए संकेत, कब से 500 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विस चुनाव में बीजेपी ने वादा किया था कि हम 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। इसके साथ ही लोगों को अन्य भी गारंटी दी थी। अब गारंटी को पूरा करने का वक्त आ गया है।

सरकार ने चुनाव के समय किए कुछ वादे को पूरा भी किया है। वहीं, सबसे अहम 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा था। चुनाव के छह महीने से अधिक बीत गए हैं। ऐसे में सस्ते सिलेंडर को लेकर लोगों की उम्मीदें बढने लगी हैं। बुधवार को रायपुर में बीजेपी की कार्यसमिति हुई है। कार्यसमिति में सीएम विष्णु देव साय ने 500 रुपए में सिलेंडर को लेकर बड़े संकेत दिए हैं।

बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में सीएम विष्णु देव साय ने बड़े संकेत दिए हैं। उन्होंने मीटिंग में बीजेपी कार्यकर्तों को संबोधित करते हुए कहा है कि हम छत्तीसगढ़ में जल्द ही लोगों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। हालांकि सीएम विष्णु देव साय ने इसे लेकर कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। इतना जरूर कह दिया है कि हम जल्द देंगे। ऐसे में अनुमान है कि सरकार इस साल ही गैस सिलेंडर देने की योजना शुरू कर सकती है। नई सरकार बनते ही राज्य की सरकार ने चुनाव से पहले महिलाओं से महतारी वंदन योजना की बात की थी।

विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना शुरू हो गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने में 1000-1000 रुपए मिलते हैं। इसी तरह से सरकार ने तेंदुपत्ता संग्राहकों से जो वादे किए थे, उसे भी पूरा कर दिया है। ऐसे में सस्ते गैस सिलेंडर का वादा भी एक बड़ा वादा है। सीएम ने खुद ही इसे लेकर संकेत दे दिए हैं कि जल्द ही इसे हम देंगे तो लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एमपी में लाडली बहनों को मिलते हैं 450 में गैस सिलेंडर

वहीं, मध्य प्रदेश की सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले ही लाडली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की शुरुआत की है। सरकार लाडली बहनों और उज्जवला योजना की लाभुक महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देती है। इस योजना की राशि सरकार सब्सिडी के रूप में देती है।

ट्रेनों की महिला चालकों के लिए अब इंजिन में शौचालय

बिलासपुर रेलवे जोन के 356 इंजिनों में लगा

रायपुर/नवप्रदेश। परिवहन की मुख्य धुरी भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है। संरक्षा के साथ यात्री एवं ग्राहकों की सेवा इसका मूलमंत्र है। भारतीय रेल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में चलने वाली यात्री एवं मालगाडिय़ों के संचालन का जिम्मा रनिंग स्टाफ के कंधो पर होता है। इनमें लोको पायलट, गार्ड की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान में युवाओं के बीच रेलवे में सेवा देने हेतु न केवल अत्यधिक क्रेज है, बल्कि समाज में लोको पायलट और गार्ड की नौकरी को अत्यंत ही सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। रेलवे प्रशासन भी लोको पायलटों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है।

इसी कड़ी में लोको पायलटों को गर्मी के दिनों में राहत दिलाने और आरामदायक स्थिति में उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान में 356 लोकोमोटिव कैब एसी से सुसज्जित हैं तथा अतिरिक्त 72 लोकोमोटिव बहुत जल्द ही वातानुकूलित किए जाने वाले हैं।

इसके साथ ही विशेष रूप महिला लोको पायलटों के लिए लोकोमोटिव कैब में संलग्न शौचालयों के मामले पर भी उचित ध्यान दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 151 महिलाएँ सेवारत हैं, इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 40 लोको में शौचालय (36 वाटर क्लोसेट प्रकार और 04 वाटरलेस प्रकार) उपलब्ध हैं। नए लोको में यह प्रावधान शुरू करने के लिए उत्पादन इकाइयाँ खरीद के अग्रिम चरण में हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रनिंग कैडर की रिक्तियों को भरने के लिए प्रतिबद्ध है। 3900 से अधिक सहायक लोको पायलट की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप देने एवं प्रशिक्षण समाप्त होने के तुरंत बाद उन्हें शामिल कर लिया जाएगा। पदोन्नति के मामले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पदोन्नति कैलेंडर का पालन करता है और पदोन्नति तय कार्यक्रम के अनुसार की जाती है। पिछले दो वर्षों में 900 से अधिक सहायक लोको पायलट को लोको पायलट (गुड्स) के रूप में पदोन्नत किया गया है। ट्रेनों के संरक्षित परिचालन के लिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की संख्या के बीच संतुलन होना चाहिए। इस महत्वपूर्ण सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति की जाती है।

किया आदेश- कहा, दी जा सकती है, जानकारी, लेकिन... दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रनिंग स्टाफ के लंबे समय तक काम करने के घंटों को कम करने के प्रयासों ने आशाजनक परिणाम दिखाए हैं। विस्तारित कार्य घंटों का प्रतिशत काफी कम हो गया है, जो इस संबंध में हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

आरडी तिवारी स्कूल अब पीएमयोजना में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर के आरडी तिवारी स्कूल को पीएम योजना में शामिल कर लिया गया है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की सीमा में आने वाले इस स्कूल को केंद्र सरकार की योजना में शामिल करवाने में पूर्व कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक राजेश मूणत की अहम भूमिका रही है।

मूणत ने बताया कि पीएम योजना में शामिल होने के बाद आरडी तिवारी स्कूल को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, स्मार्ट क्लासरूम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जाएगा, जो छात्रों के शिक्षा में सुधार लाएगा। मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़

में अब भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार होने का लाभ आमजनो को मिलना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत आरडी तिवारी स्कूल समेत 52 अन्य स्कूलों को शामिल कर लिया गया है। समग्र शिक्षा के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने इन स्कूलों के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। मूणत ने बताया कि पीएमयोजना के दायरे में आने वाले स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक टेक्नोलाजी के साथ अध्ययन-अध्यापन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां सौर पावर की सुविधा होगी। इनडोर गेम सुविधा, कैरियर गाइडेंस, एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। अधो संरचना के साथ आइसीटी स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी।

चातुर्मास 19 को

रायपुर/नवप्रदेश। जैन साधु-साध्वियों का चातुर्मास 19 जुलाई से शुरू हो रहा है।

इसके लिए देश के विभिन्न इलाकों से साधु-साध्वियां रायपुर की ओर विहार कर रहे हैं। राजधानी में इस बार एमजी रोड की दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी के सुधर्म जैन विहार, विवेकानंद नगर के श्रीसंभवनाथ जिनालय, पचपेड़ी नाका के पुजारी चेंबर, टैगोर नगर के श्रीलालगंगा पटवा भवन, न्यू राजेंद्र नगर में समता परिसर व श्रीमहावीर स्वामी जिनालय और देवेंद्र नगर देसाई भवन सेक्टर-4 में चातुर्मास हो रहा है।

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

लोहे की कीमतों में गिरावट, सस्ता हुआ सरिया

रायपुर/नवप्रदेश। भवन निर्माण का यह काफी अच्छा समय कहा जा सकता है। भवन निर्माण सामग्री बाजार इन दिनों मंदी के दौर से गुजर रहा है और बाहरी के साथ स्थानीय मांग भी गायब है। इसके चलते बीते 24 दिनों

में लोहा बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। इन 24 दिनों में सरिया 5000 रुपये टन सस्ता हो गया है। फैक्ट्रियों में सरिया 50,500 रुपये प्रति टन और रिटेल मार्केट में 54,000 रुपये प्रति टन बिका। इससे पहले 17 जून को सरिया रिटेल में 59 हजार रुपये प्रति टन तक बिक रहा था। सरिया की यह कीमत कोराना काल के दौरान थी।

सरिया कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और गिरावट के ही संकेत बने हुए है। स्टील उद्योगों की हालत इन दिनों काफी खराब है, एक ओर जहां कीमतों में लगातार गिरावट आ रही है, वहीं बिजली की बढ़ी हुई दरों के चलते इनकी उत्पादन लागत भी बढ़ गई है। सरिया के साथ ही सीमेंट की कीमतों में भी अभी स्थिरता है और रिटेल में 280 से 300 रुपये प्रति बैग बिक रही है। कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट की कीमतों में भी किसी भी प्रकार से तेजी की संभावना नहीं है। अभी बाजार किसी भी प्रकार से तेजी को सपोर्ट नहीं कर रहा है। भवन निर्माण सामग्री में गिरावट के कारण इन दिनों बिल्डर्स कंपनियां भी किसी भी प्रकार से अपने प्रोजेक्टों की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं कर रही है,बल्कि उपभोक्ताओं को रिझाने आफर की पेशकश कर रही है।

रेत हुई महंगी

रेत की कीमतों में हालांकि जबरदस्त तेजी आई है। साथ ही सप्लाई भी प्रभावित है। इन दिनों रेत 19 से 20 रुपये फुट बिक रही है। इसके साथ ही ईंट भी 7000-7500 रुपये (प्रति एक हजार) के हिसाब से बिक रहा है।

विवाह स्थल में हुई चोरी को 24 घंटे के भीतर सुलझा

कोरबा/नवप्रदेश। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है। उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू. बी. एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में शारदा विहार विवाह स्थल में हुए चोरी को 24 घंटे के भीतर सुलझाने में सफलता मिली है।

प्रार्थी रविकुमार यादव द्वारा चौकी मानिकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि शारदा विहार के सामुदायिक भवन में शादी कार्यक्रम स्थल से 10 जुलाई की दरमियानी रात को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर सोने, चाँदी के ज़ेवरात और नगदी रक़म लूट कर ले गये है, उक्त रिपोर्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मानिकपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज और घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के सहायता से घटना को अंजाम देने वाले विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर उसके मेमोरेंडम के आधार पर चोरी के संपत्ति को बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि सुदामा पाटले, मप्रआ स्मिता बेक, आर संजय रात्रे, गंगाराम डांडे और प्रदीप राठौर का विशेष योगदान रहा है।



चेंबर के 64 वर्ष के इतिहास में पहली बार इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक चेंबर सदस्य बने

इस उपलब्धि पर चेंबर कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गई केक सेरेमनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया

कि वर्तमान कार्यकाल में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक चेम्बर सदस्य बने हैं। चेंबर की इस नवीन उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज चेम्बर भवन में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया।

चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि आज का दिन बड़े हर्ष का दिन है यह हम सब का सौभाग्य है कि हम आज इस दिन के साक्षी बने हैं। चेंबर के 64 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार है कि इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक चेम्बर सदस्य जुड़े हैं। इसका संपूर्ण श्रेय हमारे चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी एवं समस्त चेम्बर कार्यकारिणी के साथ युवा, महिला,उद्योग, ट्रांसपोर्ट चेंबर एवं इकाई पदाधिकारियों को जाता है जिन्होंने अपने कर्तव्य का पूर्णतः निर्वहन करते हुए व्यापारी हित एवं जनहित में अपना योगदान दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22